www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:57 सूर्यास्त 6:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.6 न्यू | 17.08 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 21.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72426.64 |
| निफ्टी | 22040.70 |

सोना 62,400 चांदी 74,000

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

हिमाचल बजट 2024-25

धर्मशाला | रविवार, 18 फरवरी 2024 | 6 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 61 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

**58,444 करोड़ का बजट**

**2:32 घंटे का बजट भाषण**

**प्रत्येक 100 रुपए में से**

विकास कार्यों पर 28 | वेतन पर 25 | पेंशन पर 17 | 11 रुपए ब्याज भुगतान पर होंगे खर्च

ऋण चुकौती पर 9 | स्वायत्त संस्थानों को अनुदान पर 10 रुपए खर्च होंगे

# आत्मनिर्भर बनेगा हिमाचल

वित्त मंत्रालय का पोर्टफोलियो संभाल रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने हर वर्ग का ध्यान रखते हुए बजट में कई बड़ी घोषणाएं कीं। वह जहां राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना लाए तो वहीं, गाय के दूध पर एमएसपी 38 से बढ़ाकर 45 और भैंस के दूध पर एमएसपी 38 से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर करने की घोषणा की। इसके अलावा मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी 240 से बढ़ाकर 300 रुपए करने का ऐलान भी किया। इसके साथ ही प्रदेश में 860 किलोमीटर नई सड़कें बनाने और हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में कैंसर संस्थान की स्थापना करने की घोषणा की।

## कर्मचारियों को पहली अप्रैल से चार फीसदी महंगाई भत्ता

अरविंद शर्मा, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को 2024-25 के लिए 58,444 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट पेश किया। यह बजट कृषि क्षेत्र पर आधारित रहा और दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की।

सुक्खू ने कहा कि राज्य का राजकोषीय घाटा 10,784 करोड़ रुपए है, जो राज्य के घरेलू उत्पाद का 4.75 प्रतिशत है, जबकि वार्षिक बजट का आकार 58,444 करोड़ है। सुक्खू ने कहा कि प्रत्येक 100 रुपए में से 28 रुपए विकास कार्यों में, 25 रुपए वेतन पर, 17 रुपए पेंशन पर, 11 रुपए ब्याज भुगतान पर, नौ रुपए ऋण चुकौती पर और 10 रुपए स्वायत्त संस्थानों को अनुदान पर खर्च किए जाएंगे।

**राज्य का राजकोषीय घाटा 10,784 करोड़ रुपए**

उन्होंने एक अप्रैल 2024 से चार फीसदी महंगाई भत्ता देने की भी घोषणा की, जिससे राज्य के खजाने पर 580 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना की घोषणा की, जिसके तहत 36,000 किसानों यानी प्रत्येक पंचायत के 10 किसानों को प्राकृतिक खेती तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। सुक्खू ने कहा कि सेब पैकेजिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन पेश किए जाएंगे और बागवानी पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य बनाने के राज्य सरकार के संकल्प को दोहराया। (अनंत ज्ञान)



### मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाई



मुख्यमंत्री ने मनरेगा मजदूरों की दैनिक मजदूरी 60 रुपए बढ़ाकर 240 से 300 रुपए प्रतिदिन करने की घोषणा की।

### आपदा प्रभावित लोगों के लिए 4,500 करोड़ की घोषणा

**राज्य** सरकार ने पिछले साल के मानसून के बाद आपदा प्रभावित लोगों के लिए 4,500 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की घोषणा की और कहा कि केंद्र ने कोई विशेष पैकेज नहीं दिया है। हिमाचल के कुल कर्ज के लिए राज्य में पिछली भाजपा सरकार के वित्तीय प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया, जो कि 87,788 करोड़ है।

### डीजल बसें इलेक्ट्रिक में बदलेंगी

**सीएम** ने कहा कि 327 पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदला जाएगा और राज्य में वाहन स्क्रैप केंद्र स्थापित किए जाएंगे।




## स्वर्ण पदक जीतने पर मिलेंगे पांच करोड़



**ओलंपिक** में स्वर्ण जीतने पर तीन से पांच करोड़ व रजत जीतने पर तीन करोड़ दिए जाएंगे। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम में स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़ और कांस्य पदक जीतने पर खिलाड़ी को दो करोड़ रुपए मिलेंगे।

### राज्य के बाहर खेलने पर मिलेगा एएसी थ्री टायर किराया

**राज्य** से बाहर 200 किलोमीटर की दूरी तक खेल स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को एएसी थ्री टायर किराया और 200 किलोमीटर से अधिक दूरी के स्थानों पर जाने के लिए इकॉनोमी क्लास एयर फेयर दिया जाएगा। वहीं, सरकारी विभागों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विभिन्न पदों पर तीन प्रतिशत खेल कोटा के तहत सम्मिलित वर्तमान 43 खेलों की संख्या को बढ़ाया जाएगा।



### एशियाई खेलों में गोल्ड जीतने पर चार करोड़ रुपए

**एशियाई** खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर पुरस्कार राशि 50 लाख से बढ़ाकर चार करोड़, रजत जीतने पर 30 लाख से 2.50 करोड़ और कांस्य पदक हासिल करने पर 20 लाख से 1.50 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़, रजत जीतने पर दो करोड़ व कांस्य पद जीतने पर प्रदेश सरकार एक करोड़ रुपए देगी।

### खिलाड़ियों की मनी डाइट भी बढ़ाई

**प्रारंभिक** शिक्षा स्तर पर खेलों में भाग लेने पर 250 रुपए प्रतिदिन डाइट मनी दी जाएगी। वहीं, प्रदेश स्तर पर खेलने पर 400 रुपए प्रतिदिन डाइट मनी मिलेगी। राज्य से बाहर 500 रुपए प्रतिदिन डाइट मनी दी जाएगी। प्रदेश के खेल हॉस्टलों में रहने वाले खिलाड़ियों को 250 रुपए और 400 रुपए की डाइट मनी दी जाएगी।

### मुख्य बिंदु

1. आत्मनिर्भर हिमाचल
2. समृद्ध किसान हिमाचल
3. हरित और स्वच्छ हिमाचल
4. बिजली राज्य हिमाचल
5. पर्यटन राज्य हिमाचल
6. कुशल और दक्ष हिमाचल
7. स्वच्छ एवं शिक्षित हिमाचल
8. निवेशक मित्र हिमाचल
9. नशा मुक्त बनेगा हिमाचल
10. समृद्ध और संपन्न हिमाचल

**2026** तक हिमाचल को हरित राज्य बनाने का संकल्प दोहराया

### सात नई योजनाओं का ऐलान

**मुख्यमंत्री** ने सात नई योजनाओं की घोषणा की है। इनमें राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना, भेड़-बकरी पालक प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सुख आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना, अपना विद्यालय मेरा विद्यालय मेरा सम्मान और मुख्यमंत्री हरित विकास छात्रवृत्ति योजना शामिल हैं। इसके अलावा तीन नई नीतियां भी घोषित की गई हैं। इनमें औद्योगिक प्रोत्साहन व निवेश नीति, स्टार्ट अप नीति और हिमाचल प्रदेश माइंस एंड मिनरलर्स पॉलिसी शामिल हैं।

- हिमाचल प्रदेश में स्थापित की जाएंगी 17 नई मंडियां
- 12 जिलों में ऑटोमेटिक टेस्टिंग की सुविधा मिलेगी
- विधवा महिलाओं का बीमा प्रीमियम भरेगी सरकार।
- भेड़-बकरी पालक प्रोत्साहन योजना के तहत 10 करोड़ रुपए का प्रावधान

### मानदेय बढ़ाया

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 500 रुपए बढ़ोतरी
- आंगनबाड़ी सहायिकाओं को अब मिलेंगे 5500 रुपए प्रतिमाह
- आशा वर्कर्स के 300 और मिड-डे मील वर्कर्स का 500 रुपए बढ़ाया वेतन

**जलरक्षक शिक्षा विभाग के वेतन में 600 रुपए बढ़ोतरी**

- विधवा महिलाओं को घर बनाने के लिए तीन लाख देगी सरकार





- हिमाचल में प्लास्टिक बेस्ट के इस्तेमाल से बनेंगी सड़कें
- एसएमसी व कंप्यूटर शिक्षकों के मानदेय में 1900 रुपए की बढ़ोतरी
- कुल्लू के बिजली महादेव और मॉल के बीच 272 करोड़ से बनेगा 3.2 किलोमीटर रोप-वे



- वित्तीय वर्ष में छह हजार एनटीटी शिक्षक भर्ती होंगे।

- आयकर नहीं दे रहे सभी वृद्धों को मिलेगी मुफ्त चिकित्सा सुविधा।
- विधवाओं के 27 साल तक की आयु वाले बच्चों की शिक्षा खर्चा उठाएगी।
- विधवा, निराश्रित, तलाकशुदा और दिव्यांग माता-पिता के बच्चों को एक हजार रुपए देगी सरकार
- वृद्धावस्था, विधवा, एकल नारी, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी पेंशन के 40 हजार नए पात्र लाभार्थियों को सुख योजना में किया शामिल

### जिला परिषद अध्यक्ष और महापौर का मानदेय चार हजार रुपए बढ़ाया



**पंचायतीराज** संस्थाओं में जिला परिषद अध्यक्ष के मानदेय में 4000, उपाध्यक्ष 3000, जिला परिषद सदस्य 1300, अध्यक्ष पंचायत समिति 1900, पंचायत समिति उपाध्यक्ष को 1400, पंचायत समिति सदस्य को 1200, प्रधान को 1200 व उपप्रधान के मानदेय में 800 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि के साथ पंचायत सदस्य को प्रति बैठक मिलने वाले मानदेय में 250 रुपए की वृद्धि की है।
स्थानीय नगर निकायों में महापौर के मानदेय में 4000, नगर निगम उपमहापौर 3000, पार्षद नगर निगम 1400, अध्यक्ष नगर परिषद 1700, उपाध्यक्ष नगर परिषद 1400, पार्षद नगर परिषद 700 रुपए व प्रधान नगर पंचायत के मानदेय में 1400 रुपए, उपप्रधान नगर पंचायत के मानदेय में 1100 रुपए व नगर पंचायत सदस्य के मानदेय में 700 रुपए की वृद्धि की है।



- स्वास्थ्य के क्षेत्र को 3415 करोड़ रुपए प्रस्तावित
- 12 जिलों में ऑटोमेटिक टेस्टिंग की सुविधा मिलेगी

- मनरेगा मजदूरों की बढ़ाई दिहाड़ी।
- बागवानों के लिए 531 करोड़ रुपए किए प्रस्तावित।
- किसानों को एक साल में उपलब्ध करवाए जाएंगे आठ से 10 लाख पौधे।
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए शुरू की जाएगी राजीव गांधी स्टार्टअप योजना।
- जालीदार और कांटेदार तार लगाने के लिए किसानों को 10 करोड़।
- कंडाघाट में स्थापित होगा आदर्श नशा निवारण केंद्र।



- 36000 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य

## दूध पर एमएसपी तय करने वाला पहला राज्य बना हिमाचल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**बजट** में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैं एक अप्रैल 2024 से दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाता हूं। उन्होंनें गाय के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 38 से बढ़ाकर 45 रुपए और भैंस के दूध को 38 से 55 रुपए करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में दूध खरीद पर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किया गया है। देश में एमएसपी तय करने वाला हिमाचल प्रदेश एकमात्र पहला राज्य है।

उन्होंने कहा कि यदि किसान को खुले बाजार में दूध की अधिक कीमत मिलती है, तो वह इसे खुले बाजार में बेचने के लिए स्वतंत्र होगा। एक अप्रैल 2024 से दुग्ध उत्पादन समिति से एपीएमसी की ओर से ली जाने वाली फीस माफ की जाएगी। इससे समिति को लाभ पहुंचेगा।



गाय का दूध **45** | भैंस का दूध **55**

रुपए प्रति लीटर खरीदेगी सरकार

- हिमाचल में पशुपालकों की बल्ले-बल्ले
- गाय-भैंस के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाया


### दाड़लाघाट में खुलेगा कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र

**सोलन** के दाड़लाघाट में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि इसकी सहायता से कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। विशेषज्ञ की ओर से गंभीर पशु रोगों की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 44 मोबाइल वेटरनरी वैन ली गई है। यह सेवा वर्ष 2024 में पूर्ण रूप से आरंभ कर दी जाएगी। वैन में एक वेटरनरी डॉक्टर और एक फॉर्मेसिस्ट तैनात होगा।

### दुग्ध सहकारी समितियों की माफ होंगी देनदारियां

**सीएम** ने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

### वृद्ध आश्रमों और डे-बोर्डिंग स्कूलों में रूफ टॉप सोलर प्लांट होंगे स्थापित



**पेखुबेला** स्थित 32 मेगावॉट क्षमता वाले हिमाचल के सबसे बड़े सोलर पावर प्रोजेक्ट को मार्च 2024 तक के अंत तक पूरा किया जाएगा। ऊना में अघलोर स्थित 10 मेगावॉट क्षमता वाला सोलर पावर प्लांट जून 2024 बनाकर तैयार कर दिया। राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के अंतर्गत निजी भूमि पर 45 प्रतिशत उपदान पर 100 से 500 किलोवॉट तक के सोलर पैनल लगाने के कार्य में गति लाई जाएगी। निजी भूमि पर स्थापित होने वाली सौर ऊर्जा परियोजनाओं का पंजीकरण पूरे वर्ष के लिए खुला रखा जाएगा। प्रदेश के बाल एवं बालिका आश्रमों, वृद्ध आश्रमों और राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल में ग्रिड से जुड़े रूफ टॉप सोलर प्लांट और जल तापन प्रणाली स्थापित की जाएगी।



# बजट 2024-25








विधानसभा में बजट पेश करने जाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस विधायकों के साथ।

## लकी कार ऑल्टो से बजट पेश करने पहुंचे सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करने अपनी पुरानी ऑल्टो कार से विधानसभा पहुंचे। यह कार मुख्यमंत्री का सालों से साथ दे रही है। यह मुख्यमंत्री की लकी कार है। बतौर विधायक वह इसी कार से आवाजाही करते रहे हैं। जब वह विधायक थे तब भी खुद ही अपनी ऑल्टो कार में बिना ड्राइवर और निजी सुरक्षा अधिकारी के विधानसभा पहुंच जाते थे। इससे पहले भी बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अपनी पुरानी ऑल्टो कार से विधानसभा पहुंचे थे।




**8 नंबर सीएम के लिए है लक्की**

### पुरानी कार इस्तेमाल करने की वजह है खास

**मुख्यमंत्री** का अपनी पुरानी ऑल्टो कार इस्तेमाल करने की वजह भी बेहद खास है। मुख्यमंत्री की इस कार का नंबर (एचपी-55-2627) के जब अंतिम चार अंकों का जोड़ (2+6+2+7=17) किया जाता है, तो यह 17 बनता है। इसके अलावा जब 17 को आपस में जोड़ा जाता है, तो यह आठ बनता है और यही आठ मुख्यमंत्री का लकी नंबर भी है। मुख्यमंत्री जब अपनी सरकारी इलेक्ट्रिक गाड़ी से चलते हैं, तो उसे उसका नंबर भी 0008 ही है।

# 'अपना विद्यालय-मेरा विद्यालय-मेरा सम्मान' योजना से सुधरेगा शिक्षा ढांचा

## 850 शिक्षण संस्थान बनेंगे इंस्टिट्यूट ऑफ एक्सीलेंस, 6000 नर्सरी टीचर्स की होगी नियुक्तियां

**अनिल पंवार, शिमला**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने बजट में अपना विद्यालय-मेरा विद्यालय- मेरा सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने दावा किया कि इस योजना के चालू होने से प्रदेश में शिक्षा का ढांचा सुधरेगा। 850 शिक्षण संस्थानों को इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। प्रदेश में 6000 नर्सरी टीचर्स की नियुक्तियां की जाएंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नर्सरी अध्यापक बनने का मौका दिया जाएगा। उपमंडलाधिकारी प्राइमरी स्कूलों का महीने में एक दिन रिव्यू किया करेंगे। शिक्षण संस्थानों की वार्षिक रैंकिंग पर परफॉर्मेंस बेस्ड ग्रांट भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब शिक्षकों से गैर-शिक्षण कार्य नहीं करवाए जाएंगे। प्रदेश में शीघ्र ही पढ़ो हिमाचल जन अभियान शुरू किया जाएगा। 500 शिक्षण संस्थानों में युवाओं के लिए रीडिंग रूम स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक जिला, उपमंडल मुख्यालय तथा पंचायत स्तर पर एक आधुनिक पुस्तकालय और वाचनालय बनाने की घोषणा भी सीएम ने की। डाइट और एससीईआरटी सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल मैनेजमैंट एंड ट्रेनिंग का पुनर्गठन भी किया जाएगा। एक स्थान पर छात्र और छात्राओं के अलग-अलग स्कूलों और महाविद्यालय को मांग अनुसार को-एजुकेशन बनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास पर जोर



**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास पर विशेष जोर दिया है। राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस एंड डाटा साइंस) में बीटेक और डिप्लोमा कोर्स शुरू करने की घोषणा उन्होने की। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियर आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस एंड मशीन लर्निंग में डिप्लोमा कोर्स शुरू होंगे। राजकीय बहुतकनीकी हमीरपुर तथा तलवाड़ में कंप्यूटर इंजीनियरिंग एंड आईओटी में डिप्लोमा कोर्स शुरू किए जाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रगति नगर में सिविल इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक और डिप्लोमा कोर्स आरंभ होंगे। राजकीय बहुत तकनीकी जण्डौर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कक्षाएं शुरू करने की घोषणा भी सीएम ने की। श्रम विभाग के ईईएमआईएस पोर्टल पर इस वर्ष के अंत तक 20 लाख 87 हजार कामगारों को पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है।

### छात्रों को मिलेंगी पीने के पानी की बोतलें

**साढ़े** आठ लाख से अधिक छात्रों को पीने के पानी की बोतलें उपलब्ध करवाई जाएंगी। पांचवीं कक्षा से हिमाचल के इतिहास, संस्कृति, भारतीय संविधान, स्वास्थ्य, बेसिक हाइजीन और अन्य सामान्य ज्ञान के विषय अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल किए जाएंगे। सभी स्कूलों में खेलों तथा व्यायाम के लिए प्रतिदिन एक पीरियड अनिवार्य होगा। 500 बच्चों से अधिक वाले स्कूलों में स्वयं सहायता समूह को मिडडे मील के अंतर्गत भोजन बनाने और परोसने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। समग्र शिक्षा के तहत एक हजार 52 करोड़, स्टार प्रोजैक्ट के तहत 400 करोड़, पीएम उषा के तहत एक हजार करोड़ और पीएम श्री के लिए 477 करोड़ के अनुदान का प्रस्ताव भारत सरकार के विचाराधीन है। प्रथम चरण में पांच राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल बनाने की घोषणा भी सीएम ने की।

### कुफरी में स्काई वॉक ब्रिज और मोहल व बिजली महादेव के बीच बनेगा रोपवे

# राज्य में पर्यटन विकास को पंख लगाएंगे 16 हेलिपोर्ट

**जय ठाकुर, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट में पर्यटन पर खास फोकस किया है। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य में पर्यटन विकास के लिए 16 हेलिपोर्ट प्रस्तावित किए गए हैं, जो प्रदेश के पर्यटन को पंख लगाएंगे। प्रथम चरण में नौ हेलिपोर्ट का निर्माण किया जाएगा।



हमीरपुर में जसकोट, कांगड़ा में रक्कड़, पालमपुर, चंबा में सुलतानपुर, कुल्लू में आलू ग्राउंड, मनाली, किन्नौर में शारबों, लाहौल-स्पीति में जिस्पा, सिस्सू व रांगरिक में हेलिपोर्ट का निर्माण किया जाएगा। वहीं, कुफरी की हासन घाटी में स्काई वॉक ब्रिज का भी निर्माण किया जाएगा। नेचर पार्क मोहल व बिजली महादेव के बीच 3.2 किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ई-अनुदान पर मिलेंगे दस हजार परमिट

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम की डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने के बाद अब तक निगम के बेड़े में 110 इलेक्ट्रिक बसें और 50 इलेक्ट्रिक टैक्सी हो गई हैं। वर्ष 2024-25 के लिए 327 अतिरिक्त डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदला जाएगा। शुरुआती चरण में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में पांच रूटों पर ई-बसें चलाने के लिए प्रत्येक विधायक से प्राथमिकताएं मांगी गई हैं। राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 40 प्रतिशत अनुदान पर ई-टैक्सी चलाने के लिए 10 हजार परमिट दिए जाएंगे। वहीं, वर्ष 2024-25 में वन विभाग, एचआरटीसी एचपीटीडीसी और जीएडी के उपयोगी वाहन ई-व्हीकल में बदले जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों के लिए उठाए क्रांतिकारी कदम

**भारतीय** किसान संघ ने सरकार द्वारा किसानों और बागवानों के लिए बजट में किए गए प्रावधानों की सराहना की है। किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सोम देव शर्मा ने कहा कि गौवंश की रक्षा के लिए अनुदान को बढ़ाकर 1200 रुपए करना एक सराहनीय कदम हैं। उन्होंने कहा कि दूध के दामों को बढ़ाना और मक्की और गेंहू के समर्थन मुल्य में बढ़ोत्तरी एक स्वागत योग्य कदम हैं।

### आउटसोर्स कर्मियों के वेतन में वृद्धि का स्वागत

**मुख्यमंत्री** द्वारा पेश बजट में कर्मचारियों, पेंशनरों को चार फीसदी महंगाई भत्ते की किश्त व एरियर, लिव इन कैश मेट की घोषणा का कर्मचारी संघों ने स्वागत किया है। दिहाड़ी 400 रुपए करने, मनरेगा कामगारों की दिहाड़ी 300 रुपए करने, आउटसोर्स कर्मियों का वेतन 12000 रुपए, आंगनबाड़ी कर्मीयों के मानदेय में 500 रुपए बढ़ाने, कंपयूटर शिक्षकों वं एसएमसी शिक्षकों के वेतन में 1900 की वृद्धि का भी स्वागत किया है।

### बजट मजदूरों, कर्मचारियों की आकांक्षाओं के खिलाफ

**सीटू** प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम का कहना है कि हिमाचल सरकार का बजट मजदूरों कर्मचारियों की आकांक्षाओं के खिलाफ है। आत्मनिर्भर हिमाचल के दस मुख्य बिंदुओं की बात करने वाले बजट में मजदूरों कर्मचारियों की बात तक न करना ही बजट की दिशा को बताता है। सरकार के एजेंडे से मजदूर कर्मचारी गायब हैं।

# सुक्खू सरकार के दूसरे बजट ने लोगों को फिर से किया गुमराह: जयराम ठाकुर

## बोले- अबकी बार लोगों को ठगने में सफल नहीं होगी कांग्रेस सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने दूसरा बजट प्रस्तुत किया है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिस प्रकार से बजट में फिर से झूठ बोलने का प्रयत्न किया है। लोगों को गुमराह करने का प्रयत्न किया है। उन्होंने कहा कि अबकी बार इसमें वह सफल नहीं होंगे।

झूठ बोलने की ये सारी बातें बार-बार इस प्रकार से करना लोगों का भरोसा टूट चुका है, लोग विश्वास नहीं करेंगे, भरोसा नहीं करेंगे। सत्ता में आने से पहले झूठ बोला। जब सुक्खू ने घोषणा की उनमें से 95 प्रतिशत जो योजनाएं और वादे उन्होंने किए थे, पहले बजट में उनमें से कुछ काम हुआ ही नहीं और उसके बाद अभी हाल ही में इस बजट में जो मुख्यमंत्री फिर से झूठ बोलकर के लोगों को गुमराह करने की दिशा में प्रयत्न कर रहे हैं, क्योंकि उनको अच्छी तरह से मालूम है कि लोकसभा का चुनाव आने वाले समय में है तो लोकसभा के चुनाव से पहले फिर झूठ बोल करके आम जनमानस को गुमराह किया जाए।

### 14 महीने में लिया 14 हजार करोड़ का ऋण

**उन्होंने** कहा कि कांग्रेस सरकार जहां पूरा साल वह कोसते रहे हिमाचल प्रदेश में पूर्व सरकार को के भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने ऋण लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश में ऋण इस कदर लिया की तमाम रिकॉर्ड तोड़ दिए। 14 महीने में 14,000 करोड़ रुपए का ऋण लिया, जिसको उन्होंने खुद आज अपने बजट में स्वीकार किया।

# हिमाचल प्रदेश में स्थापित होंगी 17 नई मंडियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में 17 नई मंडियां स्थापित की जाएंगी। ये मंडियां सिरमौर के पांवटा साहिब, खैरी, घंडूरी और नौहराधार, कुल्लू में चैरीबिहाल, पतलीकूहल और खेगसू, मंडी में टकोली और कांगनी, कांगड़ा में जसूर, पासू तथा पालमपुर तथा सोलन में परवाणू, कुनिहार और वाकनाघाट मंडियों का उन्नयन होगा।

किसानों की सुविधा के लिए चैटबोट और एआई पर आधारित भू-अभिलेख, हेल्पडेस्क तथा किसानों के डाटाबेस सहित एक वेब आधारित कृषि पोर्टल और मोबाइल ऐप बनाया जाएगा। सब्जी उत्पादन के माध्यम से किसानों को उचित गुणवत्ता की पौध तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए एक हाइटेक सब्जी नर्सरी उत्पादन उत्कृष्टता केंद्र खोला जाएगा।

### लिंग बजट विवरण जीबीएस के तहत 4,72,710.00 लाख महिला-उन्मुख योजनाएं आवंटित

**शिमला।** लिंग-संवेदनशील कमजोरियों को दूर करने और लैंगिक समानता हासिल करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए लिंग बजट विवरण के अनुसार, 4,72,710.00 लाख महिला-उन्मुख योजनाएं आवंटित की हैं। वर्ष 2024-25 के लिए जेंडर बजट दस्तावेज में योजनाओं के लिए 3,06,452.85 लाख का प्रावधान किया जा रहा है।

## बजट की घोषणाएं





- गोवंश के लिए 1200 रुपए प्रति गोवंश अनुदान दिया जाएगा।
- 50 करोड़ रुपए की लागत से पुलिस कर्मचारियों को दी जाएगी आवासीय सुविधा।
- शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी की।
- अध्यक्ष को 10200, उपाध्यक्ष 8400, पार्षद को 4200 रुपए मिलेगा मानदेय।
- गेहूं को 40 रुपए और मक्की को 30 रुपए प्रति किलोग्राम मिलेगा न्यूनतम समर्थन मूल्य
- हिम गंगा योजना के अंतर्गत कांगड़ा के ढगवार में स्थापित होगा 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला दूग्ध उत्पाद प्लांट।
- कुफरी की हसन वैली में स्थापित होगा स्काई वॉक ब्रिज।
- किन्नौर-चंबा व लाहौल-स्पीति में स्थापित की जाएगी चार एंटी फ्रीज पेयजल योजनाएं।

**निराशा** | हिमाचल के विकास में सबसे बड़ा योगदान देने वाली इंडस्ट्री, बजट में फिर भी नहीं मिला कुछ

# उद्योग जगत को बजट में नया कुछ न मिलने से निराशा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने शनिवार को अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया। हिमाचल में औद्योगिक निवेश को बढ़ाना देने के लिए उद्योग जगत कई उम्मीदें लगाए बैठा था, लेकिन बजट में कोई खास तव्वजो न मिलने से इंडस्ट्री निराश नजर आ रही है।

औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए बजट में कोई खास राहत नहीं दी गई है और बढ़ाई गई बिजली शुल्क दर में छूट उन्हीं उद्योगों को दी गई है, जो औद्योगिक नीति 2019 के तहत आते हैं, जबकि बीबीएन की 90 फीसदी इंडस्ट्री पुरानी नीति के तहत चल रही है, जो इस छूट से वंचित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने बजट सुनाते हुए कहा कि उद्योग क्षेत्र का राज्य के विकास में बहुत बड़ा योगदान देता है। उनकी सरकार का प्रयास इस क्षेत्र को सर्वोत्तम ईको सिस्टम प्रदान करना है। पिछले साल की आपदा के दौरान उनकी सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर बहाली कार्य करने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने के उद्देश्य से बिजली शुल्क की दर बढ़ाई थी, लेकिन अब हालात सुधर चुके हैं और घोषणा करता हूं कि बढ़ा हुआ बिजली शुल्क उन उपभोक्ताओं द्वारा देय नहीं होगा, जिन्हें प्रदेश औद्योगिक नीति 2019 के प्रावधानों के अनुसार स्वीकार्य अवधि की समाप्ति तक बिजली शुल्क का भुगतान करने में छूट दी गई थी।

### एजीटी और सीजीसीआर को समाप्त करने की थी उम्मीद



**बीबीएनआईए** के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि औद्योगिक नीति 2019 के तहत आने वाले उद्योगों को तो बिजली शुल्क बढ़ोतरी में छूट दी गई है, लेकिन बाकी इंडस्ट्री को भी छूट की उम्मीद थी। वहीं, उद्योग एजीटी व सीजीसीआर को समाप्त और परिवहन लागत में सहायता की उम्मीद कर रहा था।

### बजट में पुरानी इंडस्ट्री की अनदेखी की: सिंगल



**हिमाचल** ड्रग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सतीश सिंगल का कहना है कि बजट से कई उम्मीदें थी लेकिन बजट में पुरानी इंडस्ट्री की अनदेखी की गई है। उन्होंने मांग उठाते हुए कहा कि सरकार को सभी इंडस्ट्री को बिजली शुल्क बढ़ोतरी में राहत दी जानी चाहिए न की सिर्फ नई इंडस्ट्री को। उन्होंने कहा कि तभी पुरानी इंडस्ट्री नया निवेश कर पाएगी।

### सभी इंडस्ट्रीज को मिलनी चाहिए बिजली शुल्क में छूट: सुमित



**फेडरेशन** ऑफ इंडस्ट्री के वाइस प्रेजिडेंट सुमित सिंगला का कहना है कि सभी इंडस्ट्री को बिजली शुल्क में छूट मिलनी चाहिए क्योंकि 90 फीसदी इंडस्ट्री पुरानी है। उन्होंने कहा कि सरकार को औद्योगिक निवेश रोकने के लिए पैकेज देने की जरूरत है तभी उत्तर प्रदेश व जम्मू को पलायन होने वाले निवेश को रोका जा सकता है।

### नया कुछ नहीं दिया: राजीव सिंगला




**हिमाचल** स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन के महासचिव राजीव सिंगला का कहना है कि औद्योगिक नीति 2019 के तहत आने वाले उद्योगों को छूट मिली है जिससे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को अन्य रियायतों के बारे में भी सोचना चाहिए ताकि इंडस्ट्री नया निवेश कर सके जिससे सरकार को भी राजस्व मिलेगा।

### सुक्खू सरकार का बजट संतुलित

**गगरेट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुलदीप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट संतुलित एवं नयापन लेकर आने वाला बजट करार दिया है। बजट से मुख्यमंत्री ने राजनीतिक दलों को भी यह संदेश दिया है कि राज्य पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाली मुफ्त की रेवड़ियां बांटे बिना भी ज्यादातर वर्गों को खुश किया जा सकता है। कोई नया टैक्स लगाए बिना राज्य का राजकोषीय घाटा घटाने वाला यह बजट अविस्मरणीय है। बजट में यह झलक भी मिली है कि प्रदेश सरकार चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने में संजीदा है। पिछले साल की तुलना में इस साल राजकोषीय घाटा करीब-करीब एक हजार करोड़ रुपए कम हुआ है और राजस्व में वृद्धि हुई है, जो कि पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए किसी शुभ संकेत से कम नहीं है।



# बजट 2024-25





## सुक्खू सरकार झूठी योजनाओं के सहारे



**घुमारवीं।** सुक्खू सरकार झूठी योजनाओं और झूठे आंकड़ों के सहारे आने वाले लोकसभा चुनावों को जीतने का अंतिम व असफल प्रयास कर रही है। प्रदेश की जनता को एक बार पुनः इस बजट से निराशा ही हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ सत्ता में आई सुक्खू सरकार के इस बजट में व्यवस्था परिवर्तन की कोई झलक और जिक्र नहीं है। बजट के बारे में इतना ही कहा जा सकता है कि अधिकारियों ने जो पट कथा लिखी थी, मुख्यमंत्री ने उसको पढ़ने की एक रस्म अदायगी कर दी है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि जिन झूठी गारंटियों के सहारे सुक्खू सरकार सत्ता में आई थी उनको पूरा करने की योजना और नीति इस बजट में नहीं है।

**महेंद्र धर्माणी, भाजपा प्रवक्ता।**

## एनआर ठाकुर ने बजट को बताया निराशाजनक



**मंडी।** कर्मचारियों और पेंशनरों को इस बजट से काफी उम्मीद थी, लेकिन निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने कहा कि पे कमीशन के बकाया का भुगतान करने में बहुत देरी हो चुकी है और अब यह कहना कि मार्च से चरणबद्ध तरीके से भुगतान होगा काफी निराश करने वाली बात है। कोई भी समय अवधि तय नहीं की गई है कि यह भुगतान कब तक होगा। पेंशनरों का 15 लाख से 60 लाख का एरियर अब तक नहीं दिया गया, जिसके चलते उन्हें दस हजार से 40 हजार रुपए का हर महीने ब्याज का ही आर्थिक नुकसान हो रहा है, मूल राशि की बात तो अलग है। 2016 से देय यह लाभ आज टुकड़ों में मिलते देखकर भारी दुख होता है।

**एनआर ठाकुर, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष।**


## बजट से किसानों-बागवानों को मिली राहत



**बंगाणा।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा पेश किया गया दूसरा बजट हर वर्ग का हितैषी है और मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच से तैयार किए गए बजट में राज्य के हर वर्ग, सरकारी गैर सरकारी पंचायत प्रतिनिधियों एवं किसानों-बागवानों की जो पुरानी मांगें थीं उन्हें पूरा करके बजट में राहत देने का काम किया है। विधायक भुट्टो ने कहा कि बजट पेश करने से पहले सीएम सुक्खू ने आपदा में जान गंवाने वालों को किया याद करके फिर लाहौल-स्पीति की महिलाओं को इसी महीने से 1500 पेंशन देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत 27 साल तक की विधवा के बच्चों (जिनकी वार्षिक आय एक लाख से कम होगी) की शिक्षा का खर्च सरकार वहन करेगी।

**देवेंद्र कुमार भुट्टो, विधायक कुटलैहड़।**

## विकासोन्मुखी और जनहितैषी है सरकार का बजट



**सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश बजट विकासोन्मुखी एवं जनहितैषी है। बजट में न केवल सभी वर्गों की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया गया है, अपितु यह भी सुनिश्चित बनाया गया है कि प्रदेश के विकास के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध हो। इस बजट में अर्की विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति सुनिश्चित बनाई गई है। सोलन जिले के परवाणू, कुनिहार और वाकनाघाट में स्थापित सब्जी मंडियों के उन्नयन की घोषणा से पूरे जिला सहित आसपास के जिलों के किसान भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सब्जी मंडियों के डिजिटिकरण से किसानों को सही समय पर अपने उत्पाद का मूल्य मिलने में सहायता होगी।

**संजय अवस्थी, सीपीएस अर्की।**

## पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाना सराहनीय



**मंडी।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट एक अच्छा बजट है। इस बजट में पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकायों के चुने हुए प्रतिनिधियों के मानदेय में उचित बढ़ौतरी करके मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने व्यवस्था परिवर्तन का परिचय दिया है। पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों को जब उचित मानदेय मिलेगा तो वे ज्यादा समय देकर और ईमानदारी पूर्वक अपना कर्तव्य का निर्वहन कर पाएंगे।

**विजेंद्र चंदेल**
**पंचायतीराज महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष**

## प्रदेश सरकार का बजट अतुलनीय: संदीप सांख्यान



**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार का बजट अतुलनीय है। इस बजट में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाए जाने की पहल है, वहीं राजकोषीय घाटा कम करने पर जोर भी दिया गया है और प्रदेश का राजस्व बढ़ाने के लिए भी उम्दा प्रयास किए गए हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि इस बजट में युवाओं के रोजगार बढ़ाने पर विशेष महत्व दिया गया है। इस बजट में प्रदेश में पर्यटन, शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने, किसानों और मजदूरों के आय के साधन बढ़ाने के प्रयास भी साफ दिखाई देते हैं। इस बजट में महिलाओं, एकल नारी योजनाओं, बेसहारा बच्चों के लिए नई योजनाओं का सृजन होगा। यह पहली सरकार बनी है, जिसने दूध का समर्थन मूल्य तय करके किसानों को लाभान्वित किया है।

**संदीप सांख्यान**
**वरिष्ठ प्रवक्ता हमीरपुर संसदीय क्षेत्र।**

## ऊंची दुकान-फीका पकवान जैसा ही साबित हुआ बजट



**बिलासपुर।** बजट आने वाले वर्षों के साथ ही सरकार के घोषणा पत्र की रूपरेखा तय करता है, लेकिन यह ऊंची दुकान-फीका पकवान जैसा ही साबित हुआ। इसका प्रचार किसी बड़े अखाड़े के दंगल की तरह किया गया था, लेकिन यह छोटे बच्चों की कुश्ती जैसा ही निकला। एक साल में एक लाख युवाओं को रोजगार की गारंटी देने वाली इस सरकार की असलियत यह है कि राजीव गांधी रोजगार योजना के तहत आवेदन करने वाले 222 बेरोजगारों में से अभी एक भी युवा को नौकरी नहीं मिली है। मुख्यमंत्री 20 हजार पदों के लिए इसी माह विज्ञापन जारी करने की बात ज़रूर कर रहे हैं, लेकिन आने वाले दिनों में आचार संहिता लागू हो जाने का बहाना बनाकर इससे भी पल्लू झाड़ लिया जाएगा। अप्रैल-मई में इम्तिहान होने वाले हैं। उसके परिणाम निश्चित तौर पर सरकार की आंखें खोल देंगे।

**जीतराम कटवाल**
**विधायक झंडुता।**

## बजट भविष्योन्मुखी होने के साथ लोकलुभावन



**धर्मशाला।** हिमाचल सरकार का बजट अति उदार ढंग से बनाया गया बजट है। इसमें समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने की कोशिश हुई है। बजट में किसानों, महिलाओं तथा पर्यावरण का खास ध्यान रखा गया है। एक तरह से यह बजट भविष्योन्मुखी होने के साथ लोकलुभावन है तथा आने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया प्रतीत होता है। बजट अच्छा है, बशर्ते इसमें की गई घोषणाओं को पूरा करने के पर्याप्त वित्तीय संसाधन जुटाए जाएं, ताकि राज्य की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। वहीं, बजट में आयुष विभाग, भाषा तथा संस्कृति विभाग व होमगार्ड विभागों की अनदेखी हुई नजर आती है। मंडी, बिलासपुर, किन्नौर तथा पांगी-भरमौर क्षेत्रों के लिए किसी विशेष योजना के प्रावधान की कमी भी नजर आती है।

**कृष्ण चंद शर्मा,**
**पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त, हिप्र**

# कर्मचारियों सहित हर वर्ग को तोहफा

## लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस सरकार का दूसरा बजट पेश

**12** हजार रुपए प्रतिमाह न्यूनतम अब आउटसोर्स कर्मियों को

**10** हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा महीना

**75** सौ पंचायत वेटरनरी असिस्टेंट को महीना मिलेंगे अब

**500** रुपए एसपीओ को प्रतिमाह बढ़ोतरी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



लोकसभा चुनाव से पहले सुक्खू सरकार ने कर्मचारी सहित हर वर्ग को तोहफे दिए हैं। सरकार ने कर्मचारी, पैरा वर्कर्स, मनरेगा कामगार व पंचायतीराज संस्थाओं सहित अन्य के मानदेय में बढ़ोतरी की है।

अब दिहाड़ीदारों को 25 रुपए बढ़ोतरी के साथ 400 रुपए प्रतिदिन दिहाड़ी मिलेगी। आउटसोर्स कर्मियों को अब न्यूनतम 12,000 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। पंचायत वेटरनरी असिस्टेंट को मिलने वाले 7000 रुपए प्रतिमाह को बढ़ाकर 7500 किया जाएगा। वहीं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अब 10000 रुपए मासिक, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 7000 रुपए, सहायिका को 5500, आशा वर्कर 5500, मिड-डे मील वर्कर्ज 4,500 जलवाहक शिक्षा विभाग 5000, जल रक्षक 5300, जल शक्ति विभाग के बहु-उद्देश्यीय कार्यकर्ता को 5000, पैरा फिटर तथा पंप ऑपरेटर 6300, दिहाड़ीदारों को 25 रुपए बढ़ौतरी के साथ 400 रुपए प्रतिदिन दिहाड़ी, पंचायत चौकीदार को 8000, राजस्व चौकीदार को 5800, राजस्व लंबरदार 4200 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। इसके साथ सिलाई अध्यापिकाओं के मानदेय में 500, एसएमसी अध्यापकों के मानदेय में 1900, आईटी शिक्षकों को 1900, एसपीओ को 500 रुपए प्रतिमाह बढ़ोतरी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश में 75 लघु सिंचाई योजनाओं से लहलहाएंगे किसानों के खेत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में 75 लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण होगा, जिससे किसानों की खेती लहलहाएगी। लगभग 1200 हेक्टेयर क्षेत्र में उपोष्णकटिबंधीय फलों के उच्च घनत्व वृक्षों का रोपण कार्य किया जाएगा। इसमें 80 कृषक समूहों के लगभग 6500 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। 12 करोड़ रूपए की लागत से एक बागवानी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी, जोकि गुणवत्ता, कौशल, पर्यटन तथा बाजार संबंधित सभी आवश्यकताओं के लिए वन स्टॉप रिसोर्स सेंटर के रूप में कार्य करेगा।



राज्य के अत्याधुनिक उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में फल प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जाएगी। 5 करोड़ रूपए की लागत से अमरूद, नींबू तथा अन्यउपोष्णकटिबंधीय फलों को बढ़ावा देने के लिए मदर ट्रीध्बडवुड बैंक के लिए फाउंडेशन ब्लॉक की स्थापना की जाएगी। बागवानी क्षेत्र के लिए 531 करोड़ रूपए का बजट प्रस्तावित है।

### मछुआरों को मिलेगा उपदान

**20** हेक्टेयर क्षेत्र में नए मत्स्य पालन तालाबों के निर्माण के लिए मछुआरों को 80 प्रतिशत उपदान पर आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिला हमीरपुर में उत्कृष्टता का केंद्र के रूप में एक नए कार्प मछली फार्म की स्थापना की जाएगी। नालागढ़ स्थित मछली बीज फार्म में पांच करोड़ रुपए की लागत से ब्रूडबैंक की स्थापना की जाएगी। प्रदेश के मछुआरों को मोटरसाइकिल, थ्री-व्हीलर तथा आइस बॉक्स् उपदान पर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### पौंग डैम के विकास को बनेगा मास्टर प्लान



**स्वदेश** दर्शन के अंतर्गत पौंग डैम के विकास और प्रबंधन के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। वहीं, लाहौलस्पीति में चंद्रताल, काजा और तांदी सहित किन्नौर के रकछम नाको चांगो खाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

### 2061 वन बीटों में एक-एक वन मित्र होगा तैनात

**सभी** 2061 वन बीटों में एक-एक वन मित्र की नियुक्ति की जाएगी। वन विभाग में वन रक्षक 100 रिक्त पदों को भरा जाएगा। भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि को 3000 से बढ़ाकर 5000 रुपए किया गया।

### तीन लाख रुपए से कम आय वालों को 363 मकान किए जाएंगे आवंटित



**नगर** निगम धर्मशाला, सोलन और शिमला और नगर परिषद नालागढ़ और परवाणू में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित ऐसे व्यक्तियों को 363 मकान आवंटित किए जाएंगे। जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है। मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत ऐसे सभी लाभार्थियों को गृह निर्माण के लिए दी जा रही डेढ़ लाख रुपए की राशि को बढ़ाकर तीन लाख रुपए करने की घोषणा की गई। मनरेगा दिहाड़ी में 60 रुपए की बढ़ौतरी की गई है।

### विधायक ऐच्छिक निधि 175 करोड़ से बढ़ाकर 195 करोड़ रुपए की

**विधायक** प्राथमिकताओं के वित्तीय पोषण की वर्तमान सीमा को 175 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 195 करोड़ रूपए किया गया है। विधायक ऐच्छिक निधि को 13 लाख रुपये से बढ़ाकर 14 लाख रूपए प्रति विधानसभा क्षेत्र कर दिया जाएगा। विधायक क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत प्रति विधान सभा क्षेत्र राशि 2. 20 करोड़ रूपए की गई। 2024-25 में एक हजार करोड़ रूपए उन कार्यों पर खर्च किए जाएंगे जो पूरा होने के करीब हैं।

### परिवहन विभाग के लिए यह रहेगा खास



**शिमला।** आगामी समय में धार्मिक स्थलों के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। वर्ष 2024-25 में वाहन स्क्रैप नीति के तहत प्रदेश के सभी जिलों में व्हीकल स्क्रैपिंग फेसिलिटी सेंटर की स्थापना जी जाएगी। 2024-25 में ऑटोमेटिड टेस्टिंग सेंटर के माध्यम से सभी वाहनों की फिटनैस अनिवार्य की जाएगी ताकि वाहनों को फिट डिक्लेयर करने में मानवीय गलती न हो। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर ऑनलाइन चालान के लिए विभागिय अधिकारियों को ई-चालान और ई-पॉस मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी। सभी परिवहन बैरियर पर ऑटोमेटिड नंबर प्लेट रिकोगनाइजेशन और क्लोज सर्किट टेलीविजन कैमरा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे कर चोरी को समाप्त किया जा सके। इस प्रणाली की सहायाता से ट्रैफिक को भी सुचारू रूप से संचालित करने में सहायता मिलेगी।

### पुलिस कर्मियों की डाइट मनी बढ़ाकर 1000 रुपए



**पुलिस** कर्मियों की डाइट मनी बढ़ाकर 1000 रुपए की गई। सभी वाहनों की फिटनेस स्वचालित परीक्षण केंद्र के माध्यम से अनिवार्य होगी। बगलामुखी रोपवे का निर्माण कार्य पूरा करके इसी वर्ष में इसे प्रदेश की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। दस वन मंडलों में लगभग 13 हजार खैर के पेड़ काटने की योजना है। इससे प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी। माननीय न्यायालय अनुमति के से चीड़ के पेड़ काटने की अनुमति के लिए भी याचिका दायर करेगी। इससे अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने के साथ-साथ ईको सिस्टम की गुणवत्ता भी सुधरेगी। निरमंड, कुनिहार और उबादेश (कोटखाई), छोटा भंगाल तथा कांगड़ा के चैराह घाटी में अग्निशमन इकाईयां खुलेंगी।

### मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना की शुरुआत

**शिमला।** प्रदेश की विधवाओं के 27 साल तक की आयु वाले बच्चों जिनकी सभी स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख से कम हो, की शिक्षा पर होने वाला व्यय प्रदेश सरकार वहन करेगी। इन बच्चों को मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, एनआईटी, आईआईएम, आईआईटी, नर्सिंग में ग्रेजुएशन और पोस्टग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलने पर यह सुविधा प्रदान की जाएगी। विधावा निराश्रित और तलाकशुदा और अक्षम माता-पिता के सभी पात्र बच्चों के आरडी खाते में 18 वर्ष की आयु तक एक हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। सभी पात्र महिलाओं के स्वास्थ्य बीमा का वार्षिक प्रीमियम राज्य सरकार वहन करेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रदेश में स्कूली स्तर पर पांच प्लस तीन, तीन प्लस तीन प्लस चार शिक्षा प्रणाली लागू की जाएगी, जिसमें तीन साल का प्री-स्कूल, बाल वाटिका, पाठ्यक्रम भी शामिल होगा। प्रदेश में आगामी समय में छह हजार नर्सरी टीचर नियुक्त किए जाएंगे।

### गेहूं को 40, मक्की को दिया जाएगा 30 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य

**बजट** में राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना शुरू करने का एलान किया गया। इसके तहत बेरोजगार युवाओं को प्राकृतिक खेती के लिए प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं को 40 रुपए तथा मक्की को 30 रुपए प्रति किलोग्राम का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। 36,000 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा। हिमाचल प्रदेश कृषि मिशन के अंतर्गत 2500 कृषि क्लस्टर समूहों को विकसित करके विभिन्न क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा।

### यूनिवर्सल कार्टन होगा इस्तेमाल

**2024** के सेब सीजन से यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल शुरू कर दिया जाएगा। इस दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए सचिव, कृषि की अध्यक्षता में दिसंबर 2023 में एक कमेटी का गठन किया जा चुका है। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कुल 582 करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं।

### ऊना व हमीरपुर में स्थापित होंगे दूध प्रसंस्करण संयंत्र

**ऊना** तथा हमीरपुर में भी आधुनिकतम तकनीक से दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। स्थानीय युवाओं को दूध ले जाने के लिए 50 प्रतिशत उपदान पर 200 रेफ्रिजरेटेड दूध वैन उपलब्ध करवाई जाएगी। सोलन जिले के दाड़लाघाट में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में भेड़-बकरियों के लिए एफएमडी टीकाकरण शुरू करने तथा ऊन की अन्य समस्याओं के निदान के लिए भेड़-बकरी पालक प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी। पहली अप्रैल 2024 से दुग्ध उत्पादन सोसाइटियों से एपीएमसी द्वारा ली जाने वाली फीस माफ की जाएगी। निजी गो सदनों में आश्रित गोवंश के लिए दिए जाने वाले अनुदान 700 रुपए प्रति गोवंश प्रतिमाह से बढ़ाकर 1,200 रुपए करने का फैसला लिया।

**सौगात** नर्सिंग कॉलेज, एआई में बीटेक, फायर पोस्ट, डे-बोर्डिंग स्कूल का निर्माण

## बजट में नगरोटा विस क्षेत्र को करोड़ों की सौगात

**स्वामी राम शर्मा, नगरोटा बगवां**

**167** करोड़ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नगरोटा विस क्षेत्र में व्यय होंगे

नगरोटा बगवां को बजट में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगतें मिली हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज में नर्सिंग स्कूल को स्तरोन्नत कर नर्सिंग कालेज का दर्जा दिया गया है। इसके साथ ही टांडा मेडिकल कालेज में नवजात शिशुओं को स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए शिशुओं तथा जच्चाओं के लिए लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर खोलने की बजट में घोषणा की गई है।

इसके अतिरिक्त प्रथम चरण में नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण कार्य आरंभ करने की घोषणा भी की गई है इससे संस्थान को विश्व स्तरीय मानकों पर उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तहत एआई तथा डाटा साइंस में बीटेक डिप्लोमा आरंभ करने की भी घोषणा की गई है। इससे बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने का अवसर मिलेगा।

नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के 200 करोड़ की लागत से नगरोटा-रानीताल नेशनल हाई-वे के निर्माण के लिए प्रस्ताव केंद्र को भेजने की घोषणा भी की गई है। नगरोटा बगवां विधानसभा के चंगर क्षेत्र बड़ोह में फायर पोस्ट खोलने की भी घोषणा की गई है। इसके साथ ही पर्यटन की दृष्टि से नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को विकसित करने के लिए 167 करोड़ की परियोजनाओं को भी मंजूरी मिली है, जिसके तहत नगरोटा के सौंदर्यीकरण के लिए 37 करोड़, देश के सबसे बड़े म्यूजिकल फाउंटेन के लिए 40 करोड़ तथा होटल, वेडिंग डेस्टीनेशन तथा इंटरनेशनल कांफ्रेंस सेंटर के लिए 90 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### नगरोटा के लिए ऐतिहासिक बजट

**नगरोटा** विस क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मान सिंह चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, धर्म चंद, महासचिव अरुण कटोच, प्रताप रियाड, गगन, सुधीर चौधरी, शहरी कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज दुसेजा, पार्षद वंदना शर्मा, अजय सिपहिया, अजय भनियारी ने बजट को नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पर्यटन के लिए कई सौंगातें दी गई हैं।

## निराशाजनक और बिना धन बनाया गया है बजट



**बंगाणा।** राज्य की सुक्खू सरकार बजट बिना धन के बनाया गया बजट है और इस बजट में राजनीति द्वेष भावना साफ झलक रही है। एक वर्ष पूर्व सीएम साहब द्वारा पेश किए गए बजट की यह कार्बन कॉपी है। और हिमाचल के किसान-बागवानों के साथ यह बजट सवसे बड़ा छल है। हिमाचल कृषि एवं बागवानी प्रधान प्रदेश है, लेकिन सुक्खू सरकार के बजट में पांच वर्ष पूर्व चलाई गई भारत सरकार द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती, जो कि किसानों को आर्थिकी मजबूत करने का काम कर रही थी। उसे बंद करने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। इससे साफ झलकता है कि सुक्खू सरकार राज्य में प्राकृतिक खेती को बंद करने की ओर अग्रसर है।

**वीरेंद्र कंवर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी।**

## गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता ऐतिहासिक



**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू सरकार द्वारा कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए तथा पहली मार्च से देय एरियर की घोषणा से कर्मचारियों में खुशी की लहर है। एसएमसी अध्यापक और कंप्यूटर अध्यापकों के लिए 1900 रुपए बढ़ाने की घोषणा के बाद उन्हें पूरा विश्वास है कि जल्द रेगुलर करने बारे भी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा की दिहाड़ी 240 से 300 करना, गरीब बच्चों के लिए सुख शिक्षा योजना एक बड़ा कदम है। गरीब परिवारों को घर बनाने के लिए तीन लाख तक आर्थिक सहायता ऐतिहासिक कदम है। पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम जनमानस तथा विकास के लिए यह बजट बेहतर है।

**प्रदीप ठाकुर, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष।**

## बजट में रखा सभी वर्गों का ख्याल



**कांग्रेस** अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने आज प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत बजट का समर्थन करते हुए इसे संतुलित, विकासोन्मुख व पारदर्शी बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि बजट में सभी वर्गों का खयाल रखा गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने व प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में यह बजट एक मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट में अर्की विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति सुनिश्चित बनाई गई है। बजट में सभी वर्गों की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया गया है। यह भी सुनिश्चित बनाया गया है कि प्रदेश के विकास के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध हो।

**प्रतिभा सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष**

## बजट में गारंटियों का जिक्र तक नहीं



**सुक्खू** सरकार पिछले वर्ष के बजट में की गई घोषणाओं को सरकार पूरा नहीं कर पाई। इस बार के बजट में भी पिछले बजट में की गई ज्यादातर घोषणाओं को ही दोहराया गया है। सबसे अचरज की बात यह है कि जिन गारंटियों पर कांग्रेस सत्ता में आई इस बजट में उन गारंटियों का ज़िक्र तक नहीं है। दूसरे बजट में भी सरकार ने प्रदेश के युवाओं से लेकर महिलाओं, किसानों से लेकर बागवानों तक को निराश किया है।

**दिलीप ठाकुर,**
**विधायक सरकाघाट।**

## आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट फर्जी



**नाचन** विधायक विनोद कुमार सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण की फर्जी रिपोर्ट दी है। जिस तरह से प्रदेश में आपदा आई। कृषि और बागवानी जैसे निकाय भारी आर्थिक नुकसान से गुजरे। उद्योगों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। ऐसे में प्रदेश की आर्थिक वृद्धि जो सरकार द्वारा बताई गई है, वह समझ के परे है। इसी तरह से प्रति व्यक्ति आय से लेकर प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद के आंकडें भी गले से नहीं उतर रहे हैं।

**विनोद कुमार**
**विधायक नाचन।**

## इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के बजट में कटौती



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा हमारी सरकार यानी वित्तीय वर्ष 2023-24 में कैपिटल एक्सपेंडिचर 6780 करोड़ था, जिसे घटाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में कैपिटल एक्सपेंडिचर 6280 करोड़ कर दिया गया है। इस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के बजट में कटौती सरकार की मंशा और समझ पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा की हिमाचल का बजट पूर्व रूप से निराशाजनक है। वहीं, सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण की फर्जी रिपोर्ट दी है, जिस तरह से प्रदेश में आपदा आई।

**डॉ. राजीव बिंदल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष।**

## बजट में युवाओं, महिलाओं के लिए कुछ नहीं



**शिमला।** बजट से हिमाचल को निराशा ही मिली हैं। यह बात भापजा विधायक विपिन सिंह परमार ने विधासभा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि बजट में युवावर्ग, महिलाओं के सशक्तिकरण और किसानों के लिए कुछ नहीं है। इस बजट में किसानों और गारंटियों का कोई उल्लेख नहीं है। भैंस का दूध सौ रुपए, गाय का दूध 80 रुपए खरीदने की जो बात की गई थी, लेकिन इसमें भी कम ही बढ़ौतरी की गई है। बजट में प्राकृतिक खेती का गला घोंट दिया है। बजट में महिलाओं को 1500 देने का कहीं जिक्र नहीं है। यह महिलाओं का अपमान है। भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि ये संवेदनहीन सरकार है। किसी भी योजना के लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं है।

**विपिन सिंह परमार**
**भाजपा विधायक**

## मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत किया किसान हितैषी बजट



**मुख्यमंत्री** के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चैहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किया गया दूसरा बजट दूरदर्शी, नवोन्मेषी एवं किसान हितैषी है। उन्होंने कहा कि विकट वित्तीय स्थितियों के बावजूद बजट में प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए समाज में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का प्रयास झलकता है। आज प्रस्तुत बजट को किसानों का हितैषी करार देते हुए नरेश चैहान ने कहा कि यह बजट ग्रामीण हिमाचल की समृद्धि सुनिश्चित करेगा और किसान व बागवानों को इससे बड़े स्तर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए इसे स्वरोजगार से जोड़ने की पहल के दृष्टिगत राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना के तृतीय चरण में कई उपाय प्रस्तावित हैं। यह मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप है, जिन्होंने युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 680 करोड़ रुपए की यह योजना आरंभ की है। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी के साथ ही बड़े स्तर पर कृषक वर्ग रसायनमुक्त खेती के प्रति प्रोत्साहित होगा।

**नरेश चैहान , मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया)।**

## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सा शिविर में 131 रोगियों की हुई जांच

**रिकांगपिओ।** जिला आयुष विभाग किन्नौर की ओर से एक दिवसीय आयुर्वेदिक निशुल्क चिकित्सा शिविर, पंचायत सुन्नम में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने किया। इस चिकित्सा शिविर में विभाग की तरफ से चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर इंदु शर्मा ने कहा कि इस चिकित्सा शिविर में कुल 131 रोगियों जिसमें 34 पुरुष, 92 महिला मरीजों पांच बच्चों की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गई। उन्होंने कहा कि 105 रोगियों के शुगर जांच में पांच पॉजिटिव पाए गए। इसी तह 14 क्षार सूत्र में सात मरीजों को सर्जरी के लिए रिकांगपिओ बुलाया गया। इसी तरह 50 रोगियों को जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय रेफर किया गया।

### 12364 को पिलाई जाएंगी दो बूंद जिंदगी की

**जुन्गा।** मशोबरा चिकित्सा ब्लॉक में तीन मार्च 12364 छोटे बच्चों को पल्स पोलियों की दो बूंद पिलाई जाएंगी, जिसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी मशोबरा डॉ. राकेश प्रताप ने बताया कि यह अभियान तीन दिन तक चलेगा, जिसमें तीन मार्च को पांच वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को बूथ पर पिलाई जाएंगी, जो बच्चे किंही कारणों से बूथ पर नहीं आ सके हैं उन्हें चार मार्च को घर-घर पर पोलियो दवा पिलाई जाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा पल्स पोलियो दवा पीने से वंचित न रहे और सौ फीसदी टारगेट भी पूरा हो सके। डॉ. राकेश प्रताप ने बताया कि चिकित्सा ब्लॉक मशोबरा में पांच वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों की संख्या कुल 12364 है। पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए 130 बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिनमें से 28 शहरी और 102 ग्रामीण क्षेत्रों में होगें।

### प्रशासन आपदा प्रबंधन के लिए कर रहा प्रयास

**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बचत भवन में जिला आपदा प्रबंधन योजना के तहत स्कूल सुरक्षा पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन के लिए लगातार प्रयास कर रही है और लोगों को इसके महत्व के प्रति जागरूक कर रही है तथा समय-समय पर मॉकड्रिल, प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को सजग कर रही है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रहा जा सके। उन्होंने उच्च एवं प्राथमिक शिक्षा विभाग के उपस्थित प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्रों के लोगों में आपदा प्रबंधन के महत्व पर अलख जगाने का आह्वान किया।

### परिवहन निगम सबसे अधिक हुआ प्रभावित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) को वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। 31 मार्च 2023 तक संचयी घाटा 5,143.46 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। राज्य के 23 सार्वजनिक उपक्रमों में से 14 लाल निशान में काम कर रहे हैं, जो एक महत्वपूर्ण दबाव का संकेत देता है। राज्य का आर्थिक परिदृश्य वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान इन सार्वजनिक उपक्रमों को 254.37 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, जिससे पहले से ही अनिश्चित वित्तीय स्थिति और खराब हो गई। हिमाचल सड़क परिवहन निगम सबसे अधिक प्रभावित हुआ, जिसका संचयी घाटा 1,966.13 करोड़ रुपए रहा, इसके बाद प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड 1,823.97 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसके अतिरिक्त एचपी हिमाचल वित्तीय निगम ने 184.83 करोड़ रुपए की हानि की सूचना दी, जबकि एचपी पर्यटन विकास निगम, राज्य वन निगम और हिमाचल बागवानी उत्पादन विपणन और प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) को 126.63 करोड़ रुपए, 98.21 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

11वें विंटर एक्सपीडिशन को झंडी दिखाकर किया रवाना

### सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

**शिमला।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में हॉरिजोन एमसी पार्किंग टूटीकंडी से माउंटेन गोट के 11वें विंटर एक्सपीडिशन-2024 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिमाचल सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और माउंटेन गोट द्वारा आयोजित की जा रही यह मोटर रैली हिमाचल को एक पसंदीदा पर्यटन स्थल बनाने में सहायक सिद्ध होगी। हिमाचल के विभिन्न जिलों में बेहतर मोटर ट्रैक हैं, जिन्हे विकसित किया जाए, तो प्रदेश दुनिया में सर्वोत्तम पर्यटन स्थल बनकर उभरेगा। प्रदेश सरकार इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है और इस रैली में इलैक्ट्रिकल वाहनों की भागीदारी एक खुशी का विषय है। इस दिशा में प्रदेश सरकार की ओर से मौजूदा फ्लीट को इलेक्ट्रिक व्हीकल से बदला जा रहा है। इसके अतिरिक्तए ई-टैक्सी के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत अनुदान राशि भी दी जा रही है। पहले भी इस प्रकार की मोटर रैली का आयोजन किया जाता रहा है, जिनमें रोमांच के साथ-साथ खतरा भी रहता है, जिसके लिए सभी प्रतिभागियों को बेहतर तैयारी सुनिश्चित करनी होगी।

# सुक्खू सरकार में गृहिणी महिलाओं को नहीं मिला सुख

## महिलाओं को आस थी कि 2024-25 के बजट में उनके लिए कुछ न कुछ जरूर निकलेगा, लेकिन बजट में उनके हित में कुछ भी नहीं

**आशिमा वैरागी, शिमला**

प्रदेश का बजट शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा पेश किया गया। सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश किया, लेकिन इस बार भी महिलाओं के लिए इसमें कोई प्रावधान नहीं किया गया है। हिमाचल में बहुत सी महिलाएं घर से लेकर सरकारी कार्यालय में कार्य कर रही हैं। महिलाओं को आस थी कि 2024-25 के बजट में उनके लिए कुछ न कुछ जरूर निकलेगा, परंतु इस बजट में उनके हित में कुछ भी नहीं है।

प्रदेश की महिलाएं इस बार के बजट से निराश हैं। प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक महिलाओं को यह राशि नहीं दी जा रही है। इसके अलावा खाद्य वस्तुओं के दाम में कमी हो, लेकिन इसमें भी कुछ नहीं किया गया। प्रदेश की सभी महिलाएं इस बार भी निराश हैं। सुक्खू सरकार का महिलाअें के हितों में कुछ भी नहीं किया जा रहा है।

शिमला शहर में जगह-जगह लोग धरने पर बैठे हैं इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। एसएमसी के अध्यापक क्रमिक अनशन पर बैठे हैं, इसमें महिलाएं अपने बच्चों के साथ बैठने को मजबूर हैं। गृहिणियों को भी घर के सामानों के दामों में वृद्धि न हो यह उम्मीद लगाए बैठे थी, जिस पर पूरी तरह पानी फिर गया है। (अनंत ज्ञान)

### महिलाओं को अभी तक 1500 रुपए देने वाली बात निकली झूठी



इस वार्षिक बजट से उम्मीद थी कि खाद्य वस्तुओं के दाम कम होंगे, लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इन चीजों के दाम दिन व दिन बढ़ते ही जा रहे हैं।

**कांता शर्मा, शिमला निवासी, गृहिणी।**



प्रदेश सरकार के बजट से सभी महिलाएं निराश हैं। यह सुक्खू सरकार का दूसरा बजट था, पिछली बार भी महिलाओं के हित में कुछ नहीं था और न ही इस बार बार कुछ है। यह बहुत ही गलत है।

**मेघा शर्मा, सोलन निवासी।**



महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं घर से लेकर विभिन्न विभागों में अपनी भूमिका निभा रही हैं। बात करे प्रदेश सरकार की तो महिलाओं को अभी तक 1500 रुपए वाली बात झूठी ही निकल रही है। लाहौल-स्पीति के अलावा अन्य जिलों में इस योजना के शुरू होने का इंतजार है।

**सीमा ठाकुर, सोलन निवासी**

### 1500 के लिए सीएम ने चुना सबसे कम महिलाओं वाला जिला

मुख्यमंत्री ने 1500 रुपए देना का वादा प्रदेश की सभी महिलाओं से किया था, लेकिन सीएम ने इसके लिए सबसे कम महिलाओं वाला जिला लाहौल-स्पीति को ही चुना। 22 लाख महिलाओं में से अभी केवल 800 महिलाओं को ही 1500 रुपए मिलेगा। इसका वार्षिक खर्च 60 लाख रुपए होगा। प्रदेश सरकार महिलाओं की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है।

### मजदूरों और कर्मचारियों की आकांक्षाओं के खिलाफ सरकार का बजट : सीटू

**शिमला।** राजधानी शिमला की विधानसभा में शनिवार को 2024-25 का बजट मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू की ओर से प्रदेश का बजट पेश किया गया है। बजट पेश होने के बाद सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि यह बजट मजदूरों और कर्मचारियों की आकांक्षाओं के खिलाफ है।

सरकार के बजट में मजदूरों कर्मचारियों की बात तक नहीं की गई है। सरकार के एजेंडे में इनका जिक्र नहीं किया गया है। भारी महंगाई के दौर में मजदूरों की दिहाड़ी में केवल 25 रुपए की बढ़ोतरी करना, मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम वेतन न देना, आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, आशा कर्मियों को ग्रेच्युटी व न्यूनतम वेतन सुविधा लागू न करना, वाटर कैरियर, जल रक्षकों, मल्टी पर्पज वर्कर्स, पैरा फिटर, पंप ऑपरेटरों, चौकीदारों, राजस्व चौकीदारों, पंचायत वेटरनरी असिस्टेंट के मासिक वेतन में केवल 300 से 500 रुपए में इतनी कम बढ़ोतरी करना बहुत गलत है। बजट में केवल 200 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम वेतन न देना उनके साथ क्रूर मजाक है। आउटसोर्स कर्मियों, आईटी टीचर्स व एसपीओ के वेतन में नाममात्र बढ़ोतरी करना व उनके लिए सरकार द्वारा कोई ठोस नीति न बनाना जरूरी है।


# बहारा के स्टूडेंट्स से मिले विधानसभा अध्यक्ष

## विधानसभा परिसर में वकालत कर रहे शिक्षार्थियों ने सीखे विधानसभा चलाने के गुर

**जय ठाकुर, शिमला**

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बहारा विश्वविद्यालय से विधानसभा की कार्यवाही देखने आए विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही से संबंधित टिप्स प्रदान किए।

विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पठानिया ने कहा कि प्रदेश विधानसभा देश की सर्वप्रथम विधानसभा है, जिसने ई-विधान प्रणाली को अपनाया है। विधानसभा में सभी कार्य ऑनलाइन होते हैं तथा अन्य सभी राज्यों के विधानमंडल प्रदेश के ई-विधान मॉडल का अनुसरण कर रहे हैं और अब हम तपोवन विधानसभा में भी इसे इस वर्ष लागू कर चुके हैं। उन्होंने छात्रों को विधानसभा की कार्यप्रणाली से भी अवगत करवाया। पठानिया ने कहा कि कौंसिल चैंबर का इतिहास बहुत ही गौरवमयी रहा है। इस सदन को राष्ट्रीय एसेंबली, पंजाब एसेंबली तथा वर्ष 1963 के बाद हिमाचल विधानसभा होने का गौरव प्राप्त हुआ है तथा विठ्ठल भाई पटेल जैसे महापुरुष ने इसी सदन में राष्ट्रीय एसेंबली के प्रथम चेयरमैन होने का गौरव प्राप्त किया था। (अनंत ज्ञान)



बहारा विश्वविद्यालय से विधानसभा की कार्यवाही देखने आए विद्यार्थियों को टिप्स देते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

पठानिया ने बहारा यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत है तथा हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अब इसे मजबूती देने की जिम्मेदारी आप सभी युवाओं के कंधों पर है। पठानिया ने सभी को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सुंदरु खड्ड पुल के निर्माण को सरकार ने दी प्रशासनिक स्वीकृति

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उपमंडल रोहड़ू के दूरदराज गांव जांगलिख के ग्रामीणों की लंबित मांग शीघ्र पूरी होगी। जांगलिख गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने वाले सुंदरू खड्ड पुल के निर्माण को सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है।

सुंदरू खड्ड पर पुल का निर्माण 399.40 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा, जिससे गांव के सैकड़ों लोग लाभान्वित होंगे। सुंदरू खड्ड पर लगाया गया पक्का पुल कई वर्ष पहले टूट गया था। उसके बाद सुंदरू खड्ड पर गाड़ियों की आवाजाही के लिए अस्थायी प्रबंध किया गया, लेकिन खड्ड के तेज बहाव से कई बार अस्थायी पुल भी बह गया। ग्रामीण खड्ड पर पक्का पुल लगाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। अब खड्ड पर पुल लगाने की स्वीकृति मिल गई है। शीघ्र ही पुल के टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे, जिसके बाद जांगलिख गांव के ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने बताया कि रोहड़ू उपमंडल का जांगलिख गांव सबसे दूरदराज का क्षेत्र है। लंबे समय से ग्रामीण सुंदरू खड्ड पर पक्का पुल लगाने की मांग कर रहे थे। अब पुल निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति सरकार ने दे दी है। पुल का निर्माण 399.40 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विक्रमादित्य सिंह का आभार व्यक्त किया

मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने जांगलिक गांव के लिए सुंदरु खड्ड पर बनने वाले पुल के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के लिए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### पौधों के कांट-छांट की दी जानकारी

**रिकांगपिओ।** उपनिदेशक बागवानी बीएस नेगी की अध्यक्षता में पंचायत सुन्नम में एक दिवसीय सेब पौधों के कांट-छांट एवं सिंधाई शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपनिदेशक उद्यान बीएस नेगी ने विभाग की ओर से चलाई जा रही स्कीमों के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के फल वैज्ञानिक विशेषज्ञ डॉ. अरुण नेगी ने बागवानों को सेब के पौधों के कांट-छांट व संधाई बारे जानकारी दी।

# रिज मैदान पर लोगों को खूब भा रहा पश्चिम बंगाल के जूट का सामान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के ऐतहासिक रिज मैदान पर नाबार्ड मेले का आयोजन हो गया है। विभिन्न राज्यों के लोगों की ओर से इसमें प्रदर्शनी लगाई गई है। यह पांच दिवसीय मेला है। शोभा रोजारिया और पापीया दास ने पश्चिम बंगाल की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए सारा सामान जूट से बनाया है।



रिज मैदान पर पश्चिम बंगाल की महिलाओं की ओर से जूट के बने सामान की लगाई प्रदर्शनी में खरीददारी करते लोग।

पहली बार शिमला में यह प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमे बैग, डोरमैट, सजावट का सामान, पॉटहैंगगिंग, गुड़िया और पॉउच आदि सामान को रखा गया है। इन वस्तुओं को बनाने में करीब एक महीने का समय लगता है। यहां पर करीब पचास हजार का सामान लाया गया है। इन सभी वस्तुओं को हाथों से बनाया गया है। बता दें कि इन सभी सामानों को आराधना समूह की ओर से बनाया जाता है। इसमें कुल 12 महिलाएं काम करती हैं, यह इनका पेशा है। महिलाएं इसे शौकिया तौर पर बनाती हैं। हर साल पश्चिम बंगाल में इसकी प्रदर्शनी लगाई जाती है। बैग के शुरुआती दाम 100 हैं और अंतिम दाम 600 है। इसके अलावा सजावट का सामान 100 से 1000 और गुड़िया 10 से 1000 तक की है। किन्नौर से आए राम कृष्ण ने अपनी प्रदर्शनी में पहाड़ी टोपी, कोट, सदरी, पैंट और कुछ ऑर्गैनिक सामान को शिमला बेचने के उद्देश्य से लाया गया है। देश भर में वह इसका प्रचार किया जाता है। शिमला में छठी बार यह प्रदर्शनी लगाई गई है। किन्नौर के प्रसिद्ध ज्वाला राजमाह, ड्राइ फ्रूट, चूली का तेल भी है। इसके शुरुआती दाम 500 से 1800 तक आनतीं दाम हैं। इन सामानों को जागृति स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाया जाता है। इस समूह में 120 लोग कार्य करते है रामकृष्ण ने कहा कि इससे कई लोगों को राजगार भी मिल रहा है।

### प्रदेश में बारिश व बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

**शिमला।** राज्य में ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से रविवार और सोमवार को प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। शनिवार को राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में बादल छाए रहे।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार रविवार और सोमवार को प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। 20 और 21 फरवरी को बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी हुआ है। पूरे प्रदेश में 23 तक मौसम खराब बना रहेगा। बारिश से गेहूं और बर्फबारी से सेब की फसल को संजीवनी मिल सकती है। उधर, मौसम विभाग की ओर से बारिश-बर्फबारी के अलर्ट के बाद कुल्लू, लाहौल और किन्नौर जिला प्रशासन की ओर से आम लोगों और सैलानियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

# शिमला में खल रही सफाई कर्मचारियों की कमी

## बजट में नहीं कोई प्रावधान ◗ कई पार्षद नाराज ◗ 150 सफाई कर्मियों की भर्ती रुकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला में सफाई कर्मचारियों की कमी खल रही है। निगम हाउस में कई बार इसको लेकर प्रश्न भी उठे बावजूद इसके बजट में इसको लेकर कोई प्रावधान नहीं किया गया।

शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर नजर आते हैं। निगम में अभी 150 सफाई कर्मियों की भर्ती रुकी हुई है। शिमला शहर मे अभी 742 सफाई कर्मी और छह दफेदार हैं। यदि किसी भी सफाई कर्मी की मौत या तबादले के बाद उसकी जगह किसी अन्य कर्मी की भर्ती नहीं की जाती है, तो इसके अलावा शहर में दफेदारों की संख्या भी बहुत कम है। पार्षद सफाई कर्मियों का ब्यौरा स्वयं लेने को मजबूर हैं।

### बजट के लिए किसी भी पार्षद से नहीं लिए सुझाव : नरेंद्र ठाकुर

भट्टाकुफर के पार्षद नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि महापौर ने बजट के लिए किसी भी पार्षद से सुझाव नहीं लिए गए, जो कि बहुत गलत है। बजट से वह बहुत नाखुश हैं। रुलदुभट्टा की पार्षद सरोज ठाकुर ने कहा कि सफाईकर्मी, दफेदारों की कमी को बहुत बार मासिक बैठक में बताया गया, लेकिन फिर भी बजट में इसको लेकर कोई प्रावधान नहीं है। इस बजट में केवल स्मार्ट सिटी के कामों पर ध्यान दिया गया है। समरहिल के पार्षद विरेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस बजट से वह निराश हैं। काफी चीजों का जिक्र नहीं किया गया है, जो कि बहुत जरूरी है।

### सफाई में शिमला का पिछड़ना लाजिमी

शिमला शहर सफाई में पिछड़ रहा है, जो कि लाजिमी है। शिमला में बहुत कम सफाईकर्मी और सेनेट्री इंस्पेक्टर हैं, जिसके चलते शहर में कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं। नरेंद्र ने कहा कि ऐसे ही हालात रही, तो शिमला शहर और नीचे गिर जाएगा।

### पार्षदों की मांग, ड्यूटी टाइम बढ़ा दिया जाए

सभी पार्षदों ने सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी टाइम बढ़ाने के लिए कहा था। वार्ड पार्षदों ने कहा कि यह केवल दो से तीन घंटे ही काम करते हैं। यह भी एक कारण है कि शिमला सफाई में पिछड़ रहा है। सभी पार्षदों ने मांग की है कि इनका ड्यूटी टाइम बढ़ दिया जाए।

### कर्मी सुबह के समय ही करते हैं सफाई

शिमला में सफाई कर्मी सुबह के समय ही सफाई करते हैं यदि कोई उन्हें कुछ कहे, तो उनका जवाब होता है कि हमें हमारा काम मत सिखाओ। वार्डों में कई मर्तबा देखा गया है कि सफाई कर्मियों कर्मी एमसी के दफादारों को धमकाते हैं।

### प्रमोशन और भर्ती न होने से बढ़ रही परेशानी

नगर निगम में स्टाफ की कमी है। इसे पूरा करने के लिए भी निगम कुछ नहीं कर रहा है। हर मासिक बैठक में सफाई कर्मी, सफाई, शौचालय जैसे प्रश्न लगाए जाते हैं, जिसका कोई समाधान नहीं निकलता है। इस तरह शिमला का विकास होना मुश्किल है।

**आयोजन** जयराम ठाकुर सहित भाजपा के बड़े नेता राष्ट्रीय परिषद बैठक में उपस्थित, लोस चुनाव 2024 के लिए मिलेगा पीएम का मार्गदर्शन

# भारत मंडपम में प्रदेश के 220 भाजपा कार्यकर्ता ले रहे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

देश की राजधानी दिल्ली में शनिवार से शुरू हुए भारत मंडपम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद का आयोजन शुरू हुआ।

यह आयोजन विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले हो रहा है, जिसमें देशभर से लगभग 10000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस आयोजन में प्रदेश के भाजपा के सभी बड़े नेता भी भाग लेंगे। राष्ट्रीय परिषद में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और इस राष्ट्रीय परिषद में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, भाजपा प्रदेश अविनाश राय खन्ना, और भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी संजय टंडन सहित इसमें भाग ले रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय परिषद में प्रदेश के लगभग 220 से अधिक प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं। परिषद के आयोजन का उद्देश्य 2024 के लोकसभा चुनावों में देश में फिर से तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचाना है और इस बार भारतीय जनता पार्टी देशभर में 400 के पार का नारा देकर इस राष्ट्रीय परिषद में इसकी भी योजना बनाई जाएगी।




दिल्ली में शुरू हुए भारत मंडपम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता।

### वर्तमान में अंतर्कलह से गुजर रही प्रदेश कांग्रेस पार्टी : बिहारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरा, शिमला**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस में वर्तमान समय में अंतर्कलह शिखर पर है। पार्टी में कलह की वजह से मंडी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने पार्टी के सभी पदों और सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया की ओर से उनके गृह विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे हस्तक्षेप से वह आहत थे। इसीलिए उन्होंने पार्टी को अलविदा कहा है। विस चुनाव में जिन लोगों ने उन्हें हराने के लिए काम किया, आज उनको तरजीह दी जा रही है। यह पहली बार नहीं है, जब इस प्रकार के किस्से कांग्रेस पार्टी के सार्वजनिक हुए हैं। फरवरी के पहले सप्ताह में भी सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में सिराज के बाखली नेचर पार्क में सीएम सुक्खू के समर्थकों की अनदेखी से कांग्रेस की गुटबाजी उजागर हुई थी। बिहारी ने कहा कि कांग्रेस सचिव और सिराज से कांग्रेस प्रत्याशी रहे चेतराम ठाकुर ने यह कार्यक्रम आयोजित करवाया था। कार्यक्रम में कांग्रेस सचिव जगदीश रेड्डी भी समर्थकों के साथ पहुंचे।

मगर मंच पर चेतराम ने रेड्डी का नाम तक नहीं लिया और न उनको बोलने का मौका तक नहीं दिया गया, जिससे रेड्डी और उनके समर्थक कार्यक्रम छोड़ चले गए, जिससे कांग्रेस की गुटबाजी प्रदेश में जगजाहिर हुई। बिहारी ने कहा कि प्रदेश में कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला और मंडी सभी संसदीय क्षेत्रों में कांग्रेस की गुटबाजी और अंतर्कलह जग जाहिर है।

राजिंद्र राणा, सुधीर शर्मा, कुलदीप राठौर, आनंद शर्मा और अनेकों नेताओ के बयान इस बात की पुष्टि करते है कि वर्तमान कांग्रेस अंतकलह के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि राजिंद्र राणा, सुधीर शर्मा, कुलदीप राठौर, आनंद शर्मा और अनेक नेताओं के बयान इस बात की पुष्टि करते हैं कि वर्तमान कांग्रेस अंतर्कलह के दौर से गुजर रही है।

# एनएसएस स्वयंसेवी राष्ट्र के निर्माण में निभा रहे भूमिका



राजकीय स्नातकोतर कॉलेज में एनएसएस की ओर से शिविर के शुभारंभ पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में शनिवार से एनएसएस इकाई की ओर से सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवियों ने गीत व देश भक्ति से संबंधित नृत्य के साथ -साथ पहाड़ी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इस सात दिवसीय आवासीय शिविर में 55 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जो कि 16 फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य प्रो. बलवीर सागर कलसाइक, डॉ. विकास सुमन, प्रो. नरेंद्र नेगी, प्रो. सीमा जस्टा, प्रो. कल्याण, प्रो. विरेंद्र ठाकुर, प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. अमनदीप शर्मा, प्रो. रोहित, प्रो. कमल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# कालाअंब फैक्टरी में लगी आग

## लाखों का नुकसान, नाहन और कालाअंब से पहुंचे फायर टेंडर, डेढ़ घंटे बाद पाया काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन**



फैक्टरी में लगी आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में यमुनानगर रोड पर स्थित प्लाई बोर्ड बनाने वाली मेट्रो डेकोरेटिव फैक्टरी में आग लग जाने से लाखों का नुकसान हो गया है। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार देर शाम की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्टरी में उस समय छुट्टी का समय था, जबकि अगली शिफ्ट की तैयारी हो रही थी। इसी दौरान फैक्टरी के मशीन शॉप के नजदीक आयल चैंबर ने अचानक आग पकड़ ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह लुब्रिकेशन ऑयल था, जो कि बड़ी तेजी से जलने लगा। तेल में लगी आग बड़ी तेजी से फैक्टरी में फैल गई, जिसकी चपेट में काफी बड़ा हिस्सा आ गया।

आग लगने की घटना की जानकारी फैक्टरी प्रबंधन के द्वारा कालाअंब फायर स्टेशन को दी गई। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही लीडिंग फायरमैन राजेश अपनी पूरी टीम के साथ 20 मिनट में ही एक फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार, बिलासपुर से जब तक फायर टेंडर घटना स्थल पर पहुंचे उससे पहले शाम करीब 8:30 बजे के आसपास अग्निशमन विभाग के पूरे दल ने आग पर काबू पा लिया था।

यही नहीं उन्होंने इसी दौरान नाहन फायर ऑफिस को भी सूचित कर दिया था। भीषण आगजनी की घटना की जानकारी मिलते ही नाहन से भी दो फायर टेंडर कालाअंब के लिए रवाना हो गए थे। फैक्टरी प्रबंधन के द्वारा नजदीक हरियाणा के बिलासपुर फायर स्टेशन को भी सूचित कर दिया था।

इस प्लाइवुड फैक्टरी में लगे हुए अग्निशमन यंत्र काफी कारगर साबित हुए। इस भीषण आग लगने की घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। फैक्टरी के महाप्रबंधक डीएन सिंह ने बताया कि ऑयल चैंबर में अचानक हुई लीकेज से निकले तेल के आग पकड़ लेने से यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कितना नुकसान हुआ है, इसके बारे में जांच करने के बाद ही पता चल पाएगा।

# गीला व सूखा कूड़ा एक साथ देने वालों पर नगर निगम की नजर

## एक फरवरी से अब तक 53 लोगों के कट चुके हैं चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**दूसरी बार पकड़े जाने पर होगा 500 रुपए जुर्माना**

गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग लेने को लेकर सोलन नगर निगम की एक फरवरी से छेड़ी गई मुहिम जारी है। इस बीच नगर निगम सोलन ने इस प्रक्रिया को नहीं अपना रहे लोगों के चालान काटने भी शुरू कर दिए हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डा. योगेश गुप्ता ने बताया कि लोगों से अब यही प्रक्रिया अपनाने के लिए कहा जा रहा है। नगर निगम में ऐसे लोगों के चालान भी शुरू कर दिए हैं जो इस प्रक्रिया को नहीं अपना रहे हैं और गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुहिम के तहत नगर निगम के कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी करके लोगों को चेक भी कर रहे हैं।



डॉ. योगेश गुप्ता

अब तक ऐसे 53 लोगों के चालान कट चुके हैं। इन चलानो से नगर निगम ने करीब 13 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। इसमें से साढ़े पांच हजार रुपए के करीब जुर्माना वसूल भी कर लिया गया है।

डा. गुप्ता ने बताया कि फिलहाल नगर निगम अभी गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग न देने वालों के चालन करके जुर्माना अढ़ाई सौ रुपए तक वसूल रही है। भविष्य में यदि यही लोग दोबारा से इसी प्रकार की गलती करते हैं तो 500 रुपए के हिसाब से जुर्माना वसूला जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पांवटा कॉलेज में प्राथमिक उपचार पर व्याख्यान



पांवटा कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान के बाद विद्यार्थी व विशेषज्ञ।

**पांवटा साहिब।** शनिवार को राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा प्राथमिक उपचार पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वैभव कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें सिविल अस्पताल पांवटा साहिब के मेडिकल ऑफिसर डॉ. तुषार धवल मुख्य वक्ता रहे। अपने व्यक्तव्य में उन्होंने बताया कि यदि सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल हो जाए तो हमे तुरंत 108 नंबर पर फोन करके एंबुलेंस को बुलाना चाहिए तथा जब तक एंबुलेंस नहीं पहुंचती है, तब हमें किस प्रकार से उसका प्राथमिक उपचार करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रितु पंत ने प्राथमिक उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. कल्याण राणा ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तथा उपस्थित सभी प्राध्यापक वर्ग तथा छात्रों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मोहन सिंह चौहान, प्रो. मंदीप सिंह गांधी, डॉ. पंकज यादव व प्रो. सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### भूमति में लोगों को दी कैंसर की जानकारी



पोस्टर के माध्यम से कैंसर की जानकारी देते विशेषज्ञ।

**अर्की।** पंचायत भूमति में गांववासियों को कैंसर की जानकारी देते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट हंस फाउंडेशन के डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि रोकथाम, बीमारी का शीघ्र पता लगाने और उपचार के लिए कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। मैमोग्राम, पैप स्मीयर, कोलोनोस्कोपी और त्वचा जांच जैसी नियमित जांच को प्रोत्साहित करें। शीघ्र पता लगने से सफल उपचार और जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ सकती है। लोगों को कैंसर के चेतावनी संकेतों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि असामान्य गांठें, आंत या मूत्राशय की आदतों में लगातार बदलाव, पुरानी अपच, बिना कारण वजन कम होना, लगातार खांसी या आवाज बैठना, मस्सों या त्वचा में बदलाव और घाव आदि के बारे में बताया।

### पांवटा साहिब में विशेष एनएसएस कैंप शुरू




शिविर में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी मेहमानों के साथ।

**पांवटा साहिब।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पांवटा की डीएसपी अदिति सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस शिविर में 40 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. जय चंद ने सर्वप्रथम मुख्यातिथि एवं प्राचार्य एवं सभी अतिथिगणों का अभिनंदन किया और शिविर के लक्ष्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्त्तव्यों एवं दायित्वों से सभी को परिचित करवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वैभव कुमार शुक्ला ने मुख्यातिथि का इस अवसर पर पधारने के लिए विशेष धन्यवाद किया और स्वयंसेवकों को इस विशेष शिविर के लिए शुभकामनाएं दीं। आईपीएस अधिकारी अदिति सिंह ने स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा और भारतीय प्रशासनिक लोक सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष शिविर में डॉ. मोहन सिंह चौहान, डॉ. विवेक नेगी, डॉ. अमिता जोशी, डॉ. प्रदीप तोमर, डॉ. पूजा भाटी आदि उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नंदिनी कंवर ने सभी अतिथियों तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।


### कॉलेज के छात्रों ने सीखीं शिक्षा से जुड़ी बारीकियां



नालागढ़ कॉलेज के छात्र मशरूम उत्पादन फार्म व ठोस कचरा प्रबंधन की जानकारी लेते हुए।

**बीबीएन।** राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत मशरूम फार्म प्लासी व शिवालिक सोलिड वेस्ट मेनेजमेंट का दौरा किया और वहां की बारीकियां जानीं। इस कैंप का आयोजन नालागढ़ कॉलेज के जैव विज्ञान विभाग ने किया था, जिसमें बीएससी द्वितीय व बीएससी तृतीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। डॉ. अनुज साहनी व डॉ. विकास गुलेरिया ने बताया कि छात्रों ने इस दौरान छात्रों ने मशरूम उत्पादन व कचरा निष्पादन की जानकारियां ली। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन से डॉ. अनुज साहनी, डॉ. विकास गुलेरिया, डॉ. हरविंद्र सिंह भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे।

### महिलाओं को लालच देकर गुमराह कर रही प्रतिभा: रावत



**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए देने के नाम पर एक बार फिर से गुमराह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार को बने हुए एक वर्ष से अधिक समय हो गया है, लेकिन प्रदेश की महिलाओं को अभी तक 1500 रुपए नहीं मिले हैं। रावत ने बताया कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे ही कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने 1500 रुपए देने का राग अलापना शुरू कर दिया है। प्रदेश की महिलाएं अब कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के झांसे में आने वाली नहीं हैं। वह महिलाओं को लालच देकर गुमराह कर रही हैं।

### कोखड़ी में महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं व अधिकारी।

**अर्की।** देवरा पंचायत के कोखडी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र कोखड़ी में महिला एवं बाल विकास कार्यालय अर्की द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत्त अर्की-2 के पर्यवेक्षक राहुल कौशल द्वारा की गई। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को सात रंगों से निर्मित फलों की टोकरी दी गई। इसके साथ ही पर्यवेक्षक राहुल कौशल द्वारा उपस्थित महिलाओं को 'वो दिन योजना' व 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी । इस अवसर पर सीएचओ मनीषा आजाद व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा, कविता, रोशनी, कमलेश, सविता व आशा वर्कर रमा, रजनी उपस्थित रहीं।

## शांडिल आज सोलन विस क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 18 फरवरी को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल आज सुबह साढ़े 11 बजे सोलन विधानसभा क्षेत्र की पौधना पंचायत के कून में राजकीय माध्यमिक पाठशाला कून से चायला, कांगुटी संपर्क मार्ग के स्तरोन्नयन कार्य की आधारशिला रखेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत दोपहर सवा 12 बजे पौधना पंचायत के कांगुटी में जल भंडारण संरचना का शिलान्यास करेंगे, तत्पश्चात दोपहर एक बजे देलगी पंचायत में कोठी से देलगी मार्ग की आधारशिला रखेंगे इसके अलावा वे कोठी से रूग मार्ग का लोकार्पण करेंगे तथा कोठी-बाड़ा उठाऊ जलापूर्ति योजना का भूमि पूजन करेंगे तथा जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

## युवा करें लोगों को मतदान के लिए जागरूक : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



चुनाव पाठशाला पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते जिला उपायुक्त व अन्य।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने युवाओं से आग्रह किया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में न केवल शत-प्रतिशत मतदान करें, अपितु पात्र नागरिकों के मतदाता पहचान पत्र बनाने में सहयोगी भी बनें।

मनमोहन शर्मा आज सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता यानी स्वीप गतिविधियों के तहत राजकीय महाविद्यालय कंडाघाट में चुनाव पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के साथ निर्वाचन प्रणाली में सहभागिता के तहत संवाद कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति का दायित्व है कि चुनाव में अपने मताधिकारी का प्रयोग करना सुनिश्चित बनाएं और मतदान के प्रति अपने आस-पड़ोस को भी जागरूक करें। उन्होंने उपस्थित छात्रों से आग्रह किया कि चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। कंडाघाट की कार्यकारी प्रधानाचार्य सविता सहगल ने कहा कि महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा मतदान के विषय में विभिन्न गतिविधियों के बताया।

इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन सोलन उषा चौहान, तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान ठाकुर, महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स उपस्थित थे।

## सीपीएस राम कुमार ने विकासात्मक बजट के लिए सीएम का जताया आभार



**बीबीएन।** मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार ने शनिवार को विधानसभा में पेश हुए बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के लिए कई सौगातें दी हैं। इससे प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों को व्यापक स्तर पर लाभ होगा। राम कुमार ने कहा कि बजट में औद्योगिक नीति 2019 के तहत आने वाले इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में की गई बढ़ोतरी को वापस लेकर मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों की मांग को पूरा किया है।

# मृत्यु पर परिवार को मिलेंगे 30 लाख

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



क्योरटेक ग्रुप परिसर में हुई बैठक में अनहोनी घटनाओं पर मंथन किया गया।

**एफआईआई उपाध्यक्ष की पीएनबी अधिकारियों के साथ बैठक।**

फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के हिमाचल प्रदेश यूनिट और पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की शनिवार को क्योरटेक ग्रुप परिसर में बैठक हुई। इस बैठक में क्योरटेक ग्रुप के मेनेजिंग डायरेक्टर व एफआईआई के उपाध्यक्ष सुमित सिंगला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

पीएनबी के मिड कार्पोरेट सेंटर हेड ने बताया कि बैंक द्वारा एशिया के सबसे बड़े फार्मा क्लस्टर बीबीएन में हाल ही में हुई अग्निकांड की दुर्घटनाओं को देखते हुए पीएनबी बैंक ने फार्मा कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस योजना शुरू की है। बैंक अधिकारी ने बताया कि जिन फार्मा कर्मचारियों और अधिकारियों के पीएनबी बैंक में सेविंग अकाउंट्स हैं, उनको इस योजना का हिस्सा बनाया जाएगा और किसी भी अनहोनी घटना में कर्मचारी अथवा अधिकारी की मृत्यु पर उसके परिवार को 30 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा।

## जिला सिरमौर के टोल यूनिटों की नीलामी 22 को

**नाहन।** उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी जिला सिरमौर ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला सिरमौर के टोल यूनिटों की नीलामी 22 फरवरी को नाहन के एसएफ डीए हॉल में दोपहर 2 बजे से आरंभ की जाएगी।

उन्होंने टोल यूनिटों के इच्छुक बोली दाताओं से आग्रह किया है कि वह समय पर पहुंचे ताकि इस प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

## शियुरी में चोरों ने कमरे से उड़ाए जेवरात

**अर्की।** बातल क्षेत्र के शियुरी गांव में एक घर में चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी व बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात उड़ा लिए। मामले की शिकायत अर्की पुलिस थाने में दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। बातल क्षेत्र के शियुरी गांव में बालकराम का परिवार रहता है।

उनकी पत्नी बंती देवी ने बताया कि शनिवार की सुबह सात बजे जब वह सोकर उठी तो उसकी पुत्रवधू ने उसे बताया कि साथ वाले कमरे का ताला टूटा हुआ है। कमरे में देखा तो सारे कपड़े इधर-उधर बिखरे पड़े थे। कमरे में रखी अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था। उसने जब अलमारी व ट्रंक को चैक किया तो उनके ताले टूटे हुए थे तथा सोने-चांदी के लाखों के गहने गायब थे। डीएसपी संदीप शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# सिरमौर में लिंग अनुपात को और सुधारने के होंगे प्रयास : डॉ. पाठक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी अधिनियम-1994 के अंतर्गत जिला स्तरीय एडवाइजरी कमेटी की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में लिंगानुपात पर संतोष जताया गया। लिंगानुपात में और अधिक सुधार लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई, साथ ही महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सिरमौर से शिक्षा, खेल, आदि क्षेत्रों में सफल लड़कियों और महिलाओं को सम्मानित किया जाए, जिससे अन्य लड़कियों और महिलाओं को भी प्रेरणा मिले। डॉ. अजय पाठक ने बताया कि जिले में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लिंग जांच निषेध है और इन केंद्रों के खिलाफ कन्या भ्रूण हत्या का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है। भविष्य में भी कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कमेटी की निगरानी रहेगी।

डॉ. अजय पाठक ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु जिला में आईईसी गतिविधियां की जाएंगी। इस सभा में तकनीकी विशेषज्ञ के तौर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निसार अहमद, डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी चंपा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन, रेडियोलाजिस्ट डॉ. रोबिन और नॉन तकनीकी सदस्यों के तौर पर श्यामा, नीमा देवी व आशा उपस्थित रहे।

**शानदार** | जोगेंद्र हाब्बी के नेतृत्व में लगातार 11वीं बार जीती प्रतियोगिता

# आसरा के कलाकार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**




जिला स्तरीय प्रतियोगिता मंलोकनृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

भाषा एवं संस्कृति विभाग, जिला सिरमौर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस जिला परिषद भवन नाहन में किया गया। इस लोक नृत्य प्रतियोगिता में कलाकारों ने जोगेंद्र हाब्बी के नेतृत्व व निर्देशन में लगातार 11वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी आसरा के प्रभारी जोगेंद्र हाब्बी ने दी।

जिला भाषा विभाग द्वारा आयोजित इस लोक नृत्य प्रतियोगिता में लगभग 15 सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा थे। प्रतियोगिता में हाटी सांस्कृतिक दल बाउनल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और डाइट संस्थान नाहन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता सांस्कृतिक दलों को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागी सांस्कृतिक दलों को भी स्मृति चिन्ह भेंट किए। प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में डॉ. देवराज शर्मा, कंवर सिंह नेगी व ओम प्रकाश शर्मा शामिल थे।

इस लोक नृत्य प्रतियोगिता में जोगेंद्र हाब्बी के नेतृत्व व निर्देशन में कलाकारों ने एक बार फिर प्रथम स्थान हासिल किया। गौरतलब है कि गत वर्ष भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में लगातार 10 बार प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सांस्कृतिक दल के नेतृत्व एवं निर्देशन के लिए जोगेंद्र हाब्बी का नाम इंडिया, एशिया व वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है और इस वर्ष पुन: हाब्बी के नेतृत्व में आसरा के कलाकारों ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

हाब्बी के नेतृत्व में चूड़ेश्वर मंडल के कलाकारों ने सात बार प्रथम स्थान प्राप्त किया था और उसके पश्चात आसरा संस्था के कलाकार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं। सांस्कृतिक दल हाब्बी के नेतृत्व में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोक नृत्य की प्रस्तुतियां देता आ रहा है और अनेक बार राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की लोकनृत्य प्रतियोगिताओं में विजेता बन चुका है।

सांस्कृतिक दल के कलाकार गुरु पद्म विद्यानंद सरैक व जोगेंद्र हाब्बी द्वारा तैयार करवाई गई सिरमौर जनपद की नृत्य विधाओं को प्रस्तुत करते आ रहे हैं। इसमें आदिकालीन ठोडा नृत्य, ढीली नाटी, रिहाल्टी गी, मुंजरा नृत्य, दीपक नृत्य, परात नृत्य, रासा व हुड़ग आदि नृत्य विधाएं शामिल हैं।

सांस्कृतिक दल में लोक गायक धर्मपाल चौहान, रामलाल वर्मा व बिमला चौहान, लोक वादकों में संदीप, सोहनलाल, देवीराम, रविदत्त, मुकेश और लोक नर्तकों में गोपाल हाब्बी, चमन लाल, अमीचंद, जितेंद्र, मनमोहन, सुनील, इंद्रदेव, सरोज, अनु, पायल, आरती, ज्योति, प्रिया आदि शामिल रहे।

## नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



जागरूकता शिविर में हिस्सा लेते जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चे।

**पांवटा साहिब।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार को कृषि विज्ञान आत्मा परियोजना व कृषि विज्ञान केंद्र सिरमौर द्वारा मृदा स्वास्थ्य विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मृदा प्रशिक्षण अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि फसल की बेहतर पैदावार के लिए मिट्टी की जांच के बाद ही आवश्यकता अनुसार खादों का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित स्कूल मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत मृदा प्रशिक्षण के महत्व की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय में मृदा प्रशिक्षण प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों द्वारा किसानों के खेत की मिट्टी के नमूने एकत्रित किए जाएंगे और उनकी जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित उपपरियोजना अधिकारी तनुजा कपूर कृषि विकास अधिकारी राजेंद्र चौधरी तथा कृषि विज्ञान केंद्र से पशु विज्ञान वैज्ञानिक डॉ. हर्षिता ने मृदा प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी अध्यापकों व विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भी भाग लिया।

## सराहां कॉलेज में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन गठित



सराहां कॉलेज की ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन का गठन किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहीं। एसोसिएशन को गठन करने के लिए सबसे पहले उसके उद्देश्य के विषय में बताया गया। इसके बाद संघ बनाने के नियम व कानूनों से पूर्व विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया, तत्पश्चात पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी बनाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से आर्यन जिंदल को प्रधान, दीपिका शर्मा को उपप्रधान बनाया गया। वहीं, दिव्या को सचिव, प्रवीण कुमार को सहसचिव, नीतिका शर्मा को कोषाध्यक्ष और रितु भारद्वाज को मुख्य सलाहकार बनाया गया । इसके अलावा वंशज, सोनिया, जयवंती, आंचल, पूनम और प्रियांशु को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इसके बाद चुने गए सदस्यों की बैठक हुई। इसमें महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई।

## जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक एक मार्च को

**सोलन।** जिला परिषद सोलन की त्रैमासिक बैठक प्रथम मार्च को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद सोलन के सचिव जोगिंद्र प्रकाश राणा ने दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक प्रथम मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे जिला परिषद भवन सपरून के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी।

## अभियान के तहत कोटिधमान पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष



जिलाध्यक्ष विनय गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

**श्रीरेणुका जी।** भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत कोटिधमान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। इसमें सभी लोगों को प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर घर में पहुंचाने का संकल्प लेने के लिए कहा गया। बैठक में रेणुका जी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने भी केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर क्रिकेट टूर्नामेंट का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र सूर्या, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र खुड़ी, रेणुका जी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन




कार्यक्रम में हिस्सा लेते मेहमान।

**नाहन।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आज नेहरू युवा केंद्र नाहन द्वारा जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र नाहन के जिला युवा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जिला सिरमौर एवं सोलन के प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रमुख विषय भारत को वैश्विक नेता बनाना, आत्मनिर्भर से विकसित भारत तक तथा भविष्य को सशक्त बनाना प्रमुख मुद्दों के ऊपर युवाओं ने अपनी चर्चा रखी। इस कार्यक्रम में दोनों जिलों से लगभग 40 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के विजेताओं की लिस्ट में जिला सिरमौर से प्रथम स्थान पर शिवम, द्वितीय स्थान पर राहुल ठाकुर ने मुकाम हासिल किया। इसी निरंतरता में जिला सोलन से प्रथम स्थान पर मल्लिका सिंह पठानिया तथा द्वितीय स्थान पर भावेश ने अपना स्थान दर्ज करवाया। विजय कुमार ने बताया कि समस्त विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जाएंगे तथा राज्य स्तर पर पूरे हिमाचल प्रदेश से तीन विजेताओं को राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त प्रो. अमर सिंह चौहान, डॉ. पंकज चांडक, प्रो. प्रियंका वर्मा, डॉ. पंकज तथा राजन कुमार शर्मा शामिल रहे। इस कार्यक्रम में लेखपाल सुरेंद्र शर्मा एवं कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केंद्र नाहनके स्वयंसेवकों में शीतल शर्मा, पृथ्वी, कैलाश शर्मा तथा समस्त नेहरू युवा केंद्र स्टाफ एवं अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन पर वसूले 10,000 रुपए

**हरिपुर।** पुलिस थाना क्षेत्र हरिपुर के अंतर्गत पुलिस ने अवैध खनन करने वाले दो वाहनों के चालान किए हैं। बताया जा रहा है कि अवैध खनन के मामले में संलिप्त दो वाहन पुलिस ने निरीक्षण के दौरान पकड़े हैं। अवैध खनन से जुड़ी हुई सामग्री का ढुलान कर रहे थे। चैकिंग के दौरान वह खनन से संबंधित कोई दस्तावेज न पेश कर पाए जिस पर उनके खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी चमन लाल ने बताया कि पुलिस ने इस दौरान उनसे 10000 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की है।

### मारपीट व गाली-गलौज करने पर केस दर्ज

**हरिपुर।** पुलिस थाना हरिपुर के तहत निकटवर्ती गांव कौड़ा गरना में व्यक्ति के साथ रास्ता रोककर गाली-गलौज व मारपीट का मामला सामने आया है। शेर सिंह निवासी कौड़ा गरना ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया है कि उसके पड़ोसी पुरुषोत्तम व केवल कृष्ण उनके परिवार के सदस्यों ने उसके साथ रास्ता रोकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल करवाया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी चमन लाल ने बताया कि पुलिस में आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### 25 फुट गहरी खाई में गिरी बोलेरो गाड़ी

**डाडासीबा।** डाडासीबा समीपवर्ती पड़ते बीहन में शुक्रवार देर रात एक बोलेरो गाड़ी अचानक ढलियारा की तरफ जाते हुए एक 25 फुट गहरी में जा गिरी। वहीं, गनीमत रही की हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है। वहीं, गाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा है। गाड़ी के चालक की माने तो गाड़ी के आगे सांबर आ गया और वाहन अंसतुलित होकर उक्त गहरी खाई में जा गिरी। शनिवार सुबह उक्त गाड़ी को रिकवरी वैन के माध्यम से निकाला गया। खबर लिखे जाने तक कोई भी मामला पुलिस थाना में दर्ज नहीं हुआ था।

### 13 मार्च तक बंद रहेगा औच-पीहड़ी मार्ग

**धर्मशाला।** ज्वालामुखी उपमंडल के अंतर्गत औच पीहड़ी रोड के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 13 मार्च तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए बलाहरा से बरवाला वाया जरूंडी प्रौंथा मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

### सेवानिवृत्त ग्रेफ सैनिकों की बैठक 25 को

**कांगड़ा।** सेवानिवृत ग्रेफ सैनिकों की बैठक 25 फरवरी को सुबह 11 बजे एसोसिएशन कार्यालय रैत में होगी। एसोसिएशन के महासचिव भोलानाथ आहलूवालिया ने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध है कि बैठक में शामिल होने की कृपा करें। उन्होंने बताया कि हमारे पांच उच्चस्तरीय सेवानिवृत्त अधिकारी ने नौ फरवरी को सचिव एमओडी से मिले तथा ग्रेफ को ईसीएचएस की सुविधा देने हेतु चर्चा की जो पूर्णता सकारात्मक रही। उन्होंने बताया कि सचिव महोदय ने ग्रेफ को ईसीएचएस की सुविधा प्रदान करने पर अपनी सहमति जताई है। अतः इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी बैठक में प्रस्तुत की जाएगी।

### धर्मशाला में कल बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-एक, रमन भरमौरिया ने बताया कि 11 केवी कोतवाली फीडर की विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग और स्मार्ट सिटी कार्यों के चलते कोतवाली बाजार, खनियारा रोड, टीसीवी, रामनगर, शिव विहार, गमरू, खजांची मोहल्ला, तिब्बतन लाइब्रेरी, तिब्बतन चिकित्सालय पुराना चड़ी मार्ग, डीसी आवास, दाड़नू के कुछ क्षेत्र तथा साथ लगते इलाकों में सोमवार, 19 फरवरी को प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक अथवा कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### छात्रों को बताई डाकघर की योजनाएं

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गढ़जमूला में डाकघर मलकेहड़ से कुणाल शर्मा और सुखविंद्र सिंह ने एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें डाकघर में चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की बचत योजनाओं के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना, आवर्ती योजना, मासिक ब्याज योजना आदि के बारे में बताया गया तथा बच्चों को भविष्य सुरक्षित करने के लिए बचत का महत्त्व बताया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य ध्रुव पटियाल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा बच्चों को बचत के बारे में जानकारी देने के लिए उनका धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### शाहपुर कॉलेज में एनएनएस कैंप शुरू



**शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने किया। उन्होंने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज समाज को आवश्यकता है नौजवानों की, जो देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करें। उन्होंने आह्वान किया कि आप सभी समाज को नई दिशा प्रदान करेंगे। स्वयंसेवियों ने साफ-सफाई के साथ, कैंपस सौंदर्यीकरण किया। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ. केशव कौशल ने स्वयंसेवियों की एक वर्ष की उपलब्धियां बताई। इस अवसर पर वरिष्ठ सहआचार्य डॉ. राजन शर्मा, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. हरीश कुमार, सुपरिंटेंडेंट कपिल कुमार भी मौजूद रहे।

### परागपुर में रक्तदान शिविर आज

**गरली।** श्री सत्य साई सेवा समिति जिला कांगड़ा के सौजन्य से विशाल रक्तदान शिविर 18 फरवरी को परागपुर के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक शक्तिपीठ राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित होगा। इसमें 105 से ज्यादा रक्तदानवीरों ने यहां शिविर लगने से पहले ही इस महायज्ञ में अपना नाम दर्ज करवा दिया है। जानकारी देते हुए साई सेवा समिति के जिला अध्यक्ष शेष भूषण व अनुराग सूद ने बताया कि रक्तदान शिवर 18 फरवरी सुबह दस से दो बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान भजन-कीर्तन भी चलता रहेगा। ज्यादा जानकारी के लिए शेष भूषण से 98161 63385 व अनुराग सूद से 88945 25340 पर संपर्क कर सकते है।

### चार मार्च से फिर क्रिकेटमयी होगा धर्मशाला

**धर्मशाला।** धर्मशाला एक बार फिर क्रिकेट सितारों और वीआईपी हलचल से सुसज्जित होने वाला है। मार्च का महीना क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार रहने वाला है क्योंकि एक लंबे अंतराल के बाद धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में टेस्ट मैच खेला जाएगा। इससे पूर्व 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच खेला गया था। इसमें भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। धर्मशाला में आयोजित हो रहा यह मैच भारत और इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज का अंतिम मुकाबला होगा। सात मार्च से खेले जाने वाले टेस्ट सीरीज के इस अंतिम मैच के लिए दोनों टीमें चार मार्च का धर्मशाला पहुंच जाएंगी। एचपीसीए निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि दर्शकों की सुविधा के लिए न्यूनतम टिकट 1000 रुपए और अधिकतम 30 हजार रुपए रखी गई है। उन्होंने कहा कि टीमें चार मार्च को धर्मशाला पहुंच जाएंगी।

### स्टार प्रोजेक्ट के तहत 56,529 छात्र होंगे लाभान्वित

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा को सामग्री-आधारित से व्यवहारिक शिक्षा की ओर स्थानांतरित करने पर जोर दिया गया है। छात्रों को पारंपरिक सोच से हट कर उनका मानसिक विकास करते समय रचनात्मक, नवाचार, आलोचनात्मक सोच व समस्या समाधान कौशल आदि बनाना उद्यमीशील समय की मांग है। छात्रों को नौकरी हासिल करने की सोच से उपर उठाकर उन्हें एक सफल उधमी बनाने के लिए तैयार करना है, ताकि छात्र भविष्य में सफल नागरिकत बन सकें। मौजूदा समय में नौकरियां अनिश्चित और अप्रत्याशित हैं, इसलिए यह समग्र शिक्षा प्रणाली छात्रों के भविष्य को सुदृढ़ करेगी। जिला परियोजना अधिकारी डाइट जिला कांगड़ा नीना पुन ने इस शिक्षा पद्धति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उद्यमिता मानसिकता कक्षाएं (ईएमसी) को स्टार प्रोजेक्ट के तहत जिला कांगड़ा में शुरू किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत आगामी दस माह में 880 अध्यापक के सहयोग से 56,529 छात्रों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान छात्रों को ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही छात्रों से नए स्टार्ट-अप आइडियास पर भी सुझाव लिए जाएंगे। इससे छात्रों के दिमाग में आने वाले रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत नौवीं से 12वीं के छात्रों को शामिल किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट 2024-25 में युवा-महिलाओं एवं किसानों-बागवानों का रखा ध्यान

# किसी ने बढ़िया, तो किसी ने कहा बजट में कुछ नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पुनीत मल्ली।

गत वर्ष आई घोर प्राकृतिक आपदा के कारण हुई प्रदेश को भारी क्षति के बावजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनहित में जो बजट पेश किया है, वह उनकी दूरगामी सोच को दर्शाता है। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पुनीत मल्ली ने एक विशेष भेंट वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीमित संसाधनों के बावजूद मुख्यमंत्री ने युवा, महिलाओं एवं किसानों-बागवानों सहित हर वर्ग का ध्यान रखा है। मुख्यमंत्री ने लोगों को राहत देते हुए गाय और भैंस के दूध का एमएसपी यानि न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर दिया है।

प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले पुलिस कर्मियों की मासिक डाइट मनी में पांच गुना बढ़ोतरी कर उन्हें राहत प्रदान की है। मनरेगा कामगारों की मजदूरी 240 से 300 रुपए कर दी है। मनरेगा मजदूर, दिव्यांग एकल और जिन्होंने काम के 100 दिन भी पूरे कर लिए हों, उन्हें मकान बनाने के लिए तीन लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की है। मल्ली ने बजट पर बात करते हुए कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में कैंसर संस्थान की स्थापना की जाएगी, यह स्टेट कैंसर संस्थान 100 करोड़ रुपए से बनेगा, यह योजना मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच को दर्शाती है।



### बजट मात्र मकड़जाल



**जवाली।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट झूठ का पुलिंदा है तथा इस बजट के मकड़जाल में प्रदेश की जनता को उलझाया गया है। यह बात जवाली के भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार कब तक गोबर खरीदेगी इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। बेसहारा पशुओं व उत्पाती बंदरों से निजात दिलाने की कोई बात नहीं हुई है।

### हर वर्ग का रखा ख्याल



**डाडासीबा।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में शनिवार को अपना दूसरा बजट पेश किया। उन्होंने हर वर्ग का ख्याल रखते हुए हिमाचल की जनता के लिए सुख का बजट पेश किया। उक्त शब्द कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहे। उन्होंने कहा कि बजट में मजदूरों की न्यूनतम दिहाड़ी भी बढ़ाई गई है बेरोजगार युवाओं को ई-वाहन के परमिट के लिए भी बजट में प्रावधान रखा गया है। उन्होंने विधानसभा में पेश किए सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के बजट को हर वर्ग के लिए सुख भरा बजट बताया है। उन्होंने बताया कि बजट में हर वर्ग को फायदा मिलेगा।

### बजट सत्र में पत्रकारों की हुई अनदेखी

**रक्कड़।** पत्रकार हित में आज तक किसी भी सरकार ने कोई भी घोषणा न करके उनके साथ अनदेखी करती आ रही है प्रदेश के नए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिह सुक्खू सरकार से पूरी उम्मीद थी कि वह पड़ोसी राज्य हरियाणा की तर्ज पर पत्रकारों के हित में अपने इस पहले बजट में कोई घोषणा करेंगे, परंतु मीडिया जगत को इस बार भी निराशा हाथ लगी है। वहीं, प्रेस क्लब जसवां परागपुर के अध्यक्ष रक्षपाल शर्मा के नेतृत्व में प्रेस क्लब के अन्य तमाम विभिन्न पदाधिकारी रविंद्र बनियाल। जसवां परागपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रक्षपाल शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता हमारे समय और समाज का आइना है। ऐसे में बेहतर समाज के निर्माण और लोकतंत्र की रक्षा में पत्रकारों का अहम रोल होता है। वहीं, जसवां परागपुर क्षेत्र के पत्रकार संघ ने प्रदेश सरकार से पत्रकारों के लिए ठेस नीति बनाने की मांग के साथ-साथ अन्य राज्यों की तर्ज पर पत्रकारों को दी जानी वाली सुविधाओं का प्रावधान हिमाचल में भी करने की मांग की है।

### दलीप सिंह वर्मा ने सराहा बजट



**गरली।** मजदूर संघ के बायोवृद्ध नेता एवं ग्राम पंचायत चौली के उपप्रधान दलीप सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुआई में पेश किया गया बजट प्रदेश विकास की नई गाथा लिखेगा। वहीं, सत्ता हाथ से जाने के बाद भाजपा नेता बौखला उठे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से पेश किए गए बजट में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट को लेकर भाजपा नेताओं की बोलती बंद हो चुकी है।

## एसडी पब्लिक स्कूल काथला में फेयरवेल पार्टी की धूम



फेयरवेल पार्टी में एसडी पब्लिक हाई स्कूल के छात्र सामूहिक चित्र में।

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

उपमंडल के एसडी पब्लिक हाई स्कूल काथला में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। नवमीं कक्षा के छात्रों ने दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी।

इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए खूब रंग जमाया। मिस्टर व मिस फेयरवेल चुनने के लिए दसवीं के विद्यार्थियों से कई प्रतियोगिताएं करवाई गई। चार राउंड की प्रतियोगात्मक प्रतिस्पर्धा के बाद सुनंदन को मिस्टर फेयरवेल व रिद्धि राणा को मिस फेयरवेल चुना गया। इसके अलावा निश्चिल चौहान को मिस्टर पर्सनलिटी व एहसास चौहान को मिस पर्सनलिटी चुना गया। वंशिका ठाकुर ने म्यूजिकल चेयर रेस जीती। स्कूल की प्रधानाचार्या अंतिम महाजन ने मिस्टर व मिस फेयरवेल को ताज पहनाकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

## मां-बेटे ने पत्थरों से पड़ोसियों को किया अधमरा

### हादसे में पीड़ित देवराज की हालत नाजुक, डॉक्टरों ने टांडा अस्पताल किया रैफर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**





जसवां परागपुर के निकटवर्ती गांव सकराला में शनिवार दिनदहाड़े पड़ोसी मां-बेटे ने एक परिवार पर ईंट-पत्थरों से जानलेवा हमला करके अधमरा कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह हादसा शनिवार सायं करीब साढ़े तीन बजे उस वक्त पेश आया जब स्कूल से छुट्टी होकर छात्र अपने घर के लिए जा रहे थे। हमलावर अरोपी युवक ने 49 वर्षीय देवराज, उसकी पत्नी रीना देवी व स्कूल से घर पहुंचीं 12 वर्षीय बेटी तृषिका पर इस कद्र एक के बाद एक ईंट-पत्थरों की बौछार कर दी। जब तक यह तीनों बुरी तरह लहूलुहान होकर जमीन पर नहीं गिर पड़े जमीन पर बुरी तरह खून से लथपथ हुए तीनों को 108 एंबुलेंस गाड़ी के माध्यम से सिवल अस्पताल गरली पहुंचाया। लेकिन देवराज की अति नाजुक स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने टांडा मेडिकल कालेज कागंड़ा के लिए रैफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह झगड़ा पानी को लेकर हुआ है। देवराज यहां सड़क किनारे सब्जी की दुकान करता है और उसके पड़ोसी मां-बेटे ने अचानक उपरोक्त परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया। तो वहीं, इस दर्दनाक हादसे की सूचना लोगों ने पुलिस थाना रक्कड़ को दी। वहीं, थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने घटना स्थल का मुआइना करते हुए अरोपी मां बेटे के खिलाफ भिन्न-भिन्न धाराओं सहित मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे में ईंट-पत्थरों की मारपीट से शिकार हुए देवराज के सिर-आंखों व शरीर के अन्य हिस्सों पर इतने गहरे जख्म पड़े है कि इसकी हालत खतरे मे बताई जा रही है। जबकि देवराज की पत्नी रीना के सिर, गर्दन व हाथ में गहरे जख्म पड़े है। इसी तरह हमलावरों ने 12 वर्षीय बेटी को भी नहीं बख्सा।

### पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

**बरहाल** तीनों की हालत नाजुक होने पर इन्हे टाडां मेडिकल कालेज कागंडा रैफर किया गया है। खबर की पुष्टी करते हुए पुलिश थाना रक्कड प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि हमलावर अरोपी मां बेटे के खिलाफ भिन्न-भिन्न धाराओं सहित मुकदमा दर्ज किया गया है और हर पहलू पर जांच की जा रही है।

### क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**धर्मशाला।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर पढ़ा रहे कला स्नातक अध्यापकों का पांच दिवसीय जिला स्तरीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नीना पुत्र द्वारा धर्मशाला के शीला स्थित मिलेनियम स्क्वेर सिलिब्रेशन केंद्र में किया गया। इस कार्यशाला में जिला कांगड़ा के छह खंडों के 67 कला स्नातक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला परियोजना अधिकारी नीना पुत्र ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अध्यापको को स्कूली प्रक्रिया की सभी विधाओं को सीख कर स्कूल व बच्चों के हित में काम करने पर बल दिया।

## देशभर से आएंगे ट्रैवल एजेंट, पर्यटन कारोबार को लगेंगे पंख

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

सर्दियों के मौसम के बावजूद मौसम में धूप की तपिश के बावजूद पर्यटन का पारा ठंडा नजर आ रहा है तथा इसी का परिणाम है कि होटलों में ऑक्यूपेंसी 10 से 15 प्रतिशत के बीच चल रही है।

हालांकि होटल कारोबार को 26 से 29 फरवरी तक प्रस्तावित स्प्रिंग कार्निवाल से राहत मिलने की उम्मीद है। इसको लेकर पर्यटन विभाग तथा होटल एसोसिएशनों में बैठकों का दौर जारी है तथा एक-दिनों में कार्निवाल की रूप-रेखा के फाइनल होने की उम्मीद है। सूत्रों की मानें तो होटल एसोसिएशनों की फिलहाल योजना देश के पैन इंडिया ट्रैवल एजेंटों को इस कार्निवाल के दौरान धर्मशाला आने का न्यौता देने की योजना है तथा उन्हें पर्यटन क्षेत्र धर्मशाला के पर्यटन केंद्रों, साहसिक पर्यटन के केंद्रों तथा होटलों में पर्यटकों के लिए रहने आदि की सुविधाओं से रूबरू करवाया जाएगा। इससे एजेंटों के माध्यम से धर्मशाला के टूरिस्ट डेस्टिनेशन तथा साहसिक गतिविधियों का संदेश देशभर के सैलानियों को देने का प्रयास किया जाएगा ताकि धर्मशाला के ठंडे पड़े पर्यटन कारोबार को राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### कार्निवाल से जगी उम्मीद



**उधर,** इस बारे में जानकारी देते हुए धर्मशाला होटल एंड रेस्टोरेंट के अध्यक्ष अश्वनी बाम्बा ने बताया कि इस समय होटलों में 10 से 15 फीसदी की ही ऑक्यूपेंसी रही है तथा जल्द ही पर्यटन विभाग से मिलकर स्प्रिंग कार्निवाल की रूपरेखा के फाइनल होने के बाद कार्यक्रम तय होंगे। उन्होंने कहा कि कार्निवाल से होटल कारोबार को लाभ मिलने की उम्मीद है।

### पिकअप-स्कूटी की टक्कर में एक घायल

**जसवां परागपुर।** जसवां परागपुर क्षेत्र के पुलिस थाना रक्कड़ के अंतर्गत एनएच-तीन चौली के समीप शनिवार को एक पीकअप व स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर होने का वाकया सामने आया है। इसमें स्कूटी चालक को गंभीर चोटें आई है। वहीं थाना प्रभारी रक्कड़ गुरदेव सिंह ने बताया कि गाड़ी व स्कूटी को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

### एक्टर गुलशन ग्रोवर करेंगे अक्षिता को सम्मानित



**गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव सलेटी सरड़ दाई में मजुंला जसवाल के घर जन्मी 16 वर्षीय अक्षिता ने अपनी छोटी सी उम्र मे ही एंकरिंग व मॉडलिंग में नया मुकाम हासिल कर लिया है। अक्षिता जसवाल की आवाज का जादू अब बालीवुड नगरी मुंबई में भी चलने लगा है। अगामी 21 फरवरी को आशा किरण संस्थान बिलासपुर घुमारवीं द्वारा आयोजित अवॉर्ड शो में हिमाचल व प्रदेश से बाहर उत्कृष्ट योगदान देने वाले महान हस्तियां महान विभूतियां को बॉलीवुड के मशहूर एक्टर गुलशन ग्रोवर द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। इसमें अक्षिता जसवाल को भी हिमाचल की सबसे कम आयु की एंकर मॉडल के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उसे 21 फरवरी को गुलशन ग्रोवर बॉलीवुड एक्टर के हाथों सम्मानित किया जा जाएगा।

### पीएम पर अभद्र टिप्पणी करना अत्यंत निंदनीय

**धर्मशाला।** कांग्रेस पार्टी के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता रितु चौधरी द्वारा धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में देश के प्रधानमंत्री के लिए की गई अभद्र टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है और यह कांग्रेस पार्टी के संस्कारों को और उनके डीएनए को दिखलाता है कि कांग्रेस पार्टी सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है और किसी भी उच्च पद पर बैठे हुए व्यक्ति के लिए किन्हीं भी निम्न शब्दों तक जा सकती है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने प्रेस को जारी एक बयान में कही है। उन्होंने कहा कि रित चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की तुलना जनरल डायर से करना कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है कि वह सत्ता के लिए किस तरह से बौखलाए हुए हैं। कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों के नरसंहार को याद करना चाहिए कि किस तरह से उन्होंने बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतरवाया है और आज भी उनके परिवार इंसाफ के लिए तरस रहे हैं। संजय शर्मा ने कहा कि किस तरह सिखों को उनके घरों से निकालकर सड़कों पर जिंदा जला दिया गया था। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने पीएम मोदी को गाली दी है वह और मजबूत होकर देश के नेतृत्व के लिए आगे आए हैं और उनकी लोकप्रियता बड़ी है।

### छात्रों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में सड़क सुरक्षा क्लब के सौजन्य से सड़क सुरक्षा के ऊपर कार्यशाला एवं व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने किया। इस कार्यशाला के मुख्य प्रवक्ता पुलिस विभाग के थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम एवं मोटर वाहन अधिनियम के मुख्य प्रावधानों की व्याख्या की। उन्होंने दैनिक जीवन में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती समस्या के ऊपर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय से प्रकाशित समाचार के मुताबिक वर्ष 2022 के मुकाबले 2023 में हिमाचल में सड़क दुर्घटनाओं में 13 प्रतिशत कमी दर्ज की है। इसका कारण सड़क सुरक्षा अभियानों के तहत जागरूकता बढ़ रही है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरिंद्र सोनी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ पढ़ने तक ही सिमित नहीं है, परंतु हमें इसे अमल में लाना चाहिए नहीं तो परिणाम भुगतने होंगे। इस अवसर प्राचार्य डॉ. सोनी ने बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी, नोडल ऑफिसर डॉ. राजीव कुमार, थाना प्रभारी रमेश ठाकुर, महिला पुलिस आरक्षी रेनु एवं ममता मौजूद रहे।

### प्रो. वीरेंद्र कुमार को वरिष्ठ फेलोशिप से किया सम्मानित

**पालमपुर।** प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार, पूर्व सह-निदेशक (प्रसार) और विभागाध्यक्ष, कृषि अर्थशास्त्र, प्रसार शिक्षा और ग्रामीण समाजशास्त्र विभाग चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली की वरिष्ठ फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस फेलोशिप के दौरान वह हिमाचल प्रदेश की कृषि पर शहरी फैलाव की सीमा, कारणों और प्रभावों की जांच करने के लिए शोध करेंगे।

### किसान सम्मान निधि योजना के साथ जुड़ेंगे छूटे किसान

**धर्मशाला।** किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित पात्र किसानों के लिए शामिल करने के लिए 21 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत केवाईसी तथा लैंड सीडिंग तथा आधार मैपिंग के साथ पटवार सर्किल स्तर पर छूटे हुए पात्र किसानों का पंजीकरण लोकमित्र केंद्र की टीम के माध्यम से करवाना सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसान सम्मान निधि योजना के तहत शत-प्रतिशत पंजीकरण हो सके।

**गुस्सा** किसानों की संघर्ष समिति के सदस्यों ने काम रोकने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## साहब! जल्द रोका जाए चेकडैम का काम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

उपमंडल नगरोटा बगवां की पंचायत कवाड़ी के निहांडा बनेर खड्ड बाण गंगा पर जल शक्ति विभाग द्वारा बनाए जा रहे चेकडैम के कार्य को रोकने के लिए कबाड़ी के किसानों की संघर्ष समिति ने रोष जताते हुए इस कार्य को रोकने और कही दूसरी जगह बनाने हेतु नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र के किसानों की भूमि की सिंचाई के लिए बनी नागनपट्ट कूहल के मुहाने पर जल शक्ति विभाग द्वारा बनाए जा रहे चेकडैम को तुरंत प्रभाव से रोका जाए।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंगल चौधरी, उपाध्यक्ष अंजीव चौधरी, सचिव रंजीत सिंह, महासचिव सुरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष लेख राज, सचिव आशा देवी, कोषाध्यक्ष विकेश ने संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा है कि किसानों की कृषि योग्य भूमि के लिए आने वाली कूहलों के मुहाने पर उपरोक्त चेकडैम का निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा था। इसके विरोध में ग्रामीणों ने दो जनवरी को एसडीएम को ज्ञापन दिया था। इसकी प्रतिलिपियां अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग नगरोटा बगवां, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, कृषि मंत्री, जिलाधीश कांगड़ा, विधायक आरएस बाली, तहसीलदार नगरोटा बगवां, थानाध्यक्ष को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई थी। ज्ञापन में संघर्ष समिति ने कहा है कि 16 जनवरी को कवाड़ी गांव के कृक्षक किसानों ने चेकडैम निर्माण स्थल पर जाकर शांति पूर्वक विरोध दर्ज करवाया था। किसान नेताओं ने बताया कि उन्होंने चेकडैम प्रोजेक्ट अधिकारी प्रेम चंद द्वारा फोन पर किसानों से संपर्क साध कर चेकडैम के लिए दूसरी जगह सुझाने बारे कहा गया तब गांव के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बनेर खड्डु पतन के साथ वाली जगह चेकडैम अधिकारी को बनाने का सुझाव दिया था। इस पर सहमति बनी थी, परंतु अधिकारी को बताया गया था की अंतिम निर्णय सभी गांव वालों से सलाह लेकर किया जाएगा। किसानों द्वारा सर्व सहमति से पारित हुआ था कि जिस जगह पर निहंडा बनेर खड्डु पतन के पास चेकडैम का निर्माण विभाग द्वारा करवाया जा रहा है।

### कूहलों के पानी को नहीं होगा नुकसान

**इस** बारे जल शक्ति विभाग के एसडीओ अभिषेक भाटिया का कहना है कि उक्त स्थल पर विभाग डीवर्जन बीयर का कार्य कर रहा है। इससे कूहलों के पानी को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि जिस जगह पर कूहल का मुहान है। वहां पर खड्डु से ऊपर की ओर से पानी का बहाव बनाया जाएगा। इससे कूहल में और ज्यादा पानी का प्रवाह मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि किसान चिंतित न हो। विभाग किसानों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहता है।

### शान्या का सालाना 51 लाख का पैकेज

**पालमपुर।** पालमपुर की बेटी शान्या त्रेहन ने अमेरिका की माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में सालाना 51 लाख पैकेज के साथ प्लेसमेंट पाकर अपने माता-पिता तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शान्या त्रेहन ने पालमपुर के देहन्न में स्थित आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल से अपनी पढ़ाई मुकम्मल की थी तथा उसके उपरांत चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) में इंजीनियरिंग करने के पश्चात उसकी अमेरिका की माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में प्लेसमेंट हुई है। इस उपलब्धि पर आधारशिला स्कूल के डायरेक्टर राकेश खेर तथा प्रिंसिपल संजय खेर ने शान्या त्रेहन तथा उसके पूरे परिवार को आधारशिला परिवार की तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### मददगार बनी गद्दी-सिप्पी उत्थान संस्था

**धर्मशाला।** शनिवार को गद्दी सिप्पी उत्थान संस्था के अध्यक्ष देश राज की अध्यक्षता में चंबा जिले के डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के हिरनोता गांव में बर्फ से गिरे मकान का जायजा लिया तथा परिवार की आर्थिक मदद की। धर्मशाला के देश राज ने बताया कि टेक चंद के मकान का एक हिस्सा गिर गया था। संस्था ने शनिवार को वहां पहुंच कर पिड़ित परिवार को फौरी राहत भी दी। गद्दी सिप्पी उत्थान संस्था ने स्थानीय प्रशासन से प्रभावित टेक चंद की मदद करने की मांग की है।

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है 'क्रोध', इसलिए मनुष्य को अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए। –महात्मा बुद्ध



# संदेशखाली विवाद से पश्चिम बंगाल में सियासी तूफान

**संदेशखाली** विवाद से पश्चिम बंगाल में सियासी तूफान आ गया है। राज्य के नॉर्थ 24 परगना जिले में स्थित बांग्लादेश की सीमा से सटे संदेशखाली क्षेत्र का नाम आज से पहले शायद ही किसी ने सुना होगा। आखिर यकायक संदेशखाली का नाम हर अखबार पर क्यों छा गया? दरअसल, मामला महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़ा हुआ है।

महिलाओं का आरोप है कि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के नेता शाहजहां शेख ने उनका यौन उत्पीड़न किया और फिर जबरन जमीनों पर कब्जा कर लिया। संदेशखाली का मुद्दा अब राजनीतिक रंग ले चुका है। बीजेपी ने जहां टीएमसी पर महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का आरोप लगाया तो वहीं, टीएमसी बीजेपी पर विवाद को भड़काने का आरोप लगाती है।

बड़ी संख्या में संदेशखाली की महिलाएं पिछले कुछ दिनों से ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाएं शाहजहां शेख और उसके गुर्गों को गिरफ्तार करने की मांग कर रही हैं। महिलाओं ने पुलिस पर आरोपियों से सांठ-गांठ करने का आरोप भी लगाया है। पांच जनवरी को जब प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम राशन घोटाला मामले में जांच करने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के संदेशखाली वाले आवास पर छापेमारी करने पहुंची थी, तो वहां ईडी की टीम पर हमला किया गया।

पत्थरबाजी हुई और उन्हें वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया। घटना के एक महीने बाद संदेशखाली की स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, तब से लगातार हर दिन प्रदर्शन हो रहे हैं। विवाद तब बढ़ गया, जब नौ फरवरी को प्रदर्शनकारी महिलाओं ने शाहजहां शेख के समर्थक हाजरा के स्वामित्व वाले तीन पोल्ट्री फार्म में आग लगा दी। प्रदर्शनकारी महिलाओं का दावा है कि शाहजहां शेख के गुर्गे रात में आकर जबरन उठाकर ले जाते थे और सुबह छोड़ दिया करते थे। उनसे रातभर काम कराया जाता था। सभी से कहा जाता था रात 12 बजे मीटिंग है, जाना ही है।

कोई भी पीड़ित महिला डर के चलते कैमरे के सामने नहीं बोलती थी। पुलिस से शिकायत की, मगर कभी कोई मदद नहीं की। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के गुमशुदा होने के मामले में पश्चिम बंगाल दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। 2018 में जहां महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 33,964 महिलाओं के मिसिंग होने की रिपोर्ट दर्ज हुई, वहीं उससे कम जनसंख्या वाले राज्य पश्चिम बंगाल में 31,299 ऐसे मामले दर्ज हुए।

इनमें कोलकाता, नादिया, बारासात, बराकपुर, मुर्शिदाबाद में सबसे ज्यादा मामले आए। इतना ही नहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध मामले में भी पश्चिम बंगाल अग्रणी राज्यों में शामिल है। महिलाओं को अब सरकार पर ही भरोसा। उम्मीद की जानी चाहिए कि ममता बनर्जी सरकार इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेंगीं।

# रुचि, क्षमता व योग्यता के तहत निर्धारित करें बच्चे का लक्ष्य



लेखक : राजेश कुमार जसवाल
सहायक जन संपर्क अधिकारी, जोगिंद्रनगर

**देश** में प्रतिवर्ष फरवरी, मार्च व अप्रैल महीनों में वार्षिक व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का दौर शुरू होते ही छात्रों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। इन वार्षिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव के चलते व उससे उत्पन्न होने वाले मानसिक तनाव के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों छात्र आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठा लेते हैं। ऐसे में यदि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो वर्ष 2022 के दौरान देश में कुल एक लाख 70 हजार 924 लोगों ने आत्महत्या की है, जिनमें से अकेले 13 हजार छात्र ही हैं, जो कुल आत्महत्याओं का लगभग 7.6 फीसदी है। सबसे अहम बात यह है कि आत्महत्या करने वाले कुल 13 हजार छात्रों में से 2095 ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने परीक्षाओं में फेल होने के कारण अपनी जान दे दी। इससे भी महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जान देने वाले 18 वर्ष से कम आयु वाले कुल 1123 छात्र हैं, जिनमें 578 लड़कियां तथा 575 लड़के शामिल हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का आगे विश्लेषण करें तो देश में परीक्षाओं में असफल होने के कारण जहां वर्ष 2021 में कुल 1673 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं, तो यही आंकड़ा वर्ष 2022 में बढ़कर 2095 हो गया है। इसमें लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होना बेहद चिंतनीय विषय है। अगर कुल आत्महत्या के आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2021 में यह आंकड़ा एक लाख 64 हजार 33 था, जो 2022 में बढ़कर एक लाख 70 हजार 924 हो गया है, जिसमें भी लगभग 4.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। यही नहीं वर्ष 2022 में छात्रों द्वारा आत्महत्या के कुल 10 हजार 204 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से 18 वर्ष से कम आयु वालों का यह आंकड़ा 1123 रहा है। ऐसे में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से आधे से अधिक मामले 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों व किशोरों के हैं, ऐसे में देश के बुद्धिजीवियों व चिंतकों के सामने यह प्रश्न आकर खड़ा हो जाता है कि आखिर देश के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए क्या हमारी परीक्षा प्रणाली दोषी है या फिर बदलते परिवेश में हमारा पारिवारिक व सामाजिक ढांचा उन्हें ऐसे आत्मघाती पग उठाने के लिए बाध्य करता है? लेकिन परीक्षा प्रणाली में मूल्यांकन की बात करें तो बदलते वक्त के साथ-साथ कई अहम बदलाव भी हुए हैं।

वार्षिक परीक्षाओं के कारण होने वाले मानसिक तनाव को कम करने की दिशा में विभिन्न शिक्षा बोर्डों ने कई कदम भी उठाए हैं, लेकिन इन सब प्रयासों के बावजूद छात्रों द्वारा आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठाना बेहद चिंतनीय है, ऐसे में यदि स्कूली स्तर की वार्षिक परीक्षाओं की बात करें तो एक तरफ जहां बच्चों पर बेहतर प्रदर्शन करने का हमेशा कक्षा के भीतर दबाव बना रहता है, तो दूसरी तरफ पारिवारिक व सामाजिक दबाव भी कुछ हद तक बच्चों को झेलना पड़ता है।

कई बार यह भी देखने को मिलता है कि बच्चा वर्ष भर नियमित तौर पर कक्षाएं लगाता है तथा वार्षिक परीक्षा के दौरान बीमारी या अन्य पारिवारिक समस्या के कारण ठीक से परीक्षा नहीं दे पाता है, तो स्वाभाविक है कि इसका प्रभाव भी बच्चे के परीक्षा परिणाम पर पड़ता है। इसके अलावा बदलते पारिवारिक व सामाजिक परिप्रेक्ष्य में मां-बाप की ऊंची व बढ़ती अपेक्षाओं का दबाव भी बच्चों को झेलना पड़ता है। ऐसे में यदि किसी एक कारण से भी बच्चा वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर न कर पाए तो प्रतिभाशाली व होनहार बच्चा भी मानसिक व सामाजिक दबाव का शिकार आसानी से हो सकता है। इसका नतीजा कई बार बच्चों द्वारा आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठाने के तौर पर सामने आता रहता है।

समय-समय पर हुए शैक्षिक अध्ययनों की बात करें तो परीक्षाओं के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने तथा मनचाहे प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला पाने को लेकर बच्चों पर मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या करने के मामले बढ़ जाते हैं। ऐसे अध्ययनों में यह बात भी सामने आई है कि बच्चों में मानसिक दबाव के लिए परिवार और समाज का बेहताशा प्रतिस्पर्धी माहौल भी कम जिम्मेदार नहीं रहता है। इसके अलावा सामाजिक ढांचे में आ रहे बदलाव, संयुक्त परिवारों का लगातार बिखराव, शहरों में मां-बाप का नौकरीपेशा होना इत्यादि कारणों से बच्चे लगातार उपेक्षा के शिकार होते हैं। संयुक्त परिवारों के कारण बुजुर्गों की उपलब्धता जहां बच्चों को कई तरह के मानसिक दबाव झेलने में कारगर साबित होती है, तो वहीं समय-समय मार्गदर्शन भी मिलता रहता है, लेकिन बदलते दौर में एकल परिवारों के बढ़ते चलन के कारण न केवल बच्चे मानसिक तनाव को झेलने में कमजोर पड़ते दिखाई दे रहे हैं, बल्कि अभिभावकों की बच्चों से उनकी क्षमताओं व रुचिओं के विपरीत बढ़ती अपेक्षाएं आग में घी का काम कर रही हैं, साथ ही बच्चों का खेल मैदान से दूर होना, टीवी व मोबाइल में अधिक समय तक कार्यशील रहना इत्यादि भी बच्चों को मानसिक व शारीरिक तौर पर कमजोर बना रहा है।

ऐसी परिस्थितियों में शिक्षा ढांचे से जुड़ी तमाम एजेंसियों के साथ-साथ समाज, शिक्षकों, शिक्षण संस्थाओं एवं अभिभावकों का व्यापक तौर पर जागरूक होना तथा एक मंच पर खड़ा होना लाजमी हो जाता है। स्कूलों व शिक्षण संस्थानों को जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से किताबी ज्ञान से आगे बढ़ते हुए खेलकूद, सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं अन्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर बल देना होगा, ताकि हमारे बच्चे मानसिक व सामाजिक तौर पर सशक्त बन सकें, साथ ही परिवार व समाज को भी भावी पीढ़ी को जीवन के उस सत्य से रू-ब-रू करवाने में किसी प्रकार की झिझक नहीं होनी चाहिए, जिसने जिंदगी को केवल परीक्षाओं में उच्च अंक व मनचाहे प्रोफेशन तक ही सीमित कर दिया है। हमें भावी पीढ़ी को इस बात से बखूबी परिचय कराना चाहिए कि व्यक्ति का जीवनकाल अपने आप में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिसका वह पग-पग पर सामना करते हुए जीवन के संघर्ष में विजयी होता है।

आज के दौर में बच्चों को किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा उस व्यवहारिक ज्ञान की जरूरत है, जिससे हमारी नौजवान पीढ़ी लगातार अनभिज्ञ होती जा रही है। हमें भावी पीढ़ी को कड़ी मेहनत के साथ-साथ जीवन में संपूर्ण निष्ठा, तप, त्याग, लगन, धैर्य, ईमानदारी तथा इन सबसे ऊपर नैतिकता व आदर्शों का पाठ पढ़ाना जरूरी हो गया है, जिसे हमने बनावटी जीवन की चकाचौंध में कहीं पीछे धकेल दिया है। हमें बच्चों को कल्पनाओं से भरी सफलताओं के कागजी ख्यालों से बाहर निकाल कर जीवन के वास्तविक सत्य से रू-ब-रू करवाने पर जोर देना चाहिए। हकीकत तो यह है कि आज हमने जीवन की सफलता को महज अंकों, ऊंचे पद व मनचाहे प्रोफेशन को पाने तक ही सीमित कर दिया है, लेकिन जीवन का वास्तविक सत्य इनसे भी कहीं आगे है। जरूरत है बच्चों व युवाओं को उन महान हस्तियों की जीवनी से अवगत करवाने की, जो जिंदगी के शुरुआती दौर में असफलता के बावजूद जिंदगी के अंतिम मुकाम में सफल होकर दुनिया के लिए मिसाल बन गए।

ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जहां हमारे शिक्षण संस्थानों को बच्चों में कठिन परिश्रम, ईमानदारी व उच्च मूल्यों एवं आदर्शों का समावेश गंभीरता से करना होगा, तो वहीं अभिभावकों को भी बच्चों की रुचि, क्षमता व योग्यता को ध्यान में रखकर ही लक्ष्यों का निर्धारण करना चाहिए, अन्यथा क्षमता से अधिक महत्वाकांक्षा प्रतिवर्ष सैकड़ों बच्चों को असमय ही मौत के आगोश में समाने को मजबूर करती रहेगी।

नजरिया

# सोनिया ने क्यों दिया रायबरेली को भावनात्मक संदेश?



लेखक : प्रभुनाथ शुक्ल
हिंदुस्थान समाचार

**'मैं** अपने बच्चों को भीख मांगते देख लूंगी, परंतु मैं राजनीति में कदम नहीं रखूंगी।' यह पीड़ा सोनिया गांधी की थी, जो उन्होंने अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को खोने के बाद व्यक्त की थी। यह एक मां और औरत की पीड़ा थी, क्योंकि राजीव को खोने के बाद सोनिया अकेली पड़ गई थीं। वह डरी और सहमी थीं, क्योंकि पारिवारिक संघर्ष में वह अकेली थीं। उन्हें सबसे अधिक फिक्र दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा की थी। इसकी वजह से वह राजनीति में नहीं आना चाहती थीं। वह राजनीति की वजह से पति और सास को खो चुकी थीं। इसकी वजह से उन्हें राजनीति से घृणा हो गई थी।

सोनिया के दृढ़ संकल्प ने उन्हें विषम परिस्थितियों में भी डिगने नहीं दिया। कांग्रेस को संभालने के लिए उन्हें अंततः राजनीति में आना पड़ा। लंबे कालखंड के बाद सोनिया गांधी ने अब सक्रिय राजनीति को अलविदा कह दिया है। खराब स्वास्थ्य के चलते अब वह चुनाव नहीं लड़ेंगी और राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस की सेवा करेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता के नाम एक भावनात्मक चिट्ठी लिखी है। सोनिया गांधी के इस फैसले के बाद अब देखना यह होगा कि रायबरेली की सीट क्या कांग्रेस के लिए सुरक्षित रह पाएगी या अमेठी की तरह उस पर भी भाजपा का कब्जा हो जाएगा।

सोनिया गांधी के इस फैसले पर भाजपा ने तंज कसा है। कांग्रेस ने इसे सोनिया गांधी का निजी फैसला बताया है। कांग्रेस बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के फैलाव से कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ता जा रहा है है। सच यह है कि कमजोर कांग्रेस को मजबूत आधार दिलाने वाला कोई राजनेता नहीं दिख रहा है। प्रियंका गांधी से पार्टी को काफी उम्मीद थी, लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्हें जो करिश्मा करना था, वह नहीं कर पाईं। ऐसी स्थिति में सक्रिय राजनीति से सोनिया गांधी का अलग होना कांग्रेस को किस दिशा में लेकर जाएगा, यह कहना मुश्किल है।

अंदाज-ए-बयां

## माता कालरात्रि

**मां** के त्रिनेत्र ब्रह्मांड सरीखे गोल,
भक्तों कालरात्रि को जय बोल।
नासिक से निकले भयंकर ज्वाला,
भूत प्रेत, दानव का निकले दिवाला ,
साधक मन सहरि चक्र में लगाए,
पिंगला नाड़ी पर अधिकार माये,
सर्वस्व भक्तों को देने वाली,
बदले में कुछ न लेने वाली।
अंतर्मन में करें ध्यान,
सर्वसिद्धि का मिले वरदान।
नवराते सातवें कालरात्रि मैय्या,
रूप भयंकर श्यामल रंग प्यारा,
पीती हलाहल विष का प्याला।
सजी है गले नरमुंड माला,
शुंभ, निशुंभ का किया सफाया,
सुबह खीर भोग, शाम ऋतु फल खिचड़ी चढ़ाया,
108 गुड़हल माला से प्रसन्न चामुंडा महामाया।
शब्दकोश में शब्द अभाव,
लेखनी में कम स्याही।
वैश्विक महामारी से मुक्ति दिलाई, अब देर न करो महामाई।

रवि कुमार
बिलासपुर (हिप्र)

# किसानों का 'दिल्ली चलो मार्च' हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा



लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

**मरने-मारने** के अंदाज में किसान एक बार फिर सड़कों पर उतर आए हैं। चुनाव माहौल गरम होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादे पर डट जाते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो मार्च' हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिनभर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाए। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपए के लोन माफ हो जाएं। सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं, पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है, जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्नदाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था, बेईमानी करने के लिए?

जानकारों के अनुसार, केंद्र सरकार केवल समग्र कृषि योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली सहायता राशि का अगर औसत आकलन किया जाए तो प्रत्येक किसान पर कृषि एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत हर साल लगभग 22 हजार रुपए से ज्यादा खर्च कर रही है। अब आंदोलनकारी किसान यह भी कह रहे हैं कि पराली जलाने पर उन पर कोई दंड न हो। यानी कि प्रतिदिन इनकी नई-नई मांगें सामने आ रही हैं। पराली जलाने के कारण कितना वायु प्रदूषण फैलता है और उससे कितने लोग प्रभावित होते हैं, इससे किसान लगभग बेपरवाह हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने दिखा दिया है कि कैसे पराली जलाने वालों पर लगाम लगाई जा सकती है। किसानों को पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार और खालिस्तानी तत्वों का खुलकर नैतिक और आर्थिक समर्थन मिल रहा है। खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू किसानों के विरोध-प्रदर्शन में खालिस्तानी तत्वों से घुसपैठ करने का खुलेआम आग्रह किया है। सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल हो रहे अपने नए वीडियो में पन्नू ने किसानों की रैली में खालिस्तानी झंडे लहराने को कहा है। पन्नू ने कहा कि पंजाब के किसानों को दिल्ली से जो मांगा, आज तक कुछ नहीं मिला। जमीनें आपकी, फसलें आपकी और सरकार हिंदुओं की दिल्ली से चल रही है।

दिल्ली पर हमें कब्जा करना पड़ेगा। अब आप जान लें कि किसानों को कहां से खाद-पानी मिल रहा है। दिल्ली की तरफ बढ़ रहे किसान सब किसानों को 60 साल की उम्र के बाद 10 हजार रुपए प्रति माह पेंशन देने की मांग कर रहे हैं। इस मांग को करने वालों से पूछा जाना चाहिए कि क्या 10 हजार रुपए उन किसानों को भी मिलें जो लैंड क्रूजर और बाकी महंगी कारों में घूमते हैं। मुझे कुछ दिन पहले भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एक रिटायर जनरल मैनेजर बता रहे थे कि उन्हें 2600 रुपए पेंशन मिलती है। कायदे से तो उन्हें भी किसानों की तरह से सड़कों पर उतर जाना चाहिए, पर सिर्फ लड़ने से बात नहीं बनती। समझदार इंसान जानता है कि सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं। किसानों को समझना होगा कि वे बंदूक के दम पर सरकार पर दबाव नहीं डाल सकते। उस हालात में सरकार को झुकना मुश्किल ही नहीं असंभव होगा।

# पारंपरिक व्यवसाय लुप्त होने से अर्थव्यवस्था गड़बड़ाई



लेखक : रामलाल पाठक
गांव निहारखन बासला (चिड़की)

**जनसंख्या** बढ़ जाने के साथ ही हमारे देश व प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, पशुपालन एवं बागवानी आदि का कार्य कम हुआ है तथा पारंपरिक व्यवसाय नाममात्र रह गए हैं। इसके साथ ही लघु एवं कुटीर उद्योग बंद हो गए हैं। ग्रामीण स्तर पर रोजगार के साधन न के बराबर हो गए हैं। ग्रामीणों ने अब पहले की तरह कड़ी मशक्कत करनी भी छोड़ दी है। इससे उन में गर्मी व सर्दी सहन करने की भी क्षमता कम हुई है, नतीजतन उन्हें बीमारियां घेरने लगी हैं।

कृषि से संबंधित आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ जाने से भी पारंपरिक खेती प्रभावित हुई है, पहले जिस खेत में हल चलाने के लिए चार-पांच घंटे लगते थे, अब उसी काम को ट्रैक्टर द्वारा कुछ ही मिनटों में पूरा कर लिया जाता है और भी कई काम आधुनिक मशीनों से हो रहे हैं। मशीनों में थोड़ी मेहनत से अच्छी चीज बनाई जा सकती है। इसमें समय भी कम लगता है तथा इससे बना उत्पाद भी सस्ता पड़ता है, नतीजतन ग्रामीण स्तर पर यदि कोई कारीगर अपने पारंगत व्यवसाय से जुड़ा है, उसे अपने हाथ से बनाए उत्पाद को बड़ी मुश्किल से औने-पौने दाम पर बेचना पड़ता है। अकसर ऐसे कारीगरों को काफी घाटा भी उठाना पड़ता है। इस देखा-देखी में पारंपरिक व्यवसाय खत्म हो रहे हैं तथा लघु एवं कुटीर उद्योग अपना अस्तित्व खो रहे हैं। पिछले करीब पांच दशकों से पारंगत व्यवसाय से जुड़े लोगों के पास काम तो है, लेकिन उनको उससे उतनी भी आय नहीं हो रही है कि वे ठीक ढंग से अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। सरकार उन्हें जो आर्थिक सहायता देती है, उससे 'हाथी के मुंह में जीरा' वाली कहावत चरित्रार्थ होती है। हालांकि सरकार लघु एवं कुटीर उद्योगों के पुनरोत्थान के लिए संबंधित लोगों को वित्तीय मदद भी दे रही है, जो पर्याप्त नहीं है। वर्तमान में लोगों को ऐसा रोजगार चाहिए, जिसमें प्रति माह उन्हें निर्धारित धनराशि मिले, ताकि आसानी से अपना व अपने परिवार का गुजारा हो सके।

ग्रामीण क्षेत्र में बड़े उद्योग स्थापित न होने से युवा वर्ग रोजगार की तलाश में गांव से शहरों की ओर पलायन कर रहा है, इसलिए सारा सामाजिक ढांचा नगरों-महानगरों के आसपास बिखर गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर उपजाऊ भूमि बंजर होने के कगार पर है। उस भूमि में बड़ी मात्रा में जहरीली घास फैल गई है, जिससे पशु चारे की कमी हो गई है। नतीजतन पशुपालकों ने अपने पशु नगर-कस्बों की ओर धकेल दिए हैं। पहले गांव में जब व्यापक स्तर पर कृषि का काम होता था तथा उसके साथ और भी कई पारंपरिक व्यवसाय जुड़े थे, किसान अपनी उपज से ही उनका मेहनताना चुकाते थे। नकद पैसे का लेनदेन बहुत ही कम था।
ऐसा भी कहा जा रहा है कि सरकार की कुछ कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर कम ही दिखाई दे रही हैं। यह भी सच्चाई है कि कुछ लोगों के ढुलमुल रवैये के चलते कृषि एवं पशुपालन के व्यवसाय में बेहद कमी आई है, जिसे अब पटरी पर लाना मुश्किल है। एक समय था, जब किसान अपनी उपज से अपने परिवार के साथ ही अन्य पारंपरिक व्यवसाय करने वालों के परिवारों का भी पेट भरता था। लोहे या लकड़ी का काम करने वाला लोहार, किसानों के औजार व अन्य उपकरण बनाते थे। पंज्याड़े बांस से टोकरियां, अनाज रखने वाली बड़ी बड़ी पेटियां व अन्य छोटी मोटी वस्तुएं बनाते थे।

खड्डों नालों के किनारे घराट चलाने वाला घराटी, आटा पीसते। मिट्टी के बर्तन बनाने वाला कुम्हार, जूते बनाने या उनकी मरम्मत करने वाला मोची, बाल काटने वाला नाई तथा ऊनी कपड़े बुनने वाले आदि व्यवसायों से जुड़े लोग अब गांव में कहीं ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। लोगों को रोजी-रोटी की तलाश में कहीं दूर जाना स्वभाविक ही है। अपने घर का खर्च चलाने के लिए उन्हें नकद पैसे की बेहद जरूरत रहती है। पहले ऐसे व्यवसाय करने वालों की काफी कदर होती थी। किसान हर फसल आने पर उन्हें काम के मुताबिक अनाज देते थे। इससे उनका गुजारा चला रहता था। ये सब किसानों की जरूरतों को पूरा किया करते थे। लोग अनाज बेचकर रोजमर्रा का सामान खरीद लिया करते थे, लेकिन अब लोगों की दौड़ अधिक से अधिक पैसे जुटाने के लिए हो गई है। हम जो खा-पी रहे हैं, उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसलिए बीमारियां बढ़ी हैं। हालांकि सरकार ने परंपरागत व्यवसायों के पुनरोत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं। उनका सही ढंग से कार्यान्वयन नहीं होने से कोई सुधार नहीं हो रहा है तथा ऐसे व्यवसाय फिर से नहीं पनप रहे हैं। यह तभी संभव हो पाएगा, यदि कृषि के क्षेत्र का व्यापक स्तर पर उत्थान होगा क्योंकि यह सब व्यवसाय कृषि से ही जुड़े हैं।

इसके साथ ही पशुपालन व्यवसाय भी नाममात्र का रह गया है। हालांकि अब कृषि कार्य ट्रैक्टर अन्य मशीनों से हो रहा है, फिर भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अभी भी बैलों से ही खेती की जाती है। ऐसे किसानों का बैल पालने के लिए प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है। पशुपालन से दूध उत्पादन के साथ ही गोबर की गली सड़ी खाद उपलब्ध होगी। इससे कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, जबकि दुग्ध उत्पादकों को दूध का घर-द्वार उचित मूल्य मिलना चाहिए। यदि पशुपालकों को उचित व नकद प्रोत्साहन मिले तो कोई भी अपने पशु कस्बों या शहरों में नहीं छोड़ेंगे। हालांकि योजनाएं कितनी कामयाब होती हैं, यह तो सर्वविदित ही है। बाद में यह कहकर मामला खत्म कर दिया जाता है कि जिस कार्य के लिए ऋण लिया था, वह काम ही नहीं चल पाया। सरकार यदि कृषि व्यवसाय के उत्थान का प्राथमिकता के आधार हल निकाले, तभी बेरोजगारी की समस्या का कुछ हद तक हल होगा तथा दिनोंदिन बढ़ती महंगाई भी कुछ कम होगी। इसके लिए नई योजनाएं बनाने की आवश्यकता है तथा उन्हें ईमानदारी से लागू किए जाने की जरूरत है।

# पहाड़ी चित्रकला की विभिन्न शैलियों में रामायण की उपलब्धता



ब्लॉगर

पारुल अरोड़ा
पैलेस कॉलोनी, मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**यथा** सुमेरुः प्रवरो नगानां यथाण्डजानां गरुड़ः। यथा नराणां प्रवरः क्षितीशस्तथा कलानामिह चित्रकल्पः।। विष्णुधर्मोत्तरपुराणम जैसे पर्वतों में सुमेरु पर्वत, पक्षियों में गरुड़ और मनुष्यों में राजा श्रेष्ठ है, वैसे ही कलाओं में चित्रकला सर्वश्रेष्ठ है। भीम बैठका मध्य प्रदेश में प्रागैतिहासिक काल की लगभग 700 गुफाएं हैं। इन गुफाओं की विशेषता इन गुफाओं में उस काल खंड के जनजीवन के चित्र हैं। इन गुफाओं की खोज डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ने की थी। इस खोज से ज्ञात होता है कि भारत में चित्रकला कितनी प्राचीन है और विश्व भर के चित्रकारों ने भारतीय चित्रकारों और चित्रकला से प्रेरणा ली। चित्रकला की विभिन्न शैलियों में पहाड़ी चित्रशैली विश्व भर की चित्र शैलियों में अपना स्थान रखती है। पहाड़ी चित्रकला की मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, बिलासपुर, गुलेर, चंबा बसोहली इत्यादि शैलियों में त्रेता युगीन रामायण के प्रत्येक कांड पर आधारित सैकड़ों वर्ष पुराने हस्त निर्मित चित्र देश-विदेश के संग्रहालयों की शोभा बढ़ा रहे हैं। यह चित्र लाखों रुपए में नीलाम भी किए जाते हैं। निजी संग्रह में भी इन चित्रों की श्रृंखला उपलब्ध है। इन चित्रों में प्रयोग किए जाने वाले रंग प्राकृतिक होते थे।

पहाड़ी गोवंश को कुछ दिनों तक एक प्रकार के पेड़ के पत्ते खिलाए जाते हैं। गाय के गोबर को गो मूत्र में मिला कर ऐसे रंग तैयार किए गए जिनकी चमक आज भी वैसी ही बनी हुई है। पृथ्वी से निकलने वाले खनिज पदार्थों यहां तक कि सोने का भी प्रयोग किया जाता था। गिलहरी की पूंछ के बाल से तुलिका तैयार की जाती थी। यह चित्र हस्तनिर्मित कागज पर बनाए जाते थे। राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली में मंडी शैली से संबंधित रामायण पर आधारित चित्रों को देख सकते हैं। इन चित्रों के ऊपरी, दाएं, बाएं, नीचे और पिछले भाग में टांकरी लिपि और हिमाचली भाषा पढ़ने में आती है। चित्र जिस कांड के भाग पर आधारित होंगे, तो रामायण का वह भाग वहां लिखा होगा। टांकरी लिपि में भी साहित्य लिखा जाता था। संस्कृत महाकाव्य रामायण की पहाड़ी चित्रकला में शांगरी रामायण के नाम से एक अलग श्रृंखला भी मिलती है।



इन चित्रों को डिजिटल रूप में युवा पीढ़ी, शोधकर्ताओं, रुचि रखने वाले छात्रों, व्यक्तियों को उपलब्ध करवाया जाना चाहिए, ताकि हमारी यह अमूल्य कला का संरक्षण संवर्धन हो सके। पिछले तीन वर्षों से टांकरी लिपि प्रशिक्षण केंद्र मंडी में इन दुर्लभ चित्रों को डिजिटल रूप में एकत्रित कर रहे हैं। टांकरी लिपि और हिमाचली भाषा में लिखी रामायण और अन्य साहित्य इतिहास महत्वपूर्ण जानकारियों को हिंदी व देवनागरी लिपि में अनुवाद भी किया जा रहा है।

## रिश्तों के खून हो गए

*बाहर कुछ, अंदर कुछ, कैसा है अपनापन*
*स्मार्ट है आर्ट, कैसा रिश्ता, कैसा मीठापन।*
*हर औरत मंथरा हो गई*
*सास आज कैकेयी हो गई*
*पर सुख देख नहीं पाती*
*षडयंत्र की पराकाष्ठा हो गई।*
*तालमेल कहां है, संस्कृति हुई दिव्य स्वप्न*
*बाहर कुछ, अंदर कुछ, कैसा है अपनापन।*
*भाई कौरव पांडव हो गए*
*बहुत से विभीषण हो गए*
*स्वार्थ फरेब का पहन चोला*
*रिश्तों के खून हो गए।*
*मेलजोल है कहां, भाईचारे में है बनावटीपन*
*बाहर कुछ, अंदर कुछ, कैसा है अपनापन।*
*कुछ तो करते चोरी*
*कुछ करते हैं सीनाजोरी*
*डर नहीं है किसी का*
*ऐसे ऐसे हैं वे टपोरी।*
*सांठ-गांठ में माहिर, मिनटों में कर लेते जतन*
*बाहर कुछ, अंदर कुछ, कैसा है अपनापन।*
*आदमी अब आदमी न रहा*
*बुरा करने से डर न रहा*
*आदमी से पीड़ित आदमी*
*मन में दया भाव न रहा।*
*न दीन न धर्म, चाहत है आकूत धन*
*बाहर कुछ, अंदर कुछ, कैसा है अपनापन।*

अनिल शर्मा नील

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पीड़ित ट्राइबल भवन सराय में शिफ्ट

## जिला प्रशासन ने चूक सुधारते हुए दिया आश्रय, प्रभावित परिवारों ने ली राहत की सांस

**एमएम डैनियल, चंबा**

सुबह का भूला शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते है। इसी आलम से जूझते हुए जिला प्रशासन चंबा ने अपनी अधिकारिक चूक के पश्चात जिला मुख्यालय के चौगान वार्ड अधीन भूस्खलन की चपेट में आए मोहल्ला कश्मीरी के चार परिवारों को आखिरकार मुख्यालय स्थित ट्राइबल भवन सराय में शिफ्ट कर दिया। जिससे जहां पीड़ित परिवारों ने राहत की सांस ली है।

पीड़ित चार परिवारों को जनजातीय भवन बालू शिफ्टिंग के ऑर्डर जारी हुए लेकिन कई कारणों के अभाव से पीड़ित परिवार लॉट हुए भवन शिफ्ट नहीं हो पाए। अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र को पीड़ित परिवारों के शिफ्टिंग न होने की बात का संज्ञान होते ही मामले को तत्काल प्रभाव से उपायुक्त चंबा व एसडीएम चंबा के ध्यानार्थ लाया गया। जिस पर जिला प्रशासन चंबा की ओर से उपायुक्त चंबा ने मुख्यालय स्थित ट्राइबल भवन सराय में शिफ्ट करने के कड़े निर्देश जारी किए।

गौर हो कि भूस्खलन के मुहाने पर पहुंच चुके मोहल्ला कश्मीरी सहित शहर परिसर को बचाना जिला प्रशासन के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। जिसमें करोड़ों रुपए का खर्च होना है। जिसकी दूसरी बार बाकायदा एक बार फिर से डीपीआर तक तैयार हो चुकी है। जिस पर अब राज्य सरकार की मंजूरी शेष है। यदि इस बार भी सरकार की इस ओर अनदेखी होती है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि पहले भूस्खलन के मुहाने पर पहुंच चुके चार से छह मकान उसके बाद


मुख्यालय स्थित ट्राइबल भवन सराय में शिफ्ट हुए प्रभावित।

यह क्रम शहर परिसर की ओर बढ़ना शुरू हो जाएगा। भूस्खलन के खतरे से झूज रहे मोहल्ला कश्मीरी के पीड़ित परिवारों में रमेश चंद, अमित पाल पुत्र रमेश चंद विक्टर मसीह, सैम मसीह पुत्र विक्टर मसीह, जॉन स्टीफन, सैमुअल स्टीफन पुत्र जॉन स्टीफन, प्रवीण आनंद, विशाल आनंद पुत्र स्व. आशा आनंद, परवेज डैनियल, मुन्नवर वेग मिर्जा, ताहीर मिर्जा पुत्र मुनव्वर वेग मिर्जा, डॉ. विशाल महाजन, सुरेश महाजन, कर्शेंद्र महाजन, अधिवक्ता उज्वल महाजन पुत्र कर्शेंद्र महाजन, रेखा देवी पत्नी स्व. कुलदीप कुमार, विलियम मसीह के मकान व परिवार है। जिसमें रमेश चंद, विक्टर मसीह, जॉन स्टीफन, प्रवीण आनंद व परवेज डैनियल के मकान पहली कगार में है। जिसके बाद अन्य मकान इसकी जद में आ जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**



"चौगान वार्ड अधीन मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के पीड़ित चार परिवारों को मुख्यालय स्थित ट्राइबल भवन सराय में शिफ्ट कर दिया है। जहां उनके ठहरने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। जबकि भूस्खलन क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा के लिए अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं।

**अरुण शर्मा, एसडीएम, चंबा।**

### पार्षदों के समर्थन में उतरे कांग्रेस पार्टी के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी

# नगर परिषद के पार्षदों का धरना जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर तीसरे दिन भी हाऊस के निर्णयों से खफा पार्षदों का धरना जारी रहा। तीसरे दिन के धरने में कांग्रेस पार्टी के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंबा करतार सिंह ठाकुर की अगुआई में धरने पर बैठे। करतार सिंह ने कांग्रेस विचारधारा से जुड़े चारों वार्डों एवं मनोनित सदस्यों को अपना समर्थन प्रदान कर वह भी धरने पर बैठे।

इस अवसर पर करतार सिंह ने कहा कि चंबा नगर परिषद के वार्डों में चौगान, सुल्तानपुर, हरदासपुर व सुराड़ा में विकास कार्य न करवाए जाने को लेकर नगर परिषद कार्यालय चंबा के पार्षदों को धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़ा है। जिससे स्पष्ट है कि नगर परिषद चंबा हाऊस बैठकों में पक्षपात हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा विचारधारा वाला नगर परिषद चंबा का हाऊस है और कांग्रेस पार्टी समर्थक पार्षदों के विकास कार्यों की अनदेखी हो रही है तो इसके विरूद्ध कांग्रेस पार्टी परिषद हाऊस का विरोध करने से गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चंबा द्वारा चौगान, सुल्तानपुर, हरदासपुर व सुराड़ा वार्डों में लंबे समय से काम न करवाया जाना बेहद अफसोस का विषय है। उन्होंने कहा कि वार्डों के विकास कार्यों से आम जन जुड़ा हुआ है, लेकिन नप हाऊस आम जनता से ध्यान हटा कर केवल पार्षदों को टारगेट कर रहा है। नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर तीसरे दिन धरने पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंबा एवं मनोनित पार्षद करतार सिंह ठाकुर, कांग्रेस पार्टी जिला चंबा महासचिव नरेश राणा, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चंबा भूपेंद्र राजू, मनोनित पार्षद जीवन सलारिया, भावना गुलाटी सहित देव राज शर्मा, नेक राज, भूपेंद्र, नरेश राणा, पूर्व पार्षद जितेंद्र सूर्या, भावना गुलाटी, जितेंद्र मैहरा, भूपेंद्र राजू, महासू राम व चमन सिंह सहित कई पदाधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।


नप कार्यालय के बाहर तीसरे दिन धरने पर डटे पार्षद व कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### सैकड़ों भक्तों ने किए शनिदेव के दर्शन



**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड में स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकडों भक्तों ने शीश नवाया और शनिदेव के दर्शन किए। जबकि मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने शनि भक्तों को शनि महिमा के बारे में बताया। शनि महिमा पाठ प्रवचनों से अवगत करवाते हुए पुजारी ने बताया कि भाग्य विदाता ने हर एक व्यक्ति को अच्छे बुरे कर्म में पहचान करने के लिए बुद्धि को प्रदान किया है ताकि वह अच्छे व बुरे में अंतर ज्ञात कर सही राह का अनुसरण कर सके। इस मौके पर जिला के दूर-दराज क्षेत्रों से सैकड़ों भक्तों ने उपस्थिति दर्ज करवा भगवान शनिदेव के दर्शन किए।

### विशेष पीएम सम्मान निधि शिविर कल से

**चंबा।** जिला राजस्व अधिकारी जगदीश शर्मा ने बताया कि जिला चंबा में 19, 20 व 21 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में ईकेवाईसी, लैंड मैपिंग का कार्य पटवार कार्यालयों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के बैंक खातों के साथ ईकेवाईसी नहीं हो पाया है तथा जिन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हो रही है, वे सभी इन कैंपों में आकर अपना ईकेवाईसी लैंड मैपिंग, आधार सीडिंग करवाएं और इन कैंपों का लाभ उठाएं।

### प्रशिक्षुओं को मतदान के लिए जागरूक किया

**चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में हितेश बडियाल स्वास्थ्य शिक्षक की अध्यक्षता में एमबीबीएस प्रशिक्षुओं के लिए चुनावी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साक्षरता क्लब के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। लोकतंत्र में हर एक व्यक्ति के वोट का क्या महत्व है इस बारे में भी विस्तार से बात की गई। इस मौके पर स्वस्थ शिक्षक हितेश, लोकेंद्र, शारीरिक प्रशिक्षक इमरान खान व विभागीय छायाकार बोधराज मौजूद रहे।

### भरिया स्कूल में लगाया चिकित्सा शिविर


भरिया स्कूल में शिविर के दौरान बच्चों का टीकाकरण करते हुए।

**चंबा।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरिया में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी कपाहड़ा और कोलका पंचायत पारुल कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चौरी रीना कुमारी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ओहली सीमा कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घराणी दर्शना और आशा वर्कर कंचन कुमारी ने पांच वर्ष आयु पूरा कर चुके व 10 वर्ष आयु पूरा कर चुके बच्चों का टीकाकरण किया। 10 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को टीडी का इंजेक्शन व पांच वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को डीपीटी का इंजेक्शन लगाया गया। इनमें नितिन, परिणीता, मिहिका, नियति, अयान, मृत्युंजय व परिनिधि का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मुख्य शिक्षक गिरधारी लाल, अध्यापक मनोज गुप्ता, मल्टी टास्क वर्कर ओम प्रकाश व मिड-डे मील वर्कर कमला देवी उपस्थित थे।

# सलीमा, बिंदिया और शुभम बेस्ट एथलीट

## राजकीय महाविद्यालय चंबा की 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा की 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह पुलिस मैदान बारगाह में किया गया। समापन समारोह में सेवानिवृत्त प्राचार्य कॉलेज कैडर डॉ. विपन राठौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि महाविद्यालय चंबा प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने स्टाफ सहित उपस्थिति दर्ज करवाई।

डॉ. विपिन राठौर ने महाविद्यालय प्रबंधन व प्राचार्य का उन्हें समारोह में बतौर मुख्यातिथि बुलाने के लिए आभार व्यक्त करने सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। समारोह के अंत में विभिन्न विद्यालयों के शारिरिक शिक्षा के शिक्षकों में राजेश शर्मा, उमेश चोणा, कमल जीत, नीरज हांडा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जबकि प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सलीमा और बिंदिया को महिला वर्ग में व शुभम शर्मा को पुरुष वर्ग में बेस्ट एथलीट घोषित करने खेलों में विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में पांच हजार मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में अमित कुमार ने गोल्ड, दलीप कुमार ने सिल्वर और तेज सिंह ने ब्रॉज मेडल अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में हसन बीबी ने सिल्वर और चूना ने ब्रॉज मेडल अपने नाम किया। वहीं लांग जंप पुरुष वर्ग में मोहित कुमार ने गोल्ड, शुभम ने सिल्वर और मनीष कुमार ने ब्रॉज मेडल हासिल किया।

वहीं लांग जंप महिला वर्ग में नीलम ने गोल्ड, राधिका ने सिल्वर और सलिना ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। जबकि 200 मीटर पुरुष वर्ग में शुभम ने गोल्ड, मोहित ने सिल्वर और हिमाशु ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। वहीं 200 मीटर महिला वर्ग में प्रिया ने गोल्ड, राधिका ने सिल्वर और हिमानी ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। वहीं हाई जंप मे पुरुष वर्ग में शुभम ने गोल्ड , बादल ने सिल्वर और मोहित ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. संतोष व प्रोफेसर पूर्णिमा, प्रोफेसर प्रशांत द्वारा किया गया।


मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. विपन राठौर को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए जागरूक किए मतदाता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा के दिशा निर्देशों अनुसार जिला चंबा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के उच्च शिक्षण संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वावधान में विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा ने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को शिक्षण-संस्थानों में ईएलसी के द्वारा विभिन्न जागरूक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में राजकीय महाविद्यालय भरमौर में ईएलसी, स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा व भरमौर में पोस्टर, नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोल में भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। वहीं दूसरी और भरमौर उपमंडल में भी सहायक रिटर्निंग अधिकारी व अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर ने राजकीय महाविद्यालय भरमौर में ईएलसी,स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदाता भविष्य का विधाता होता है। इसके अतिरिक्त एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भरमौर और तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा सभी बूथ में बीएलओ ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर ईएलसी के बारे में बच्चों को जागरूक किया और वोट बनवाने और वोट डालने का महत्व बताया।

# चंबा-जोत बस बहाल करने के लिए एडीएम को ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा-जोत लोकल बस सेवा को बहाल करने के लिए छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ अभिषेक कुमार की अगुआई में एडीएम चंबा राहुल चौहान को ज्ञापन सौंपा। एडीएम चंबा राहुल चौहान को सौंपे ज्ञापन से अवगत करवाते हुए छात्र प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम चंबा से जोत बस सेवा दोपहर बाद चार बजे पिछले 25 वर्षों से चल रही थी।

जिससे इलाका की उपरोक्त पंचायत के दो दर्जन से भी ज्यादा गांवों के लोगों को बस सेवा मिल रही थी परंतु पिछले कुछ दिन पहले हिमाचल पथ परिवहन निगम चंबा द्वारा उक्त बस सेवा चंबा से परमाणु तक कर दिया गया है। जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लंबी दूरी की बस सेवा होने के कारण छात्र-छात्राओं को उक्त बस सेवा में सीटें नहीं मिलती है। इसलिए उन्हें प्राइवेट गाड़ी करके घर जाना पड़ता है।

हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक ने प्रार्थीगण की मांग को पूरा किया जाए यदि शीघ्र अति शीघ्र उक्त लोकल बस सेवा को बहाल नहीं किया गया तो स्थानीय लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे। एडीएम चंबा राहुल चौहान ने छात्र प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस दिशा में एचआरटीसी आरएम चंबा को आदेश करते हुए बस समस्या को जल्द बहाल कर दिया जाएगा। इस मौके पर छात्र प्रतिनिधिमंडल में चमन लाल अभिषेक, अंकुश, नागेश, विवेक, अजय, नवीन, पल्लवी, मीनाक्षी, प्रिया, आंचल शालिनी छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### पिकअप गाड़ी से 414 ग्राम चरस बरामद

**चंबा।** जिला चंबा में पुलिस जांच में एक वाहन से चरस बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ डलहौजी हेमंत ठाकुर ने बताया कि पुलिस को कामयाबी उस समय मिली जब नियमित वाहन जांच प्रक्रिया अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि पुलिस जब पठानकोट-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर नाका लगाकर वाहनों की नियमित जांच को अंजाम दे रही थी तो एक पिकअप नंबर एचपी 73-5099 आई। पुलिस ने गाड़ी को जांच के लिए रोका। गाड़ी की तलाशी लेते हुए गाड़ी का डेस बोर्ड खोला तो उसमें चरस बरामद हुई। पुलिस जांच में चरस 414 ग्राम पाई गई। पूछताछ करने पर गाड़ी चालक की पहचान केवल कुमार सिंह पुत्र फनीराम निवासी गांव टिकरू डाकघर गोली तहसील डलहौजी के रूप में हुई। पुलिस थाना चुवाड़ी में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज किया। पुलिस ने पिकअप को अपने कब्जे में लिया। एसडीपीओ डलहौजी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# चुवाड़ी में जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेला, स्कूलों ने सजाए स्टॉल

## मुख्यातिथि एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

भटियात विस क्षेत्र के उपमंडल चुवाड़ी में जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल ने शिरकत की। जबकि मेले की अध्यक्षता तहसीलदार सुमन दीवान ने की। इस अवसर पर एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल ने रिबन काट कर जिलास्तरीय रेडक्रॉस मेले व स्टॉलों का उद्घाटन किया।

वहीं उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस मेले का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य निर्धन, असहाय रोगियों सहित विशेष वर्ग रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं व कृत्रिम अंग मुहैया करवाना है। जिसके लिए सरकार व जिला प्रशासन सहित उपमंडल प्रशासन इन मेलों का आयोजन करते हैं ताकि मेले के माध्यमों से अर्जित होने वाले फंड को रेडक्रॉस सोसायटी में भेजा जा सके। इस दौरान आस-पास के क्षेत्रों के स्कूलों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रर्दशनियों के स्टॉल लगाए गए। जिसमें हिमालयन पब्लिक स्कूल ने खाने, किड्स कैंप स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिवारी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का व पैराडाइज चिल्ड्रन केयर सेंटर शिवाजी पेंटिंग फ्लावर पॉट बैग रुमाल के स्टॉल लगाए गए।


स्कूलों की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्यातिथि एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल व अन्य।

# मतदाता होता है भविष्य का विधाता

## भरमौर कॉलेज में बोले अतिरिक्त उपायुक्त नवीन तंवर

**अनंत ज्ञान ,भरमौर**

अतिरिक्त उपायुक्त एवं सहायक निर्वाचक अधिकारी भरमौर नवीन तंवर ने शनिवार को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में चुनावी साक्षरता क्लब स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदाता भविष्य का विधाता होता है।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार हर माह के तीसरे शनिवार को सभी शिक्षण- संस्थानों में एक चुनावी साक्षरता क्लब के द्वारा विभि-न जागरूक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि पात्र युवाओं और अधिक आयु का मतदाता वोट न बनवाने से छुटे और अधिक से अधिक लोग मतदान में हिस्सा लें। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए ताकि वे मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें। उन्होंने यह भी कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से अपने आस -पड़ोस के मतदाताओं को भी जागरूक करने व दिव्यांग और बुजुर्ग व्यक्तियों की सहायता करने की अपील भी की।

उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे दूसरों को भी मतदान के लिए जागरूक करें। इसके अतिरिक्त एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भरमौर और तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा विभिन्न बूथ में बीएलओ ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर चुनावी साक्षरता क्लब के बारे में बच्चों को जागरूक किया और वोट बनवाने और वोट डालने का महत्व बताया। इस अवसर पर तहसीलदार भरमौर तेजराम, तहसीलदार होली,नायव तहसीलदार धरवाला अरविंद सिंह व कार्यवाहक निर्वाचक कानूनगो रत्न चंद, अध्यापकों ने भाग लिया।


कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते अतिरिक्त उपायुक्त एवं सहायक निर्वाचक अधिकारी भरमौर नवीन तंवर

**समस्या** पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में सुविधाओं की कमी

# चंबा से कांगड़ा के टांडा रेफर किए जा रहे मरीज

**आरके रांगड़ा, चंबा**

क्षेत्रीय चिकित्सालय को पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा का दर्जा जब दिया गया तो लोगों को उम्मीद थी कि यहां पर उचित स्वास्थ्य सुविधाएं जिलाभर के रोगियों को मिलेंगी, लेकिन अब तक इन उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जहां मेडिकल कॉलेज चंबा में स्टाफ के विभिन्न पद रिक्त पड़े है वहीं रोगियों को उपचार संबंधी सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रही है।

गौर हो कि प्रदेश में एक साथ चार मेडिकल कॉलेजों को शुरू किया गया। जिसमें चंबा मेडिकल कॉलेज में सबसे कम आठ सीनियर रेजिडेंट सेवाएं दे रहे हैं। जबकि जिला सिरमौर में स्थित नाहन, जिला हमीरपुर और जिला मंडी के नेरचौक मेडिकल कॉलेज में 40 से 50 सीनियर रेजिडेंट सेवाएं दे रहे हैं। जबकि चंबा मेडिकल कॉलेज को गत वर्षों से आठ सीनियर रेजिडेंट के सहारे चलाया जा रहा है। इससे ज्ञात होता है कि प्रदेश सरकार चंबा मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों के पद भरने को लेकर कितनी गंभीर है। प्रदेशभर में चंबा मेडिकल कॉलेज एक ऐसा मेडिकल कॉलेज है, जहां नॉन क्लीनिकल विभागों में डॉक्टरों की संख्या पर्याप्त है, लेकिन ये चिकित्सक केवल प्रशिक्षुओं को पढ़ाने तक ही सीमित हैं जबकि, क्लीनिक विभागों में तैनात चिकित्सक प्रशिक्षुओं को पढ़ाने के साथ-साथ मरीजों का इलाज करने की भूमिका भी निभा रहे हैं।

वित्त वर्ष एमबीबीएस का पांचवां सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन सरकार रिक्त पदों को भरने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता भी मौन धारण किए बैठे हैं। ऐसा लगता है कि इन दोनों राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। हालात ये हैं कि मेडिकल कॉलेज चंबा से चिकित्सकों के अभाव में मरीज टांडा रेफर किए जा रहे हैं। जो चिकित्सक यहां तैनात हैं वे अपनी तरफ से मरीजों को संपूर्ण सेवाएं देने में डटे हैं। (अनंत ज्ञान)

### पौने छह लाख की आबादी निर्भर




जिले की पौने छह लाख की आबादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चंबा मेडिकल कॉलेज पर निर्भर है, लेकिन प्रदेश सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। गैर संचारी रोगों में कैंसर व हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारी के उपचार के लिए रोगियों को आज भी टीएमसी कांगड़ा या फिर आईजीएमसी की दौड़ लगानी पड़ रही है। चिकित्सकों के अभाव के अतिरिक्त रोगियों को सरकारी लैब में निशुल्क होने वाले टेस्ट के निजी प्रयोगशालाओं में दो से चार गुणा अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही हैं। इस कारण बीपीएल, आयुष्मान एवं हिमकेयर योजना के तहत भी मरीजों को निशुल्क टेस्ट करवाने की सुविधा नहीं मिल पा रही है। निजी प्रयोगशालाओं में कोई भी सरकारी योजना का कार्ड नहीं चलता है। इसकी वजह से मरीज काफी परेशान हैं।

### व्यवस्था में किया जाएगा सुधार



डॉ. एसएस डोगरा प्राचार्य पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा का कहना कि मेडिकल कॉलेज में खाली चल रहे पदों को भरना सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। जिसके चलते सरकार द्वारा समय-समय पर पदों को भरा भी जा रहा है। जहां तक रोगियों को सरकारी प्रयोगशाला टेस्ट न होने से मुश्किलों की बात है तो इस दिशा में विभागीय प्रयोगशाला प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार लाने के सख्त निर्देश जारी कर दिए है।

## न्यूज ब्रीफ

### शहर में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कुल्लू ने बिजली आपूर्ति के बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि 11 के.वी. सरवरी फीडर की तारों की क्षमता को बढ़ाने और केवल बिछाने के चलते ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स सहित ढालपुर नियर शोभला, बीएसएनएल कॉम्प्लेक्स, खोरीरोपा, सरवरी, सुल्तानपुर, लोरन, बस स्टैंड, शीतला माता के आस-पास, फील्ड हॉस्टल, बाबा बालकनाथ, शिशामाटी, देवधार, शेताफाट, चामुंडा नगर, अप्पर मिया बेहर, आईटीआई सहित जीएम इंडस्ट्री के आस-पास के इलाकों में 18 फरवरी को सुबह 9 बजे से लेकर शाम के 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री कर्मचारी हितैषीः एलआर गुलशन



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन (गैजेटिड क्लास वन) अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कर्मचारी हितैषी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स को मंहगाई भत्ते की 4 प्रतिशत किस्त जारी करने के लिऐ हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन गैजेटिड क्लास वन अधिकारी संघ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विकट आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री ने निचले तबके के कर्मचारियों, दिहाड़ीदारों, श्रमिकों, आशा वर्करों, मिड डे मील वर्करों, जल रक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के वेतन में यथोचित बढ़ौतरी करके उन्हें राहत पहुंचाई है। विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गएआगामी बजट में शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने का प्रावधान किया गया है जो सराहनीय कदम है। कुल मिलाकर बजट रोजगारोन्मुखी एवं आम लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप है।

### मृदा स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के बंदरोल में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कृषि विभाग, आत्मा, डीआरडीए एवं कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा द्वारा विद्यालय में मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम पर जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर के दौरान मृदा जांच, मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की महत्वता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड संबंधित मोबाइल एप व पोर्टल के बारे में उपस्थित विभिन्न अधिकारियों के द्वारा विशेष जानकारी प्रदान की गई। इस जागरूकता शिविर में डॉक्टर रतन लाल शर्मा मृदा परीक्षण अधिकारी, डॉ सुधीर कुमार उप परियोजना निदेशक आत्मा, डॉ. सुभाष शर्मा मृदा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा, प्रशांत अग्रवाल तकनीकी विशेषज्ञ डीआरडीए, डॉ. इशांत शाशनी कृषि विकास अधिकारी, ठाकुर दास कृषि प्रसार अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### गोपाल बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**कुल्लू।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक गोविंद ठाकुर ने गत दिनों भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों की घोषणा की है, जिसमें कुल्लू जिला से गोपाल वधवा को पुनः व्यापार प्रकोष्ठ का ज़िला संयोजक बनाया है। गोपाल वधवा की बतौर ज़िला संयोजक यह तीसरी पारी है। इससे पूर्व भी वह लगातार दो बार सफलता पूर्वक बतौर जिला संयोजक अपनी जिम्मेवारी निभा चुके हैं। अपनी नियुक्ति के लिए गोपाल वधवा ने प्रदेश संयोजक गोविंद ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर, जिला भाजपा अधक्ष अरविंद चंदेल, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र, भाजपा नेता नरोतम ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद सहित जिला के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। गोपाल ने बताया कि वे जिला के वरिष्ठ नेतृत्व से सलाह मशवरा करके शीघ्र ही व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**मनाली।** गुड्स कैरियर एसोसिएशन मनाली की ओर से पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान यूनियन की ओर से मुहिम के संयोजक एवं प्रदेश कांग्रेस पार्टी एस सी विंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कामगार कर्मचारी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोकल चन्द के नेतृत्व व एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशु पाल की अध्यक्षता में भूतनाथ मन्दिर क्षेत्र में सड़क किनारे बिलो, देवदार व कायल के पौधे लगाए। गोकल चन्द ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। यूनियन के अध्यक्ष शिशु पाल व महासचिव ज्ञान ने कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि हमें अपने किसी भी शुभकार्य की शुरूआत पौधारोपण के साथ करनी चाहिए। इससे हमें प्रकृति का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पहले भी पौधरोपण किया था लेकिन जुलाई महीने में ब्यास नदी में आई बाढ़ से भारी क्षति हुई। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने पौधे मुहैया करवाने के लिए वन विभाग मनाली का आभार जताया। इस दौरान गुड्स कैरियर एसो. के सदस्य मौजूद रहे।

# बर्फ में अठखेलियां करने उमड़ रही पर्यटकों की भीड़

## सोलंगनाला, अंजनी महादेव व अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल सहित मनाली के अन्य पर्यटन स्थलों में लगा पर्यटकों का तांता

**कमलेश वर्मा, मनाली**



प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला में बर्फ के बीच अठखेलियां करते पर्यटक।

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अटल टनल सहित मनाली के अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। इन दिनों पर्यटक बर्फ का आनंद लेने के लिए अटल टनल के नार्थ पोर्टल पहुंच रहे हैं। रोहतांग टनल सहित लाहुल घाटी सैलानियों के लिए बहाल हो गई है।

लाहुल स्पीति पुलिस ने अटल टनल के नार्थ पोर्टल सहित केलंग जिस्पा तक सैलानियों को आने की अनुमति दे दी है। अटल टनल के नार्थ पोर्टल सहित लाहुल घाटी में चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है। यह वादियां पर्यटकों को खासी आकर्षित कर रही हैं। हालांकि अधिकतर पर्यटक सोलंगनाला में ही साहसिक खेलों का आनंद उठा रहे हैं साथ ही अंजनी महादेव में प्राकृतिक शिवलिग का आनंद ले रहे हैं। शनिवार को पर्यटक बादलों के बीच अटल टनल के नार्थ पोर्टल पहुंचे और बर्फ का आनंद उठाया। लाहुल घाटी के सिस्सू पंचायत में देव कार्यक्रम के चलते में पर्यटन गतिविधियां अभी बन्द चल रही है। शनिवार को पर्यटक घुड़सवारी का आनंद लेते हुए अंजनी महादेव पहुंचे। फोटोग्राफर नरेंद्र व विक्रम ने बताया कि शनिवार को खिली धूप के बीच सैकड़ों पर्यटकों ने सोलंग में दस्तक दी। सोलंगनाला के पर्यटन व्यवसायी नंद लाल ने बताया कि पर्यटकों ने बर्फ की खेलों का आनंद लिया। स्की का व्यवसाय चला रहे हीरालाल व टिकम राम ने बताया कि सोलंग मैदान सहित अंजनी महादेव में दिन भर बर्फ के बीच स्नो स्लेज, स्नो स्की, स्नो टयूब, स्नो स्कूटर व घुड़सवारी जैसी साहसिक खेलों की धूम मची रही।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि बर्फबारी से फरवरी महीने में पर्यटन कारोबार बेहतर चल रहा है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर ने बताया कि सैलानियों को बेहतरीन वाहन सुविधा उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटकों को फोर बाई फोर वाहनों में सोलंगनाला से आगे लाहुल घाटी की ओर भेजा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन कारोबार पर किसान आंदोलन का असर नहीं

**दिल्ली** में चल रहे किसान आंदोलन का पर्यटन नगरी मनाली में अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है। विभाग के अनुसार बाहरी राज्यों से हर रोज 500 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं। हालांकि, आने वाले समय में मनाली के पर्यटन कारोबारी किसान आंदोलन के चलते चिंतित हैं, लेकिन पर्यटकों की आमद में फिलहाल कमी नहीं आई है। अभी पर्यटन कारोबारियों को सप्ताहांत में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। शनिवार को हालांकि पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ी नहीं, लेकिन हर रोज के मुकाबले घटी भी नहीं है।

# बिजली महादेव रोपवे निर्माण विरोध रैली का व्यापार मंडल कुल्लू नहीं करेगा समर्थन

## मंडल के नियमानुसार बाजार बंद रखने को लेकर एक सप्ताह पहले देना होगा आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बिजली महादेव रोपवे निर्माण के विरोध में जहां 19 फरवरी को कुल्लू शहर में फाटी कशावरी और फाटी खराहल सहित जिलाभर के लोग विरोध रैली करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस दौरान समिति की ओर से कुल्लू में भी बाजार बंद करने का आह्वान किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर व्यापार मंडल कुल्लू ने यह साफ तौर पर कह दिया है कि उनकी ओर से 19 फरवरी को कुल्लू बंद को कोई समर्थन नहीं दिया जाएगा। शनिवार को व्यापार मंडल कुल्लू के प्रधान मदन सूद एवं समस्त कार्यकारिणी सहित मुख्य संरक्षक दिनेश सेन व संरक्षक मण्डल सदस्यों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए यह साफ किया है कि व्यापार मंडल कुल्लू द्वारा अभी हाल ही में लिए गए निर्णय के अनुसार यदि किसी संस्था को अपनी मांगों के समर्थन में बाजार बंद करवाना है तो उन्हें व्यापार मंडल कुल्लू को कम से कम एक सप्ताह पूर्व आवेदन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी 19 फ़रवरी को कुल्लू बंद का जो आह्वान कुछ आंदोलनकारियों द्वारा किया गया है, व्यापार मंडल अपने नियमों के अनुसार इसका समर्थन नहीं करता है। व्यापार मंडल के अनुसार उनके नियमानुसार कुल्लू बंद रखने को लेकर उन्हें एक सप्ताह पूर्व कोई आवेदन नहीं मिला है, इसलिए हमारी ओर से कोई समर्थन नहीं दिया जाएगा। व्यापार मंडल कुल्लू ने शहर के सभी व्यापारियों से आग्रह किया है कि वह व्यापारियों तथा जनहित में इस बंद में समर्थन न दें। साथ ही विरोध रैली करने वालों से भी आग्रह है कि वह जबरदस्ती दुकानों को बंद करवाने का प्रयास न करें। उन्होंने बताया कि इस बारे पुलिस अधीक्षक कुल्लू से भी अपील की गई है कि किसी भी तरह से व्यापारियों को परेशान न किया जाए और वह उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करें। गौर रहे कि अभी हाल ही में व्यापार मंडल कुल्लू की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है।

नव नियुक्त कार्यकारिणी ने यह निर्णय लिया है कुल्लू में अब किसी भी मसले को लेकर बाजार बंद करने के लिए उक्त संस्था या अन्य लोगों को व्यापार मंडल को एक सप्ताह पहले आवेदन करना होगा। उसके बाद ही व्यापार मंडल इस बात का निर्णय करेगा कि उन्हें बाजार बंद रखना है या नहीं। अब जहां 19 फरवरी को बिजली महादेव संघर्ष समिति अन्य जिलाभर के लोगों के साथ बिजली महादेव रोपवे निर्माण के विरोध में विशाल रैली शहर में निकालेंगे और इस दौरान समिति की ओर से पूरे शहर को बंद रखने का भी आह्वान किया जा रहा है, ऐसे में अब व्यापार मंडल कुल्लू की ओर से इस रैली के दौरान कुल्लू बंद रखने को लेकर समर्थन नहीं देने की बात कही गई है। लिहाजा, अब 19 फरवरी को कुल्लू शहर के कितने व्यापारी बिजली महादेव संघर्ष समिति का समर्थन करते हैं और कितने व्यापार मण्डल का सहयोग करेंगे यह उसी दिन पता लग पाएगा।

# सैंज में भूमि अधिग्रहण मामले में 15 लाख रुपए का घोटाला

## विजिलेंस ने 4 इंजीनियरों सहित सात के खिलाफ दर्ज किया मामला

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के सैंज स्थित हिमाचल पावर कारपोरेशन लिमिटेड के हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट (एचपीसीएल) में भूमि अधिग्रहण को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। इस मामले में विजिलेंस ने चार इंजीनियरों सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौर रहे कि वर्ष 2007-08 में प्रदेश पावर पावर कारपोरेशन ने सैंज घाटी में 100 मेगावाट की प्रोजेक्ट निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की थी। इस दौरान दो लोगों की खाली जमीन पर मकान दिखाकर प्रोजेक्ट ने 15 लाख रुपए मुआवजा दिया था। इस मामले पर गड़बड़ी होने को लेकर विजिलेंस पिछले काफी समय से जानकारी जुटाने में जुटी हुई थी। अब इतने वर्षों के बाद आखिर विजिलेंस के हाथ इस मामले को लेकर सबूत मिले हैं जिसके चलते अब विजिलेंस ने कुल्लू थाना में प्रोजेक्ट के अधिकारियों सहित कुल 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की छानबीन शुरू कर दी है।

उधर, डीएसपी विजिलेंस कुल्लू अजय कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि विजिलेंस थाना कुल्लू में मामला दर्ज कर सभी सात लोगों से पूछताछ की जाएगी। इस मामले में जमीन मालिक गौरव कपूर, गुंजन कपूर और उनके पिता राधेश्याम के साथ-साथ एचपीसीएल में कार्यरत मैनेजर, डिप्टी मैनेजर सहित तीन इंजीनियरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जो अब सेवानिवृत हो चुके हैं। वहीं, जमीन मालिक ने जिस निजी इंजीनियर बीडी गुप्ता को हायर किया था और जमीन और मकान की कीमत लगाई थी उसके खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

# भाषण प्रतियोगिता में कुल्लू से नमिता तो केलांग से शीतल ने झटका प्रथम स्थान

## वर्चुअल माध्यम से हुआ जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जिला स्तरीय युवा संसद की प्रतियोगिता में भाग लेते हुए निर्णायक मंडल।

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन वर्चुअल माध्यम से नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के कार्यालय में किया गया। भाषण प्रतियोगिता के विषय भारत को एक वैश्विक गुरु बनाना, भारत की आर्थिक शक्ति बढ़ाने में युवा उद्यमियों की भूमिका, युवाओं द्वारा संचालित प्रक्षेपवक्र (ट्रैजेक्टरी) विकास द्वारा भारत को आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की तरफ़ ले जाना, सशक्त भविष्य-युवा नेतृत्व पहल के माध्यम से ज़िम्मेदार समुदाय के लिए मार्ग प्रशस्त करना रहे। तीन विषयों में से किसी भी एक विषय पर प्रतिभागियों द्वारा अपने विचार 3-4 मिनट में प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में कुल्लू एवं केलांग जिले के 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिनमें कुल्लू जिले से नमिता ठाकुर ने प्रथम एवं अनमोल शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। केलांग से शीतल ने झटका प्रथम स्थान वहीं द्वितीय स्थान पर पूजा भद्रा रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रेस क्लब कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम, खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड के विकास अधिकारी विवेक शर्मा, डा. संगीता प्रोफेसर हिन्दी, राजकीय महाविद्यालय कुल्लू, श्याम लाल हांडा लेक्चरर डाइट कुल्लू, रेणुका शर्मा अध्यापिका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्रा) से रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर के लिये चयनित किए गए हैं। चयनित राज्य युवा संसद में ये प्रतिभागी अपने विचार पेश करेंगे, वहीं राज्य स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को दो लाख, डेढ़ लाख और एक लाख की राशि प्रदान की जाएगी, वहीं पचास हज़ार के दो सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

# घोषित मानदेय जारी न करने पर देवी देवता गुर कल्याण सभा ने जताया रोष

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



बैठक में भाग लेने आए देवी-देवता गुर कल्याण सभा के सदस्य।

देवी-देवता गुर कल्याण सभा खंड नग्गर की कार्यकारिणी की बैठक खंड के अध्यक्ष बेलू राम की अध्यक्षता में हुई। माँ देवी हिडिंबा के पतलीकूहल में स्थित प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया और इस बैठक में देवी-देवता गुर कल्याण सभा के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वर्ष 2019 में रहे तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा दशहरा उत्सव के दौरान घोषित गुरों को दी जाने वाली मानदेय राशि को अभी तक जारी न करने पर सभी ने एक स्वर में रोष व्यक्त किया गया।

गौर रहे कि वर्ष 2019 में दशहरा उत्सव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा गुरों को 1000 रुपए की मानदेय देने के बारे में घोषणा की गई थी, मगर हैरानी की बात ये है कि 4 साल बीत जाने के बावजूद भी यह मानदेय की राशि गुरों को जारी नही हो पाई है। बैठक के दौरान देवी देवता गुर कल्याण सभा ने एक स्वर में वर्तमान में सत्तासीन कांग्रेस की सरकार से गुर मानदेय 1000 रुपए की राशि को जल्द जारी करने की मांग की है। अध्यक्ष बेलू राम ने बताया कि इसी मुद्दे पर सभा के सदस्य जिलाधीश कुल्लू से भी शीघ्र मिलेंगे व मानदेय की राशि जारी करने के बारे में निवेदन करेंगे। इस दौरान बैठक में सोशल मीडिया के दुरूपयोग को देखते हुए देवी देवताओं से सम्बंधित फालतू पोस्ट न डालने के बारे चर्चा की गई। देवी देवता गुर महासभा के मीडिया प्रभारी रोशन कश्यप ने गुजारिश करते हुए कहा कि देवी देवता गुर कल्याण सभा के व्हाट्सएप ग्रुप में सभा के सभी सदस्य फालतू की पोस्ट डालने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि बिना पुष्टि के शेयर की पोस्ट से आमजन की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि अगर देवी देवताओं से सम्बंधित आपत्तिजनक या विवादित कोई पोस्ट अगर सोशल मीडिया पर दिखती है या वायरल होती है तो ऐसे में गुर कल्याण संघ अपने स्तर पर कार्यवाही करेगा। (अनंत ज्ञान)

# कटराईं में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में किसानों को दिए जरूरी टिप्स

## उपायुक्त कुल्लू शशिपाल नेगी ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

आईएआरआई क्षेत्रीय स्टेशन कटराईं में अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सहायक आयुक्त उपायुक्त कुल्लू शशिपाल नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर किसानों को जरूरी टिप्स दिए। 15 गांवों के 50 किसानों को वितरित किए दो लाख रुपए के बीज व कृषि उपकरण शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय स्टेशन कटराईं में अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं कृषि उपकरण व बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्थान ने इस अवसर पर किसानों को दो लाख रुपए के बीज व कृषि उपकरण भी वितरित किए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त, उपायुक्त कुल्लू शशिपाल नेगी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर स्टेशन के अध्यक्ष डा. चंद्रप्रकाश ने मुख्यातिथि का पारंपारिक रूप से सर्वप्रथम फूलों का गुलदस्ता देकर व टोपी, मफलर पहनाकर उनका स्वागत किया। आई.ए.आर.आई. के अध्यक्ष ने मुख्यातिथि व उपस्थित किसानों को स्टेशन की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अनुसंधान केंद्र में किसानों को सब्जियों व फूलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाता है, ताकि किसान स्वयं किसान स्वरोजगार का सृजन कर कमाई करने के योग्य बन सके। उन्होंने किसानों को बताया कि इस फार्म में वर्ष 2012 में बंदगोभी को पहला हाईब्रीड बीज तैयार किया, जिसमें चार किस्म का बीज संस्थान के पास उपलब्ध है वहीं पर हाईब्रीड फूलगोभी के तीन प्रकार की हाईब्रीड बीज तैयार किया है। कटराईं आईएआरआई इस समय 45 प्रकार की बीजों का उत्पादन कर रहा है।

सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी ने कहा कि उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खेती की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए जोकि सभी के लिए बढिया वातावरण दें। उन्होंने उपस्थित किसानों से आग्रह किया कि सरकारें हर विभाग के माध्यम से किसानों को कई प्रकार की योजनाओं को चला रही है, जिससे समूहों से इन योजनाओं को लेने में भारी लाभ रहता है। मुख्यातिथि ने संस्थान के वैज्ञानिकों तारिफ करते हुए कहा कि जिस तरह से यह संस्थान किसानों के हित के लिए कार्य कर रहा है उससे किसानों के मनोबल को भी बल मिलता है। इस मौके पर डा. संदीप कुमार, डा. चंदेल ने मुख्यातिथि के फार्म व संग्रहालय का भ्रमण किया।

**आयोजन** करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस फॉर द स्टूडेंट्स पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# विद्यार्थी जीवन में किए परिश्रम व त्याग से बेहतर होता है भविष्य: राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



केलांग में करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस फ़ॉर द स्टूडेंट्स पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान उपायुक्त लाहुल स्पीति के साथ विद्यार्थी व अन्य लोग

जिला कार्यक्रम अधिकारी लाहौल स्पीति के द्वारा जिला उपायुक्त के सभागार में करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस फ़ॉर द स्टूडेंट्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त जिला लाहौल स्पीति राहुल कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर विभिन्न भागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहें। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला केलांग तथा केंद्रीय विद्यालय केलांग के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यालय में अपने भविष्य के बारे में सही निर्देश एवं करियर काउन्सलिंग प्राप्त करने पहुंचे थे।

इस अवसर पर उपायुक्त के द्वारा बच्चों को सिविल सेवा की परीक्षा तथा इसकी सही तैयारी करने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्चों से एक बेहतर नागरिक बनने और मेहनत और लगन से परीक्षाओं की तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में किये गए कठिन परिश्रम व त्याग से भविष्य में अच्छे मकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपनी दिनचर्या में खेलकूद के साथ पढ़ाई के साथ समाचार पत्रों व इंटरनेट का सही दिशा में इस्तेमाल करें ताकि जीवन में सफलता हासिल कर समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका रखें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंयक चौधरी के द्वारा पुलिस सेवा इसके आयाम तथा इससे सम्बन्धित तैयारियों के बारे में उपस्थित बच्चों को जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहने व कानून की पालना करने का आहवाहन किया। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे द्वार बच्चों को भारतीय वन सेवा परीक्षा के बारे में जानकारी दी तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहते हुए इस की संरक्षण के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संकल्प गौतम उपमंडल अधिकारी रजनीश शर्मा के द्वारा बच्चों को हिमाचल प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारियों के बारे में ज्ञान वर्धक जानकारी दी। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी सोनू गोयल विभिन्न परीक्षाओं के बारे में जानकारी देते हुए हर दिन सभी विषयों के दस प्रश्न अनिवार्य तौर पर सिखने की सलाह दी। डॉ. अकशिता ने मेडिकल परीक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सीमा सडक संगठन के मेजर रवि शंकर ने एनडीए तथा सीडीएस परीक्षा की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओं बेटी पढाओ के तहत 10वीं व 12वीं कक्षा में प्रथम पांच स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप वितरित किए।

# फूड सेफ्टी विभाग की शहर की दुकानों में छापेमारी, भरे सैंपल

## दाल, सब्जी, दूध के भरे सैंपल, पंचकूला लैब में जांच के लिए भेजेगा विभाग, प्रतिदिन शहर सहित जिलेभर की दुकानों में कर रहा छापेमारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर लगातार शहर सहित जिलाभर की दुकानों का औचक निरीक्षण करके सैंपल एकत्रित कर रहा है।

इसी कड़ी में शनिवार को फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह की अगुआई में टीम ने शहर के ढाबों और खाद्य पदार्थ बेचने वाली दुकानों पर छापामारी की, जिसमें विभाग ने दस सैंपल जांच के लिए भरे हैं, जिनको जल्द ही विभाग पंचकूला लैब में जांच के लिए भेजने जा रहा है। विभाग का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के लिए दाल, चावल, कढी, आलू मटर, दूध, चाय, गाजर, संतरा, अनार और टमाटर के सैंपल भरे हैं। यह सभी सैंपल बिलासपुर शहर से लिए गए हैं। विभाग की ओर से की गई छापेमारी में कई स्थानों पर किचन एरिया में गंदगी भी पाई गई है, जिसको लेकर विभाग ने प्रथम आधार पर हिदायत दी है। इसी के साथ आदेश जारी किए गए हैं कि रेस्तरां एरिया में पूरी तरह से सफाई रखी जाए। विभाग समय-समय पर दुकानों का निरीक्षण करता रहता है। इसी के साथ सभी दुकानों के लाइसेंस भी चैक किए गए हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**विभाग की छापेमारी में कई स्थानों पर किचन एरिया में गंदगी पाई गई**

**विभाग का कहना, रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी**

विभाग की ओर से लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को लेकर भी दुकानदारों को जागरूक किया गया है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बिलासपुर के दुकानदारों को आदेश जारी, जल्द से जल्द लाइसेंस बनाएं : खगेंद्र सिंह

इसी के साथ अधिकारी खगेंद्र सिंह ने बिलासपुर के दुकानदारों को आदेश जारी किए हैं कि अगर किसी दुकानदार ने अपना लाइसेंस नहीं बनाया है, तो वह जल्द से जल्द लाइसेंस बनाए। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी वह लाइसेंस बना सकते हैं। विभाग की बेवसाइट पर लाइसेंस संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध है। विभाग ने एक विशेष रूप से जिले में अभियान भी शुरू किया है, जिसमें अब मिठाई की दुकानों की प्रतिदिन जांच की जाएगी। मिठाई में मिलावट सहित रेट लिस्ट जांच करने को लेकर एक टीम का भी गठन किया गया है। यह टीम प्रतिदिन जिले के विभिन्न स्थानों पर जाकर दुकानों का निरीक्षण कर रही है। इस दौरान अगर किसी भी मिठाई में मिलावट पाई जाती है, तो मौके पर ही यह मिठाई फैंकवाई सहित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उनके साथ विभागीय कर्मचारी संजय कुमार व प्यारे लाल भी मौजूद रहे।



**खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा**

फूड सेफ्टी ऑफिसर बिलासपुर खगेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के लिए दस सैंपल एकत्रित किए गए हैं। सैंपल को लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

**खगेंद्र सिंह, फूड सेफ्टी ऑफिसर बिलासपुर।**

# बिलासपुर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया अनुसंधान पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के तीन विद्यार्थियों अनमोल संधू, समीक्षा चौहान, रेखा देवी ने इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन क्वांटम टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशन में शामिल होकर अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किया, जो 12 से 14 फरवरी को मणिपाल अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन एमएएचई मणिपाल, कर्नाटक में आयोजित किया गया।

इन तीनों अनुसंधान पत्रों को संयुक्त रूप से शिक्षकों डॉ. सुरजीत चंदेल, डॉ. मोनिका, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. घनश्याम, शीतल धीमान और विद्यार्थियों ने लिखा था। प्राचार्या नीना वासुदेवा तथा संपूर्ण भौतिक विभाग ने सभी को आशीर्वाद और बधाई दी है।



बिलासपुर कॉलेज के स्टूडेंट्स अनुसंधान पत्र प्रस्तुत करते हुए।

# अष्टमी के दिन नयना देवी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में शनिवार को गुप्त नवरात्र में अष्टमी के दिन भारी मात्रा में श्रद्धालु पहुंचे।

पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर न्यास के द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई है। मंदिर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने मोर्चा संभाल के रखा है, जबकि मंदिर के अंदर एक्स सर्विसमैन फौजी बखूबी अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं और लाइनों में ही श्रद्धालुओं को माता जी के दर्शन करवाए जा रहे हैं। पुजारी नीलम शर्मा ने बताया कि अष्टमी पूजन का विशेष महत्व होता है और अष्टमी के दिन काफी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दरबार में पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं, जबकि मंदिर के होमगार्ड के सुरक्षा इंचार्ज रमेश चंद का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। माता के दरबार में गुप्त नवरात्र चल रहे हैं और काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।



गुप्त नवरात्र में अष्टमी के दिन नयना देवी में सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए लाइनों में खड़े हुए।

# तेरा मुझसे है पहले का नाता... पर थिरके बच्चे व ग्रैंड पेरेंट्स

## मिनर्वा स्कूल में धूमधाम से मनाया ग्रैंड पेरेंट्स-डे, दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के जीवन के अमूल्य रत्न : परवेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में शनिवार को ग्रैंड पेरेंट्स-डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने किया। इस समारोह में जहां नौनिहाल रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर पहुंचे व बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी ने भी समारोह में विशेष रूप से शिरकत की।

परवेश चंदेल ने मां सरस्वती की फोटो के समक्ष पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। समारोह में बच्चों ने पंजाबी और पहाड़ी गीतों पर डांस की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों पर उनके दादा-दादी और नाना-नानी भी खूब थिरके। बच्चों ने ग्रैंड पेरेंट्स के स्वागत में प्यारे दादा जी हैं सबसे अनमोल, तेरा मुझसे है पहले का नाता कोई, मेरी दुनिया मेरी दुनिया, पापा के पापा हमारे दादा और मां के पापा हमारे नाना आदि गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इसके अलावा छात्राओं ने जादू की छड़ी हूं मैं व दादी मां आदि गीतों पर डांस की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बच्चों को दादा-दादी और नाना-नानी का स्वागत किया।





मिनर्वा स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स-डे पर डांस करते स्टूडेंट्स।

### मुख्य उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों को उचित सम्मान दिलाना

इस दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों को उचित सम्मान दिलाना है। दादा-दादी व नाना-नानी बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका साथ बच्चों के जीवन के मूल्यों और महत्व बढ़ाता है। दादा-दादी और नाना-नानी हमारे जीवन के अमूल्य रत्न हैं, जो अपनी ममताएं, समझदारी और प्यार से निभाते हैं। वे हमारे लिए आदर्श होते हैं और हमारे जीवन को खुशियों से भर देते हैं। इस मौके पर अमृति देवी, एडवोकेट लेख राम, ज्ञान चंद रतन, डॉ. डीडी भारद्वाज, ललित, एनके शर्मा, व्यासा देवी, विशन दास, श्याम, उर्मिला, जगदीश, बलबीर, बनीता, राजपाल आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार गाड़ी ने घर के बाहर खड़ी दो कारों को मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पुलिस थाना घुमारवीं के तहत क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेज रफ्तार से होने वाली घटनाओं के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

तेज रफ्तार के चलते एक और मामला सामने आया, जब शनिवार सुबह करीब आठ बजे घुमारवीं शहर के पास घुमारवीं सरकाघाट सुपर हाई-वे पर एक तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर खड़ी दो कारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस हादसे में तीनों कारों के परखचे उड़ गए। वहीं, कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब आठ बजे घुमारवीं शहर में कुठेड़ा की तरफ से आ रही एक कार आईटीआई भवन के पास अनियंत्रित हो गई और घर के आंगन में खड़ी दो कारों को टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर खड़ी गाड़ी आगे खड़ी गाड़ी से जा टकराई।

टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। स्थानीय लोगों की ओर से घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया गया। घायलों की पहचान उपेंद्र उम्र 28 वर्ष, कुलविंद्र उम्र 42 वर्ष तथा मनीष कुमार उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है। यह सभी गांव चंगर (गेहड़वीं) के रहने वाले हैं। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकाघाट घुमारवीं सुपर हाई-वे पर तेज रफ्तार के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। कई बार प्रशासन से इस जगह पर शिक्षण संस्थान होने के चलते यहां पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन आज तक स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया जा सके हैं।



टक्कर के बाद खड़ी गाड़ियां।

# योजनाओं के शोपीस बन जाने से करोड़ों रुपए का होगा नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**अली खड्ड पेयजल योजना विवाद को लेकर जम्वाल ने सरकार पर किया हमला**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने अर्की क्षेत्र के लिए अलीखड्ड से पेयजल योजना के विवाद को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। कोई भी सरकार इगो से नहीं चलती। सरकार को संवेदनशीलता के साथ जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए, लेकिन मौजूदा सरकार लाठी और प्रशासन के दम पर काम कर रही है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है, लेकिन पुलिस के सैकड़ों जवानों को जबरदस्ती बनाई जा रही पेयजल योजना के पहरे पर बिठा दिया गया है। यदि यह योजना बनती है, तो अलीखड्ड में पहले से चल रही दर्जनों पेयजल व सिंचाई योजनाएं ठप हो जाएंगी। इससे हजारों लोगों के सामने पानी का गंभीर संकट खड़ा होने के साथ ही इन योजनाओं के शोपीस बन जाने से करोड़ों रुपए का नुकसान हो जाएगा, लेकिन सरकार न जाने इस तथ्य को नजरअंदाज क्यों कर रही है। अलीखड्ड से 24 पेयजल और सात सिंचाई योजनाओं के साथ ही कई घराट पहले से चल रहे हैं। इस खड्ड से बिलासपुर शहर के लिए भी एक पेयजल योजना बनी है। किसान इस खड्ड के साथ लगते अपने खेतों में कूहलों के माध्यम से भी सिंचाई करते हैं। गर्मी के मौसम में इस खड्ड में पानी काफी कम रह जाता है। इसी को ध्यान में रखकर अलीखड्ड नजदीक होने के बावजूद बिलासपुर के एम्स और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला के लिए कोलडैम से पेयजल योजनाएं बनाई गई हैं।

# क्विज प्रतियोगिता में सिया, दिया रहीं प्रथम

## चेतना संस्था के सौजन्य से किसान भवन में आयोजित हुई राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन स्पेशल ओलंपिक भारत व चेतना संस्था के सौजन्य से बिलासपुर के किसान भवन में आयोजित किया गया।

जिलास्तर पर यह कार्यक्रम स्पेशल ओलंपिक जिला कांगड़ा इकाई द्वारा तीन फरवरी को आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में सिया कॉर्ड ट्रेनिंग सेंटर, सिद्बाड़ी से दिया सूर्योदय संस्था से इश्त, रोटरी सेवा आश्रम सल्यान से और अभिषेक हार्मनी डे केयर सेंटर से, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे थे व उनका चयन राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता के लिए हुआ था। राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता में स्पेशल ओलंपिक जिला कांगड़ा के होनहार विशेष बच्चों ने जिला कांगड़ा का पूरे प्रदेश में मान बड़ाया। राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता में सिया, दिया प्रथम रहीं, जिन्हें इनाम स्वरूम रुपए 5000/ व ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर कॉर्ड की राष्ट्रीय निदेशिका डॉ. क्षमा मेत्रे ने बच्चों व उनके अभिभावकों व जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों को बधाई दी।



किसान भवन में आयोजित हुई राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर ट्रॉफी के साथ विजेता।

# रमेश कुमार के परिवार को 5100 आर्थिक सहायता के लिए किए प्रदान



रमेश कुमार के परिवार को 5100 रुपए आर्थिक सहायता के रूप में देते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

ग्राम विकास समिति सेऊ द्वारा बीते सोमवार को शिमला-धर्मशाला नेशनल हाई-वे पर एक ट्रक दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति रमेश कुमार के परिवार को 5100 रुपए आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान किए।

इस मौके पर समिति प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि मृतक रमेश बेहद गरीब परिवार से संबंध रखता था तथा रमेश अपने पीछे पत्नी तथा एक बेटा छोड़ गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद ही खराब है, जिससे समिति की ओर से परिवार को आर्थिक सहायता प्रधान की गई है, पिछले सोमवार को सेऊ कस्बे के पास रमेश कुमार की एक ट्रक के नीचे आने से मौत हो गई थी। रमेश नसवाल गांव से संबंध रखता था तथा कबाड़ खरीदने का कार्य करता था। सोमवार सुबह वह कबाड़ खरीदने के लिए सेऊ की तरफ जा रहा था। तभी अचानक एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। इस मौके पर समिति के उप प्रधान कृष्ण राम, सचिव अमृतलाल, सुरेश कुमार व सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

**खेतीबाड़ी**

## समालहोल्डर हॉर्टिकल्चर एम्पावरमेंट एंड प्रमोशन विषय पर कार्यशाला का किया आयोजन

# नकदी फसलों से आर्थिकी को मजबूत कर सकते हैं किसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना में हिमाचल सरकार के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू राज्य के किसानों को खेतीबाड़ी से ही आर्थिक स्वावलंबन की ओर मोड़ने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

फसल विविधिकरण की अवधारणा को धरातल पर उतारने की कोशिश भी इसी प्रयास का नतीजा है। फसल विविधिकरण में परंपरागत खेतीबाड़ी के साथ सब्जियों की पैदावार को बढ़ाकर किसान अपने लिए नकदी फसलों से अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकते हैं। परियोजना की ओर से बिलासपुर के ओहर में आयोजित की गई शेप यानि समालहोल्डर हॉर्टिकल्चर एम्पावरमेंट एंड प्रमोशन विषय की कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने इस विषय पर क्षमता विकास के लिए उपस्थित परियोजना के प्रसार अधिकारियों का आह्वान किया कि वे किसान में खेतीबाड़ी के जरिए अपनी आर्थिकी बदलने की सरकारी योजनाओं को गंभीरता से अपनाने के लिए रुचि पैदा करें और किसान को हर मोर्चे पर समर्थन सहयोग करें। राजेश्वर ने कहा कि पूरी परियोजना में कुल 28 सब प्रोजेक्ट्स में जाइका के इस कांसेप्ट को किसानों के हित के लिए उतारने की तैयारी चल रही है। किसान खुद ही अपने आसपास के बाजार की संभावनाओं का परियोजना के ढांचे की मदद से सर्वेक्षण करेगा कि उसे क्या उगाना चाहिए, जिसे पैदावार के बाद तुरंत बाजार उपलब्ध हो। इसके लिए सीजन का भी अध्ययन होगा।





प्रमोशन विषय पर कार्यशाला को संबोधित करते राजेश्वर ठाकुर ।

### 16 और देशों में किया जाएगा शुरू

जाइका की ओर से इस कार्यक्रम को विश्व के कुल 30 देशों के किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए लंबे समय से चलाया जा रहा है और निकट भविष्य में इसे कुल 16 और देशों में शुरू किया जाएगा। इस मौके पर कार्यशाला में मौजूद प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. अनूप कतना ने आह्वान किया कि शेप विषय को जल्द समझकर इसे कार्यान्वित करने की दिशा में कदम बढ़ाएं। खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. देवेंद्र सांख्यायन ने बताया कि बिलासपुर में दो प्रोजेक्ट में शेप कार्यक्रम के तहत किसानों के लिए कार्य्रकम चलाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इससे किसानों के हित में बेहतर नतीजे आने वाले दिनों में आएंगे। इस अवसर पर बीपीएमयू ऊना डॉ. संजीव कुमार, बीपीएमयू हमीरपुर डॉ. जीत राम, एसएमएस एसपीएमयू हमीरपुर डॉ. यशुलता शर्मा, कृषि विशेषज्ञ तमन्ना आर्य समेत सभी खंडों के विपणन और कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बरमाणा में सुनी समस्याएं

## अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी कार्यों को पूरा करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बरमाणा में लोगों की समस्या सुनने पहुंचे। इस अवसर पर बरमाणा के लोगों ने एसडीएम सदर को अवगत करवाया कि गत एक वर्ष से आश्वासन देने के बाद भी फोरलेन बनाने वाली कंपनी प्रबंधन की ओर से किसी भी कार्य को धरातल पर नहीं उतारा है।

लोगों ने बताया कि कंपनी को अलसू चौक से लेकर बरमाणा फोरलेन जीरो प्वाइंट तक स्ट्रीट लाइट्स, फोरलेन पुल पर जाली, खतेड़ गांव को जाने वाले रास्ते पर जहां पर गाबर कंपनी ने फोरलेन रोड निर्माण करते समय 50 फीट ऊंची कटिंग कर दी थी और वह रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है, इसके अतिरिक्त खतेड़ गांव के दासंग का रास्ता निर्माण तथा रेलिंग लगाने का कार्य करना था। इस अवसर पर एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग ने गाबर कंपनी के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फोरलेन जीरो प्वाइंट पर चौक के त्रिकोण आकार को गोलाकार करे, ताकि बड़ी गाड़ियों को टर्न करने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने एनएचएआई को डंगा और चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने ट्रक यूनियन को लिंक रोड पर ट्रक पार्क न करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने एसीसी के अधिकारियों को आदेश दिए कि वह एसीसी बरमाणा चौक से लेकर फोरलेन जीरो चौक तक स्ट्रीट लाइट्स लगाएं तथा फोरलेन जीरो चौक पर वर्षा शालिका का निर्माण करें।



एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग अधिकारियों के साथ बरमाणा में लोगों की समस्या सुनते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदान केंद्र के सीमित दायरे में सशस्त्र प्रवेश पर प्रतिबंध

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिला ऊना में 25 फरवरी को पंचायती राज संस्थाओं के पदों के लिए होने वाले उप-चुनाव में मतदान केंद्र व सुरक्षा की दृष्टि से सीमित दायरे के भीतर तैनात सुरक्षा कर्मियों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के लिए सशस्त्र प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जाता है, तो वह दो वर्ष, कारावास अथवा जुर्माना या दोनों सजाओं से दंडनीय होगा।

### गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी विदाई पार्टी



दीप प्रज्वलित करते स्कूल प्रिंसिपल एवं स्टाफ सदस्य।

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के दस जमा दो के छात्रों के लिए स्थानीय पाठशाला के छात्रों ने विदाई पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल एवं स्टाफ ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रिंसिपल राजेश शर्मा ने बच्चों को जमा दो क्लास में अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने की प्रेरणा दी और खूब मेहनत से पढ़ाई करने के टिप्स भी दिए। मेडम चंद्रावती ठाकुर ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल ओमराज, लैक्चरर मनोज कालिया, राकेश कुमार, राजन शर्मा, अविन्दर जसवाल, अजय शर्मा, मुकेश कुमार, डीपीई राजीव ठाकुर सुरबाला, पूनम शर्मा दीपिका ठाकुर, दीक्षा कुमारी, बलराज ठाकुर चंद्रावती ठाकुर, राजीव कुमार, मीना कुमारी, मिनाक्षी कुमारी वीना कुमारी अमर पाल, शारदा देवी, अरुण कुमार, उर्मिला देवी आदि उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद फार्मासिस्ट 25 तक करवाएं पंजीकरण

**ऊना।** निदेशक आयुर्वेद हिमाचल प्रदेश द्वारा आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के पांच पदों के लिए बैचवाइज भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इन पांच पदों में एक पद अनारक्षित भूतपूर्व सैनिक, दो पद अनुसूचित जाति भूतपूर्व सैनिक, एक पद अनुसूचित जनजाति भूतपूर्व सैनिक तथा एक अन्य पिछड़ा वर्ग भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के लिए हैं। यह जानकारी देते जिला रोज़गार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि जिला ऊना के उक्त श्रेणी के लिए पात्र आयुर्वेद फार्मासिस्ट ने यदि अपना नाम जिला रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाया है, वह 25 फरवरी से पहले अपना नाम सम्बन्धित रोज़गार कार्यालय की सम्बन्धित वैवसाइट *https://eemis.hp.nic.in* में दर्ज करवा लें। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नम्बर 019752-26063 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

### थड़ा लडोली में मनाया जाएगा गुरु रविदास प्रकाशोत्सव

**अंब।** उपमंडल अम्ब के गांव थडा-लडोली वार्ड नं. 3 में 24 फरवरी को श्री गुरु रविदास महाराज जी का 647वां प्रकाशोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री गुरु रविदास सभा थड़ा लडोली के प्रधान राकेश कुमार, बलवंत सिंह, गुरनाम सिंह ने बताया कि 23 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और 24 फरवरी को विधिवत पूजा अर्चना के साथ पवित्र निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि इस समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### 19 से 21 फरवरी तक लगेंगे पीएम सम्मान निधि कैंप

**ऊना।** जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते बताया कि ज़िला ऊना में 19, 20 व 21 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ईकेवाईसी, लैंड मैपिंग का कार्य पटवार कार्यालयों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिनका ईकेवाईसी नहीं हो पाया है तथा जिन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हो रही है, वे सभी इन कैंपों में आकर अपना ईकेवाईसी तथा इससे संबंधित अन्य कार्य करवा सकते हैं।

### बजट में रोजगार का कोई जिक्र नहीं: अजय ठाकुर

**बंगाणा।** जिला भाजपा युवा मोर्चा के जिला महासचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय ठाकुर ने सुक्खू सरकार के बजट पर सवालिया निशान खड़े किए है। अजय ठाकुर



ने कहा कि बीते 14 माह पूर्व चुनावी समय में हर मंच पर कांग्रेस के बड़े नेता युवाओं को रोजगार देने की बड़ी-बड़ी बातें करते थे और हर वर्ष एक लाख युवाओं को रोजगार देने की गारंटी दे रहे थे लेकिन सीएम द्वारा पेश किए बजट में युवाओं को रोजगार देने की कोई बात ही नहीं है और न ही बजट में इसका कोई प्रावधान किया गया है। इसका मतलब साफ है कि सुक्खू सरकार युवाओं के साथ केवल छल-कपट की राजनीति कर रही है। ठाकुर ने कहा कि बीते एक वर्ष के राज्य के एक युवा को नोकरी नहीं मिली है, बल्कि राज्य की सुक्खू सरकार के चौदह माह में तीस हजार युवाओं का रोजगार सरकार ने छीना है। जो युवा आउटसोर्स पर लगे हैं उन्हें एक वर्ष से सैलरी नहीं मिली है। इस पर सुक्खू सरकार युवाओं के साथ चर्चा करें। अजय ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की बात करने बाली सुक्खू सरकार का राज्य में बेरोजगारी की संख्या 34 प्रतिशत से 74 प्रतिशत बढ़ाकर केवल राज्य के युवाओं को दर-दर की ठोकरें खाकर रोजगार के लिए भटकने पर मजबूर किया है। इसका खामियाजा सुक्खू सरकार लोकसभा चुनावों में भुकतने के लिए तैयार रहे।

### नंबरदारों का मानदेय बढ़ाने का फैसला स्वागत योग्य : अश्विनी

**गगरेट।** हिमाचल प्रदेश नम्बरदार कल्याण महासंघ ने नम्बरदारों का मानदेय पांच सौ रुपये बढ़ाने के प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। हिमाचल परदेश नम्बरदार कल्याण महासंघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्विनी ठाकुर ने कहा कि महासंघ ने मुख्यमंत्री के समक्ष मानदेय बढ़ाने की मांग की थी और मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रस्तुत किए गए बजट में नम्बरदारों का मानदेय पांच सौ बढ़ाने का ऐलान कर राजस्व विभाग व जनता के बीच की मजबूत कड़ी प्रदेश के सैकड़ों नम्बरदारों का दिल जीत लिया है। अअश्विनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रख इस बात के स्पष्ट संकेत दिए हैं कि प्रदेश में अब आम वर्ग के हितों की पैरवी करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि पहले हिमाचल प्रदेश में मानदेय पंजाब के फार्मूले के आधार पर बढ़ाए जाते थे लेकिन जिस प्रकार अब हिमाचल प्रदेश में नम्बरदारों को मानदेय पंजाब के नम्बरदारों से ज्यादा मिल रहा है इसके चलते अब पंजाब के नम्बरदार पंजाब सरकार से हिमाचल की तर्ज पर मानदेय प्रदान करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश नम्बरदार कल्याण महासंघ मुख्यमंत्री से मिलकर नम्बरदारों का मानदेय बढ़ाने पर उन्हें सम्मानित करेगा।

### स्कूलों में ईएलसी जागरूकता गतिविधियां आयोजित



चुनावी गतिविधियां सीखते बच्चे, साथ हैं गणमान्य।

**ऊना।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार ऊना जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी चुनावी साक्षरता क्लबों यानी इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (इएलसी) गठित किए गए हैं। इन संस्थानों में ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी के तहत शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहडाला व देहलां में चुनावी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब बहडाला स्कूल के बच्चों से मतदाता पंजीकरण से मतदान तक की पूरी प्रक्रिया को लेकर विभिन्न मतदान गतिविधियां आयोजित करवाई गईं। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई पूरी चुनावी प्रक्रिया की सराहना की। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर, नायब तहसीलदार अजय कुमार, प्रिंसिपल बहडाला हरीश जोशी व ईएलसी नोडल अधिकारी केहर सिंह, प्रिंसिपल देहलां राकेश कुमार व ईएलसी नोडल अधिकारी विजय कुमार उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स कोटे की भर्ती में फर्जी दस्तावेज पर नौकरी लेने पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रदेश के युवा सेवाएं एवं खेल विभाग की अधिसूचना पर वर्ष 2018 में हुई एक नियुक्ति विवादों में आ है है। महकमे की ओर से खेल कोटे में कुछ पदों पर भर्तियां निकली थीं। इनमें ऊना के जिला कल्याण अधिकारी ऑफिस में भी एक भर्ती लिपिक वर्ग में हुई थी। इस अनुबंध आधार पर भर्ती में चयन के बाद चयनित अभ्यर्थी को फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोप का सामना करना पड़ा। अब इस मामले में पुलिस ने कथित आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल पूछताछ जारी है। ऊना के साथ पड़ते बरनोह गांव के अभिषेक की शिकायत पर पुलिस एफआईआर दर्ज की है। इसमें कहा गया है कि आरोपी रमेश जो ऊना के साथ भढोलियां निवासी है ने इस नियुक्ति के लिए गलत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। इसमें उन्होंने को आयु प्रमाण पत्र लगाया है उसमें दो साल का अंतर है। जो पंचायती राज विभाग और स्कूल के रिकॉर्ड में है उसमें जन्मतिथि और विभाग में बताई गई जन्मतिथि में दो साल का अंतर है। ऐसे में गलत तरीके के आरोपी विभाग में चयनित होकर नौकरी कर रहा है। उधर इस मामले में आरोप झेल रहे रमेश का कहना है कि अदालत में उनका मामला विचाराधीन है। जब तक अदालत से कोई फैसला नहीं होता उनके खिलाफ कार्रवाई सही नहीं है। जिला पुलिस के एएसपी संजीव भाटिया का कहना है कि एफआईआर दर्ज हुई है और इसपर पूछताछ चल रही है।

**आरोपी ने कहा-मामला न्यायालय में विचाराधीन**

### कत्ल के एक मामले को लेकर पीर निगाह रोड का इलाका फिर सुर्खियों में

ऊना। शहर के पास पीर निगाह रोड का इलाका फिर कत्ल के एक मामले को लेकर सुर्खियों में आ गया है। इस रोड पर बसोली गांव के आस-पास अज्ञात कातिल एक महिला की हत्या को अंजाम देकर फरार हो गया है। इससे पहले भी इसी मार्ग पर ऐसी वारदात हो चुकी है। इस रास्ते को अधिकांश पंजाब और बाहरी राज्यों के लोग धार्मिक नगरी पीर निगाह जाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। गुरूवार अथवा रविवार को काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। एक दिन पहले ही यहां अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है और कत्ल इतने दर्दनाक तरीके से किया गया है कि प्रत्यक्षदर्शी भी सहमे उठे थे। बसोली में झाड़ियों में लाश को गांव के गोपाल नामक युवक ने देखा और उसने अपने पिता और पंचायत के माध्यम से खबर पुलिस तक पहुंचाई। महिला के शव के पास कुछ निजी कपड़े थे और घटनास्थल हादसे की बहशियत को दर्शा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर पहचान के लिए रखा है। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

## हिमाचल के 463 रन के जवाब में पुड्डुचेरी के 7 विकेट पर 170 रन

**पुड्डुचेरी पर मंडराया फॉलोआन का खतरा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

निखिल गंगटा के शतक, ऋषि धवन, मयंक डागर, मुकुल नेगी, प्रशांत चोपड़ा के अर्धशतकों से हिमाचल मजबूत स्थिति में है। रणजी ट्रॉफी के तहत हिमाचल का अंतिम मुकाबला पुड्डुचेरी के साथ शुक्रवार को शुरू हुआ। पांडिचेरी की टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था। हिमाचल की टीम ने पहली पारी 10 विकेट पर 463 रन बनाए थे। रवि ठाकुर ने 11 रन बनाए, प्रशांत चोपड़ा ने अर्धशतक लगाया, टीम के लिए 61 रन का योगदान दिया, कप्तान अंकित कलसी ने 21 रन बनाए, आकाश वशिष्ठ ने 35 रन बनाए, निखिल गैंगटा 108 रन बनाए, अपनी पारी में 9 चौके, दो सिक्सर लगाए। ऋषि धवन ने 54 रन बनाए तथा अपनी पारी में 8 चौके लगाए। प्रवीण ठाकुर ने 29 रन बनाए जबकि मुकुल नेगी 55 रन तथा अपनी पारी में दो चौके लगाए। टीम के मयंक डागर ने 52 रनों की पारी खेली और अपनी पारी में 8 चौके और एक सिक्सर लगाया। हिमाचल की पहली विकेट 18 रन पर, दूसरी विकेट 63 रन पर, तीसरी विकेट 118 रन, और चौथी विकेट 194 रन पर आउट हुई, पांचवीं विकेट 296, छठा विकेट 319, सातवां विकेट 362, आठवां विकेट 434 रन, नौवां विकेट और पूरी टीम 463 रन बना सकी।

पुड्डुचेरी के गौरव यादव, रोहित और पंकज यादव ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। सादिक सिंह ने 4 विकेट, पुड्डुचेरी ने अपनी पहली पारी में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट पर 170 रन बना लिए हैं।

आकाश करगे 98 रन बनाकर खेल रहे हैं, पीके डोगरा और पारस ने 17 रन बनाए। हिमाचल के वैभव अरोड़ा ने एक विकेट प्राप्त किया, मयंक डागर आकाश वशिष्ठ और गुरविंदर ने दो-दो विकेट प्राप्त किए।

## शानदार रहा वशिष्ट पब्लिक स्कूल का जेईई मेंस का परिणाम



वशिष्ट पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल का जेईई मेंस का परिणाम शानदार रहा, जिसमें ऋृत्विक सैनी ने 96.4, रिद्धि प्रभाकर ने 91, अयाना जसवाल ने 90 परसेंटाइल प्राप्त किए। यह बच्चे एनआईटी के कॉलेजों में प्रवेश के लिए और आईआईटी में एडमिशन के लिए होने वाली जेईई एडवांस परीक्षा के लिए योग्य हैं। इसके अलावा वशिष्ट पब्लिक स्कूल के 27 बच्चों ने जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की। ऐसा शानदार परिणाम सुनकर अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

उन्होंने इसका श्रेय स्टाफ, मैनेजमेंट तथा स्कूल के सौहार्दपूर्ण वातावरण को दिया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ठ ने कहा कि यह बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऐसे परिणाम देने के लिए हमेशा अग्रसर रहेगा। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों और शिक्षकों को बधाई दी।

## हरकत में आया प्रशासन, चिंतपूर्णी-तलवाड़ा बाईपास मार्ग पर लगे कूड़े के ढेर हटाए

### उपायुक्त बोले- गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई, एसडीएम अंब ने किया मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना/चिंतपूर्णी**

जिला ऊना के माँ चिंतपूर्णी तलवाड़ा बाईपास वाले मार्ग पर आज उपायुक्त ऊना के दिशा-निर्देश अनुसार एसडीएम अम्ब द्वारा स्वच्छ भारत मुहिम के तहत सफाई अभियान चलाया गया, जिसमे तमाम उन लोगों को राहत देने का प्रयास किया गया जो इस गंदगी के कारण नरकीय जीवन व्यतीत करने को मजबूर थे। आज जिला प्रशासन की ओर से चिंतपूर्णी के बाबा माई दास भवन के सामने तलवाड़ा बाईपास के रास्ते पर बिखरे कूड़े के ढेरों को उठवाया गया।

गौरतलब है कि इस मामले ने जब अखबारों में सुर्खियां बटोरी तो इसके ही परिणाम स्वरूप आज प्रशासन ने करवाई करते हुए उस



कूड़े के ढेरों को हटाते सफाई कर्मी।

तमाम रास्ते पर फैले कूड़े के ढेरों को उठवा दिया है। वहीं स्थानीय लोगों, नरेश, मुकेश, विजय गुरपाल, पवन कुमार, अनिल कुमार ने उपायुक्त ऊना व एसडीएम अम्ब विवेक महाजन का आभार व्यक्त किया है। वहीं इस सारे मामले पर बात करते हुए एसडीएम अम्ब ने कहा कि लोगों को भी कम से कम अपने आस-पास की जगह को साफ रखना चाहिए, ताकि बाकियों को परेशानी ना हो उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वो अपनी पंचायत के मुख्य रास्तों के साथ-साथ अन्य स्थानों की भी साफ सफाई सुनिश्चित करें। एसडीएम अम्ब ने कहा कि जो लोग गंदगी फैलाते हैं आने वाले दिनों पर उन पर निगाह रखी जाएगी और उन पर जुर्माना भी ठोका जाएगा। वहीं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि प्रशाशन हमेशा जनता की समस्याओं के लिए खड़ा है, लेकिन जनता को भी अपना फर्ज निभाना चाहिए।

## जिले में 25 फरवरी को होंगे पंचायत उपचुनाव : जिला निर्वाचन अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि विकास खंड अंब, हरोली व ऊना में पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत प्रधान तथा ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों हेतु उप चुनाव 25 फरवरी को करवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत उप चुनावों के लिए विकास खंड बंगाणा की ग्राम पंचायत तनोह के वार्ड नंबर 2 में रेखा देवी पत्नी निर्मल कुमार, विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत सलोह बैरी के वार्ड नंबर 1 में हरमीक सिंह पुत्र प्रदीप कुमार तथा विकास खंड हरोली की ग्राम पंचायत हरोली के वार्ड नंबर पांच में अजीत सिंह पुत्र महां सिंह व वार्ड नंबर 6 में संतोष कुमारी पुत्री जैमल सिंह का वार्ड सदस्य के रूप में 15 फरवरी को ही निर्विरोध चुने गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि विकास खंड अंब, हरोली तथा ऊना में शेष रिक्त पदों के लिए उप चुनाव 25 फरवरी 2024 को प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक मतदान होगा। प्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गणना 25 फरवरी 2024 को मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी तथा मतगणना पूर्ण होने के तुरंत पश्चात चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि पंचायत समिति से संबंधित सदस्यों की मतगणना 26 फरवरी 2024 को संबंधित विकास खंड मुख्यालय पर प्रातः 9 बजे आरंभ होकर पूर्ण होने तक जारी रहेगी, जिसके तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उपायुक्त ऊना ने बताया कि चुनाव से संबंधित पूरी प्रक्रिया 26 फरवरी 2024 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि विकास खंड अंब के अंतर्गत पंचायत समिति के वार्ड नंबर -15 कटौहड़ कलां (ग्राम पंचायत कटौहड़ कलां, कुठियाड़ी) तथा ग्राम पंचायत मंधोली के वार्ड 1 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए, विकास खंड हरोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंदपुर बुला में प्रधान पद के लिए, विकास खंड ऊना के अंतर्गत पंचायत समिति के वार्ड नंबर-1 पनोह (ग्राम पंचायत पनोह, तयूड़ी, बटूही) में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 25 फरवरी 2024 को उपचुनाव करवाया जाएगा।

### बच्चों ने रैली निकाल फैलाई लोगों में जागरूकता

## उम्र हो गई 18, वोट देना हक हमारा



मतदाता जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी, साथ हैं अध्यापक ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल में शनिवार को स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल की अध्यक्षता में एक दिवसीय मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली स्कूल परिसर से तलमेहडा मेन बाजार चौंक से होते हुए पंचायत घर से वापिस तलमेहडा स्कूल पहुंची, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं जिसमें स्काउट एवं गाइड, एन सी सी,एन एस एस स्वयंसेवियों सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस रैली में स्कूली छात्र छात्राओं ने हाथ में स्लोगन लेकर लोगों को जागरूक किया, जिसमें उम्र हो गई पुरी 18 वोट देना हक है हमारा, छोड़ो अपना सारा काम पहले करो मतदान, सहित अन्य स्लोगनों तथा नारों से जागरूक किया गया।

इस मौके पर स्कूल के प्रवक्ता अनिल, राजीव, सुनील संधु, संजीवना, ज्योति, कांता देवी, सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।


**खौफ** लोगों ने कैमरे में किया कैद, फॉरेस्ट विभाग से पकड़ने की मांग

## लहरूंह में दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत जसाना के गांव लखरूंह की सोलहसिंगी धार के मध्य एक पत्थर की शिला पर तेंदुए के बैठे होने के समाचार से गांव में दहशत का माहौल बन गया, क्योंकि जिस पत्थर की शिला पर तेंदुआ बैठा है, वहां से कुछ ही मीटर की दूरी पर लखरूंह गांव है और दर्जनों घरों में परिवारों के साथ पालतू पशु भी हैं।

वहीं, गांववासी भी पशुओं के लिए हरे चारे को लेने के लिए उक्त स्थान धार सोलह सिंगी जाते हैं अब तेंदुए के डर से लोग सहमे हुए हैं। बताते चलें कि धार के निचले स्थल पर एक बढ़ी पत्थर की शिला है और इस पत्थर की शिला के साथ बाबा बालक नाथ मंदिर भी है। जहा पर गांव के महात्मा बाबा तरसेम सिंह ने कई वर्षों तक तपस्या की थी और बहुत प्रसिद्ध मंदिर के रूप में उक्त पत्थर की शिला पर कभी मोर नाचते थे, इसलिए उक्त पत्थर की शिला मोरनढ़ के रूप में पहचानते हैं और इस



लोगों ने तेंदुए को अपने कैमरे में किया कैद।


शिला के साथ कुछ मीटर नीचे फॉरेस्ट विभाग द्वारा किसानों के पशुओं के हरे चारे के लिए बगीचा भी लगाया है, ताकि गांव वासियों को हरे चारे के लिए ज्यादा जंगल में न भटकना पड़े, लेकिन अब उक्त जगह पर तेंदुए के दर्शन होने पर गांव वासियों में दहशत का माहौल बन गया है।

बताते चलें कि उक्त जंगल में पैदल चलने के लिए भी जगह नहीं है और पूरा जंगल झाड़ियों से भरा हुआ है और अगर फॉरेस्ट विभाग चाहे भी तो भी उक्त तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा नहीं लगा सकता है, क्योंकि जंगल में पेड़-पौधे और झाड़ियां ही इतनी हैं कि कोई व्यक्ति आसानी से जंगल में नहीं जा सकता है।

ज्ञात रहे तीन दिन पूर्व दिन के तीन बजे उक्त गांव के साथ लगते अरलू खास में 14 वर्षीय किशोरी पर तेंदुए ने धावा बोल दिया था। अगर उस समय गाड़ी चालक नहीं आता, तो किशोरी तेंदुए का ग्रास बन जाती। अभी तक उन डर से जनता उठी नहीं थी कि शनिवार को एक बड़े तेंदुए के दर्शन हो गए हैं और जिन लोगो ने तेंदुए को देखा है, उनका कहना है कि उक्त शिला पर तेंदुआ आराम से धूप सेंकने का आनंद ले रहा था।

उन्होंने फॉरेस्ट विभाग से मांग की है कि उक्त तेंदुए को पकड़ने के लिए कोई प्रावधान करें ताकि उक्त गांव की जनता का डर खत्म हो। (अनंत ज्ञान)

## मतदान का महत्व और मतदान प्रक्रिया संबंधी किया जागरूक



मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

आज अटल बिहारी वाजपेई राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बंगाणा इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब व राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब व राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार थे। मंच का संचालन राजनीति विज्ञान की उप प्रधान इंदू ने किया। इस ग्रुप डिस्कशन का विषय मतदान जागरूकता में युवाओं की भूमिका था। ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता में 4 टीम ने भाग ली । इस ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विशाल सोनी, सपना और सबिता ने द्वितीय स्थान निखिल, बासु और तृतीय स्थान तीक्ष्ण, हेम लता और परीक्षा टीम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान को एक बड़ा त्योहार माना जाता है और सभी मतदाताओं को अपने विवेक के अनुसार मतदान करना चाहिए। इस दौरान इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंद्र नेगी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महाविद्यालय स्तर पर छात्रों को जागरूक करवाने के लिए विभिन्न तरह के गतिविधियां करवाई जा रहा हैं, ताकि समाज में मतदान के महत्व के बारे में लोगों को अवगत किया जाए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार, डॉ. बिनोद , प्रो. कृष्ण, प्रो. कमलेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### हीरोइनों के जैसे कपड़े सिलने के लिए लल्हू मास्टर को फिल्म देखने भेजती थी महिलाएं

# मुंबई से सीधा मंडी फिर शिमला-चंडीगढ़ पहुंचता था फैशन

**अनिल शर्मा, मंडी**

अनंत ज्ञान स्पैशल

वर्ष 2023 में दो महान हस्तियों विनोद बहल व डॉ. पवन वैद्य के प्रयासों से अस्तित्व में आई मंडी पीडिया पर अब तक 45224 से अधिक लोग विजिट कर चुके हैं। गौर हो कि मंडी पीडिया छोटी काशी मंडी की पौराणिक संस्कृति, रीति-रिवाज, खान-पान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी मुहैया करवा रहा है। अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र सप्ताह में एक बार मंडी पीडिया पर फ्लेश हो रही महत्वपूर्ण जानकारी को प्रबुद्ध पाठकों के बीच में रखेगा। विनोद बहल ने बताया कि यदि रियासतकालीन समाज व स्वतंत्रता के बाद देखें तो यह बात स्पष्ट हो जाएगी कि मंडी में कपड़ों के पहनावे, उनके चयन व डिजाइन और सलीके से पहनने का ढंग व अंदाज विशेषकर महिलाओं में हमेशा रहा है। महिलाओं को फैशन के प्रति यह दीवानगी पैदा करने वाले दो नाम प्रमुखता से सामने आते हैं पहला है लल्हू मास्टर, जो 1952 से भरवाई गांव से मंडी आ गए, इनका पूरा नाम अमरनाथ था। इनके बारे में यह बात प्रसिद्ध थी कि मंडी के एकमात्र सिनेमा हॉल कृष्णा टॉकीज में फिल्में देख कर



लल्हू मास्टर नेताओं के साथ। फाइल फोटो

हीरोइनों के फैशनेबल कपड़ों के डिजाइन के वस्त्र तैयार कर महिला ग्राहकों को देते थे। कहा तो यहां तक जाता है कि धनाढ्य वर्ग की महिलाओं की फैशन के प्रति इतनी दीवानगी थी कि लेटेस्ट डिजाइन के कपड़े बनवाने के लिए मास्टर को फिल्म देखने के लिए टिकट के पैसे स्वयं देती थी। (अनंत ज्ञान)

### भारत-पाक बंटवारे के समय मंडी आए थे जगीरू

मंडी में फैशन को लेकर अक्सर कहा जाता था कि मुंबई से फैशन सीधा मंडी फिर शिमला व चंडीगढ़ पहुंचता है। दूसरे नंबर पर आते हैं जगीरू टेलर जो महिलाओं के कपड़े सिलते थे, जगीरू भारत पाकिस्तान बंटवारे के समय किसी व्यक्ति के साथ मंडी आ गए थे। अपने काम में जगीरू भी बहुत माहिर थे और कपड़े सिलवाने के लिए इनकी दुकान पर महिलाओं का जमघट लगा रहता था।

### पुणे में काम सीख मंडी में दिखाए जौहर

तीसरे नंबर पर आता है लाहौरी टेलर जिसने पुरुषों के कपड़े सिलने में बहुत नाम कमाया, जिनकी दुकान बालकरूपी मंदिर के पास थी। लाहौरी टेलर का नाम सूरजमणी वैद्य था। इनके बेटे पवन ने बताया कि पहले पिताजी ने पुणे में दर्जी का काम सीखा तत्पश्चात शिमला आए और उसके बाद मंडी आकर कपड़े सिलने का काम शुरू किया। इनकी एक विशेष आदत थी कि आते जाते छोटे बच्चों को गुदगुदी करने के लिए अपने हाथ आगे करते थे तो बच्चे उसका बड़ा आनंद लेते थे। घर से दुकान व आते जाते किसी भी बच्चे को बिना गुदगुदी किए नहीं छोड़ते थे। हम भी उनकी इस आदत के शिकार कई बार हुए थे। वह कुतली मास्टर के नाम से लोकप्रिय थे।

# बाबा भूतनाथ ने चित्रगुप्त मिर्जापुर महाराज के रूप में दिए दर्शन

### 9वें दिन तक एक क्विंटल माखन से हुआ माखन रूपी श्रृंगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

छोटी काशी मंडी में महाशिवरात्रि की तैयारियां एक महीना पहले से ही शुरू हो जाती हैं। मान्यता है कि जैसे शादी की तैयारियां एक महीना पहले से ही शुरू कर दी जाती हैं उसी तरह छोटी काशी मंडी में भी तैयारियां की जाती हैं। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर में भगवान शिव के स्वयंभू शिवलिंग पर माखन रूपी श्रृंगार लगातार किया जा रहा है जिसमें तारारात्रि के पश्चात 9वें दिन भगवान चित्रगुप्त का स्वरूप उकेरा गया। यह मंदिर उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के बरिया घाट, गंगा तट के समीप है। मान्यता है कि तीनों लोकों में सभी का काम बटा हुआ है, पर उन सभी के कर्मों का पूरा हिसाब-किताब महाराज चित्रगुप्त ही रखते हैं। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि ब्रह्मा की काया से ही महाराज चित्रगुप्त की उत्पत्ति हुई है, इसी से कालांतर में कापस्थ जाति भी बनी। चित्रगुप्त मंदिर के प्रधान सचिव सुदामा की माने तो सृष्टि के संचालन के लिए ही भगवान ब्रह्मा से चित्रगुप्त का अवतरण हुआ था सभी जीवों के कर्मों का हिसाब चित्रगुप्त महाराज रखते हैं। वहीं 9वें दिन तक बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग पर करीब एक क्विंटल माखन चढ़ाया जा चुका है। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि सभी भक्त गण रोज माखन लाते है और रात्रि को माखन चढ़ाया जाता है।



चित्रगुप्त महाराज मिर्जापुर के रूप में बाबा भूतनाथ का माखन रूपी श्रृंगार।

## न्यूज ब्रीफ

### पानी की बाल्टी में डूबने से बच्चे की मौत

**सरकाघाट।** सरकाघाट में रह रहे प्रवासी विजय किशोर उर्फ बंटी का एक साल का बेटा गर्म पानी की बाल्टी में गिर जाने से मौत होने का समाचार है। मिली जानकारी के अनुसार प्रवासी विजय किशोर पुराने बस अड्डे पर फल आदि बेचता है। प्रतिदिन की तरह वे सुबह ही अपनी दुकान के लिए निकल गया और दो बच्चे स्कूल चले गए प ी अपने काम में जुट गई उसने अपने सोए हुए एक साल के बेटे को नहाने लिए पानी गर्म कर दिया और पानी की बाल्टी को बैड के पास रख दिया और कुछ काम लिए कमरे से बाहर निकली ही थी कि पीछे से उसका सोया हुआ बेटा उठ गया और नीचे रखी गर्म पानी की बाल्टी में गिर गया, जब मां अंदर आई तो देखा बेटा बाल्टी मे उल्टा पड़ा था। बेटे को अस्पताल ले गए जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुन लो भाई! आज बंद रहेगी बिजली

**मंडी।** 11 केवी समखेतर फीडर की 18 फरवरी को आवश्यक मरम्मत की जाएगी। इसके चलते 18 फरवरी को सुबह 10 से शाम चार बजे तक मोती बाजार, नेशनल स्ट्रीट, समखेतर, तुंगल कॉलोनी, टाउन हॉल, कोषागार कार्यालय, गोल पौड़ी, बालकरूपी, खत्री सभा व उसके साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल मंडी नरेश ठाकुर ने दी। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### निजी गाड़ी में सवारियां ढोने पर 10 हजार जुर्माना

**मंडी।** देवभूमि टैक्सी आपरेटर यूनियन पड्डल मंडी ने शनिवार को बस स्टैंड के पास यूनियन के पदाधिकारियों ने नाका लगाया हुआ था, जिसमें एक निजी गाड़ी द्वारा सवारियां ढोने पर 10 हजार रुपए का चालान किया गया। देवभूमि टैक्सी आपरेटर यूनियन ने यातायात प्रभारी एएसआई निशांत दबडा को सूचना दी। इस मौके पर अध्यक्ष पवन कुमार, प्रधान भूपेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा मौजूद थे।

### बजट में मजदूरों को ठगने की कोशिश

**सरकाघाट।** सीटू मंडी जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और महासचिव राजेश शर्मा ने विधानसभा में पेश किए गए बजट प्रस्ताव को मजदूरों व कर्मचारियों की आकांक्षाओं के खिलाफ बताया है। भारी महंगाई के दौर में मजदूरों की दिहाड़ी में मात्र 25 रुपए की बढ़ोतरी करना और लाखों मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम वेतन 400 रुपए भी न देना तथा पिछले साल की गई 28 रुपए की बढ़ोतरी को अभी तक जारी न करना और आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, आशा कर्मियों को भी न्यूनतम वेतन न देना इसका उदाहरण है।

### अवनी मिस, कार्तिकेय मिस्टर फेयरवेल बने



गुरुकुल स्कूल में फेयरवेल के दौरान चुने गए मिस व मिस्टर सामूहिक चित्र में।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के गुरुकुल स्कूल में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें प्लस टू क्लास को जूनियर स्टूडेंट्स ने फेयरवेल दी। विदाई समारोह का आरंभ तिलक लगा स्वागत करके किया, वहीं छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदाई समारोह में अवनी को मिस फेयरवेल तथा कार्तिकेय को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। इसके साथ ही संध्या को मिस पर्सनेलिटी तथा गीतानंद को मिस्टर पर्सनेलिटी चुना गया, वहीं प्लस टू क्लास की सुहानी को मिस नॉटी चुना गया। प्रधानाचार्य सतीश ठाकुर ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

### शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम जारी

**मंडी।** शनिवार को नगर निगम के स्वच्छता साथियों द्वारा शहर की सफाई के साथ-साथ छोटी काशी मंडी के मंदिरों की साफ-सफाई का जो शेड्यूल तैयार किया गया था उसके अनुसार वार्ड नंबर एक खलियार और वार्ड नंबर दो पुरानी मंडी के मंदिरों की साफ-सफाई एक मुहिम के साथ की गई। यह मुहिम आगे महाशिवरात्रि महोत्सव तक जारी रहेगी।

### रजत पदक लेकर लौटीं हिमाचल की खिलाड़ी

**मंडी।** गोवा में संपन्न हुई छठी राष्ट्रीय मास्टर खेलों में हिमाचल की महिला हॉकी टीम रजत पदक लेकर लौटी है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक लेकर लौटी महिला हॉकी टीम में मंडी की वंदना कुमारी भी है, जो ग्रामीण विकास विभाग के मंडी स्थित विकास खंड अधिकारी कार्यालय में सचिव के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया और सेमीफाइनल में केरल की टीम को 3.0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हिमाचल का मुकाबला महाराष्ट्र के साथ हुआ जिसमें उपविजेता रही और रजत पदक हासिल किया।

### नलवाड़ मेले में होंगी छह सांस्कृतिक संध्याएं

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर में 22 से 28 मार्च तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला तथा 13 से 17 अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले के आयोजन को लेकर एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम ने मेले की आय व्यय एवं अन्य प्रबंधों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुकेत नलवाड़ मेला और देवता मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नलवाड़ मेला किसान मेले के रूप में मनाया जाएगा और छह सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन जवाहर पार्क सुंदरनगर में किया जाएगा। जिनमें हिमाचल के बॉलीवुड कलाकार, पंजाबी कलाकार व हास्य कवियों की प्रस्तुतियां शामिल रहेगी। एसडीएम ने अधिकारियों को मेले में पधारने वाले देवी-देवताओं और देवलुओं को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### इस्तीफा वापस लें प्रकाश चौधरी: चमन

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि लोकसभा चुनाव से कांग्रेस ने नेताओं को संयम रखते हुए कोई ओछी बात नहीं करनी चाहिए, जिससे सांप्रदायिक पार्टी भाजपा को लाभ मिले। चमन राही ने कहा कि लोकसभा चुनाव जैसे संवेदनशील समय में और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं को देखते हुए प्रकाश चौधरी को अपना इस्तीफा वापस लेना चाहिए। चमन राही ने कहा कि भाजपा केवल मुद्दों को भुनाना चाहती है, लेकिन भाजपा सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में मंडी जिला से किसी भी दलित नेता को मंत्री पद या चेयरमैन पद से नहीं नवाजा था।

# महाशिवरात्रि की पहली जलेब नौ मार्च को

### डीसी अपूर्व देवगन ने अधिकारियों के साथ पड्डल मैदान के दौरे के दौरान दी जानकारी

- मेले को लेकर अधिकारियों से मौके पर ली फीडबैक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने अधिकारियों के साथ पड्डल मैदान का दौरा किया। पड्डल मैदान में उनके साथ एसपी मंडी साक्षी वर्मा, एडीसी रोहित राठौर, एडीएम डॉ. मदन कुमार, एसडीएम ओमकांत ठाकुर, नगर निगम आयुक्त एचएस राणा सहित जिला के आलाधिकारी और सर्व देवता कमेटी के प्रधान शिवपाल शर्मा और सदस्य साथ रहे। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेले की पहली जलेब नौ मार्च को निकाली जाएगी। मध्य जलेब 12 को तथा तीसरी व अंतिम जलेब 15 मार्च को निकलेगी। इनमें आकर्षक झांकियां भी शामिल होंगी।

उन्होंने अधिकारियों और सर्व देवता कमेटी के सदस्यों के साथ पड्डल मैदान का दौरा किया और मेले के आयोजन बारे फीडबैक ली। उन्होंने अधिकारियों द्वारा दी गई फीडबैक को लेकर एक-एक पहलू को ध्यान से देखा और आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने मेले में साफ-सफाई को लेकर भी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वल्लभ कॉलेज में निर्माणाधीन भवन के प्रांगण में पड़े अनावश्यक सामान को भी वहां से हटाने के निर्देश दिए, ताकि देवताओं के वहां विराजमान होने के लिए खुला स्थान उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधिकारियों को पड्डल मैदान में बन रही क्रिकेट पिच को लेकर भी जरूरी निर्देश दिए।



अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर पड्डल मैदान का निरीक्षण करते डीसी मंडी अपूर्व देवगन व अन्य अधिकारी।

# देवी-देवताओं की सुविधाओं में किया जाएगा इजाफा

- एडीएम डॉ. मदन कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक
- सभी देवी-देवताओं को भेजे मेले के निमंत्रण पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शिवरात्रि मेले में आने वाले देवी-देवताओं और उनके साथ आने वाले देवलुओं की सुविधाओं बारे आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित बनाने के लिए एडीएम डॉ. मदन कुमार की अध्यक्षता में सर्व देवता कमेटी के सदस्यों और मेला आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

एडीएम ने कहा कि मंडी का शिवरात्रि मेला देवताओं को समर्पित मेला है। मेले में आने वाले देवताओं और देवलुओं को दी जाने वाली सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाता है। उन्हें इस बार पहले से दी जाने वाली सुविधाओं में और इजाफा किया जाएगा। मदन कुमार ने बताया कि मेले में स्थापित परंपराओं का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित होगा। सभी देवताओं को मेले में पधारने के लिए विधिवत निमंत्रण पत्र भेजे जा चुके हैं। उन्होंने सर्व देवता कमेटी के सदस्यों से कहा कि मेले के दौरान अगर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो इसे अधिकारियों के ध्यान में लाएं। उसका समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सर्व देवता कमेटी के प्रधान पं. शिवपाल शर्मा, सदस्य बीसी सरोच, रेवती, काहन सिंह, राजु राम और दिगपाल सिंह, एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर, एसी मंडी केएस पटियाल, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते एडीएम डॉ. मदन कुमार।

### किसानों की मांगें माने केंद्र सरकार

**मंडी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने किसानों के प्रति हिंसक रवैया अपनाने के लिए केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की आलोचना की है। एनएसयूआई एमएलएसएम कॉलेज इकाई के अध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार को किसानों पर अत्याचार करने के बजाए जल्द उनकी मांगें माननी चाहिए और उन्हें तुरंत लागू करना चाहिए। अनित जसवाल ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के हजारों किसान अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन केंद्र व हरियाणा की सरकार उन्हें परेशान कर रही है। उन पर अत्याचार कर रही है, हरियाणा में सरकार की ओर से किसान नेताओं को नजरबंद किया जा रहा है।

### संधोल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 24 को

**संधोल।** प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पहला मौका आया है, जब स्थानीय विधायक के क्षेत्र में सरकार का कोई नुमाइंदा क्षेत्र की सुध लेने संधोल पहुंचेगा। जिला मंडी के उपमंडल धर्मपुर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत 24 फरवरी को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह संधोल में समस्याओं के समाधान का मंच सजेगा, जिसमें जन समस्याओं की सुनवाई सीपीएस संजय अवस्थी करेंगे। इस कार्यक्रम में संधोल तहसील के अंतर्गत समस्त पंचायतों के लोगों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप में सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल ओशिन शर्मा होंगी।

### चुनाव आचार संहिता लगते ही 24 घंटे के भीतर हटानी होगी प्रचार सामग्री

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को सरकारी भवनों से 24 घंटे के भीतर हटाना होगा। इसके अलावा निजी भवनों में लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को भी 72 घंटों के भीतर हटाना होगा।

एसडीएम शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से गठित आदर्श चुनाव आचार संहिता स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने आदर्श चुनाव आचार संहिता स्टैंडिंग कमेटी को निर्देश देते हुए कहा कि आचार संहिता लगते ही सभी सरकारी भवनों से 24 घंटे के भीतर तथा निजी भवनों से 72 घंटे के भीतर सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को हटाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रचार सामग्री में सभी प्रकार के बैनर, होर्डिंग, नारा लेखन, दीवार लेखन इत्यादि शामिल रहेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद केवल जिला निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी की अनुमति पर ही राजनीतिक दल प्रचार सामग्री को प्रदर्शित कर सकेंगे। बैठक में कमेटी के नोडल अधिकारी महेंद्र सिंह, ई. पीसी सूर्या, डॉ. रोशन लाल कौंडल, राजेश जसवाल, विपिन कुमार, लाल चंद, चुनाव सहायक मोहन सिंह तथा कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### ढेलू में दो महिलाएं ठगी का शिकार

**जोगिंद्रनगर।** शहर के साथ लगते ढेलू गांव में सोने की धुलाई कर गहने चमकाने के चक्कर में दो महिलाओं से ठगी होने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को घर पर ये दो महिलाएं मौजूद थी इस दौरान बाहरी राज्य के दो व्यक्ति दोपहर दो बजे उनके घर पर आए और बर्तन चमकाने व गहने चमकाने के लिए कहा। घर पर मौजूद महिलाएं इनके चक्कर में आ गई। उन्होंने अपने गहने उन्हें धोने के लिए दे दिए और कहा कि इन्हें तीन घंटे के बाद देखना। महिलाओं ने जब तीन घंटे के बाद उसे खोलकर देखना चाहा तो गहनों का वजन कम हो गया था। मामला पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में दर्ज करवाया गया पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# कुडणु से रोपी सड़क का भूमि पूजन

### प्रदेश कांग्रेस सचिव बोले- अधूरे कामों को किया जाएगा पूरा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने शनिवार को जोगिंद्रनगर उपमंडल की द्राहल पंचायत में कुडणु से रोपी सड़क का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दरकोटी गांव में उन्होंने कहा कि दरकोटी गांव उनका अपना गांव है और इस गांव में वह कई बार आ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यहां पर बहुत सारे कार्य अभी लंबित पड़े हुए हैं जिन्हें सरकार और विभाग के माध्यम से पूर्ण करने के लिए उनके द्वारा निरंतर प्रयास किए जाएंगे। कार्य पूर्ण करने के नाम पर नेताओं द्वारा आम जनता को केवल आश्वासन दिए गए हैं परंतु कार्य किया नहीं गया जिसके चलते विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में विकास कार्य लंबित पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई निधि नहीं मिलती जिसके अभाव में उनसे भी कार्य छूट सकते हैं परंतु क्षेत्र की जनता जोगिंद्रनगर के विधायक से पूछे कि जो 2.10 करोड़ रुपए की विधायक निधि उन्हें मिलती है उसको उनके द्वारा कहां पर खर्चा गया।



द्राहल पंचायत में कुडणु से रोपी सड़क के भूमि पूजन के दौरान मौजूद जीवन ठाकुर व लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक।

## समस्या सरकाघाट प्राइमरी स्कूल के छात्रों को हो रही परेशानी

# सीवरेज का चैंबर लीक, स्कूल मैदान में पहुंची गंदगी

- जल शक्ति विभाग और एनएच प्रबंधन एक -दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जल शक्ति विभाग द्वारा बिछाई गई सीवरेज लाइन का एक चैंबर राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरकाघाट के खेल मैदान में पिछले एक वर्ष से लीक हो रहा है जिससे यह खेल मैदान खुले में बह रही सीवरेज की गंदगी से भरा रहता है। यहां प्राइमरी स्कूल के सभी बच्चे प्रात: कालीन सभा करते है और दिन को खेलते भी हैं।

इस गंदगी के चलते उनके बीमार होने की संभावना बढ़ गई है। यहां फैली हुई गंदगी और बदबू साथ लगते मिड-डे मील के किचन, बीआरसी ऑफिस और कक्षा में बैठे बच्चों व अध्यापकों को भी प्रभावित करती है। बह रही गंदगी और बदबू का सभी के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। स्कूल की ओर से जल शक्ति विभाग को कई बार समस्या के समाधान को लेकर गुहार लगाई गई , लेकिन वे हर बार एनएच प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते है। जब एनएच प्रबंधन को समस्या से अवगत करवाया जाता है तो वे जलशक्ति विभाग को दोष देते है। जबकि दो पाटो के बीच पिस रहे स्कूली बच्चे स्टाफ सहित 200 लोगों का स्वास्थ्य दांव पर है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्यों सहित स्कूल हेड टीचर ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि अति शीघ्र सीवरेज चैंबर की मरम्मत की जाए ताकि सभी का स्वास्थ्य ठीक रहे।

उधर, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता ई. विवेक हाजरी ने बताया कि सीवरेज का सबसे ज्यादा नुकसान एनएच निर्माण के चलते हुआ है। चैंबर भी उनकी ही लापरवाही से लीक हो रहा है। एनएच प्रबंधन को इस चैंबर को ठीक करने के लिए कई पत्र लिख कर भेजे जा चुके है।



स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा हुई सीवरेज की गंदगी।

# करसोग से अयोध्या के लिए पैदल निकला रामभक्त

**पीयूष शर्मा, करसोग**

अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने पर हर भक्त उनके दर्शनों को पहुंच रहा है। इसी क्रम में करसोग के चिंडी गांव से एक राम भक्त पैदल ही अयोध्या के लिए निकल चुके हैं। यह राम भक्त करसोग और शिमला जिले के रास्ते से करीब 1300 किमी की यात्रा कर अयोध्या पहुंचेंगे। 14 फरवरी की सुबह चिंडी गांव के ललित श्री चिंडी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद जय श्रीराम के नारे लगाते हुए पैदल अयोध्या की ओर रवाना हुए। वह अपने साथ मामूली से गमछे और चादर आदि साथ लेकर अयोध्या के लिए निकले हैं। वहीं शिमला पहुंचने पर ललित कुमार ने बताया कि राम भक्तों के लिए धरती बिस्तर और खुला आसमान चादर है। श्रीराम की कृपा से वह अयोध्या पहुंच जाएंगे और श्रीराम लला का दर्शन करेंगे। ललित ने बताया की रोजाना 50 किमी पैदल यात्रा करते हुए दो सप्ताह तक अयोध्या पहुंच जाएंगे। पैदल यात्रा करने का उद्देश्य यह है कि यात्रा के दौरान हजारों लोगों से उनका संपर्क होगा, जिन्हें वह सनातन धर्म की रक्षा, श्रीराम मंदिर निर्माण और स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश साझा कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

